सुविचार
वीर कभी बड़े मौकों का इंतजार नहीं करते, छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं।
सरदार पूर्णसिंह

# Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Tuesday, 20 February 2024 ● Year : 01 ● Issue : 34 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com




महिलाओं को सिर्फ ग्लैमर तक...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,708.16 |
| निफ्टी | : | 22,122.25 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,905 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

## BRIEF NEWS

### लोकपाल केस में शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

**RANCHI :** दिल्ली हाईकोर्ट के एकल पीठ (सिंगल बेंच) आदेश के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की है। अपनी याचिका के माध्यम से शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने लोकपाल में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने से इंकार करते हुए शिबू सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। उम्मीद की जा रही है कि इस याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ मंगलवार को सुनवाई करेगी। बता दें कि राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी थी।

### कमलनाथ बोले- भाजपा में नहीं जा रहा

**NEW DELHI :** एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर सोमवार दोपहर में ब्रेक लग गया। सोमवार को कमलनाथ के साथ बैठक के बाद पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा- कमलनाथ जी कह रहे हैं कि कोई कहीं नहीं जाने वाला। जिन लोगों ने कांग्रेस को वट वृक्ष बनाया है, वो कैसे छोड़ सकते हैं। कमलनाथ के करीबियों ने दैनिक भास्कर को बताया कि उन्होंने मीडिया से बात करने के लिए पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को अधिकृत किया है। सज्जन वर्मा ने कहा कि कमलनाथ की राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात हुई है। छिंदवाड़ा से कांग्रेस के टिकट पर नकुलनाथ चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने बंगले पर बैठक की, जिसमें मध्य प्रदेश के विधायक, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

### सेंसेक्स 72,708 के पार रिकार्ड हाई पर पहुंचा निफ्टी

**NEW DELHI :** भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के साथ बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी ने नया रिकार्ड बनाया। पिछले रिकॉर्ड के 11 सत्रों के बाद, निफ्टी 22,165 अंक के पार निकल गया। हालांकि, शेयर बाजार बंद होने तक सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत यानी 281.52 अंकों की तेजी के साथ 72,708.16 पर बंद हुआ। जबकि, निफ्टी 0.34 प्रतिशत यानी 75.55 अंक चढ़कर 22,116.25 पर क्लोज हुआ। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। जबकि, 12 कंपनियों के साथ लाल निशान देखने को मिला।

# तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का आगाज
# CM बोले- हर परिवार में जलेगा शिक्षा का दीप
## खनिज संपदा का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोग ले रहे, मूलवासी को उसका लाभ दिलाएंगे

**PHOTON NEWS CHATRA :** चतरा जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन किया। चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारे प्रदेश की खनिज संपदा का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोग ले रहे हैं। आधुनिक युग में झारखंड को भी विकास की ओर ले जाना है। यहां के मूलवासी को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। हमारे राज्य में कोई भी परिवार भवनहीन नहीं रहेगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा। सभी को शिक्षा देंगे। पैसे के अभाव में किसी की पढ़ाई नहीं रुकेगी। हर परिवार में शिक्षा का दीप जलेगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि समाज के अंदर सबसे ज्यादा देवी मां की ही पूजा-अर्चना की जाती है। संसार में मां का अलग और महत्वपूर्ण स्थान है। चाहे वो भगवान रूपी देवी मां हो या मनुष्य को जन्म देने वाली मां हो, मां सदैव पूजनीय एवं वंदनीय होती हैं। इसी प्रकार मां भद्रकाली के पूजन से हम सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने चतरा जिला के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख समृद्धि एवं उन्नति की कामना की है। तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर मैं पूरे राज्यवासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान देगी। मिट्टी के कच्चे घरों या झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को प्राथमिकता के तौर पर हम पक्का मकान देने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। इस आधुनिक युग में देश और दुनिया जब इतनी रफ्तार से विकास कर रहा है तब हम झारखंड को किसी भी हाल में पीछे नही रहने देंगे।

- मुख्यमंत्री ने भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर राजकीय इटखोरी महोत्सव का किया उद्घाटन
- वर्ष 2027 तक 20 लाख आवासविहीन परिवारों को देंगे पक्का मकान
- हमारे राज्य में कोई भी परिवार भवनहीन नहीं रहेगा, अपना पक्का मकान होगा



तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करते सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य।

### पैसा नहीं बनेगी बाधा, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना से करेंगे मदद : चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। हेमन्त सोरेन ने इन सभी वर्गों के बच्चों-बच्चों के लिए शिक्षा का जो 'दीया' जलाने का कार्य कर दिखाया है, उसे कभी बुझने नहीं दिया जाएगा। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है। शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा। सोरेन ने कहा कि झारखंड हमेशा से खनिज संपदाओं वाला राज्य माना जाता है लेकिन विडंबना है कि हमारी खनिज संपदाओं का सबसे ज्यादा लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने लिया है। हमारी सरकार हर हाल में इस स्थिति को बदलेगी। यहां के मूलवासी और आदिवासी समाज को हम सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने पर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच को आगे बढ़ते हुए राज्य को हर क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जाना है।

### धार्मिक स्थलों को संरक्षित करना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले से ही यह तय कर रखा है कि राज्य के भीतर सभी धर्म-समुदायों के धार्मिक स्थलों को संरक्षित किया जाएगा। हमारी सरकार शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी वर्ग समुदायों के धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण कार्य करते हुए संरक्षित करने का काम कर रही है। आज राजकीय इटखोरी महोत्सव में विभिन्न वर्ग-समुदायों के धर्मगुरु भी यहां उपस्थित हैं। किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों के धार्मिक आस्था पर कोई ठेस न पहुंचे इसके लिए हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। आने वाले समय में इटखोरी एक जाना-पहचाना धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## अबुआ आवास योजना के लाभुकों के अकाउंट में भेजे 84.88 करोड़ रुपये



**HAZARIBAGH :** हजारीबाग में अबुआ आवास योजना कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिले के 28 हजार 295 लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपा। बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य तभी आगे बढ़ेगा, जब यहां के लोग आगे बढ़ेंगे। इसी सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि वर्ष 2027 तक झारखंड के सभी जरूरतमंद लोगों के पास अपना पक्का मकान होगा। हेमंत सोरेन के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री बने चंपाई सोरेन ने यह भी कहा कि राज्य के हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान देने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन देने में विश्वास नहीं करती। हम काम करने में विश्वास करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार हर व्यक्ति, परिवार और समुदाय को सम्मान दे रही है।

- हजारीबाग में बोले सीएम चंपाई सोरेन- व्यवस्था को बना रहे मजबूत
- हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## नाराज कांग्रेस विधायकों को आलाकमान नहीं दे रहे भाव
### बैकफुट पर आने को विवश, आज मीटिंग संभव


प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ बैठक करते कांग्रेस विधायक।

**PHOTON NEWS RANCHI :** करीब 48 घंटे से दिल्ली में अपनी मांग को लेकर जमे नाराज कांग्रेसी विधायकों को आलाकमान भाव नहीं दे रहे है। इस कारण विधायक अब बैकफुट पर आने को विवश हैं। एक विधायक ने दावा किया कि वे लोग कल 20 फरवरी को आलाकमान के साथ फूल एंड फाइनल बातचीत करके ही लौटेंगे। विधायकों का बॉडी लैंग्वेज भी अब समझौते के मूड में दिख रहा है। मालूम हो कि कांग्रेस के आठ विधायक पुराने मंत्रियों को रिपिट करने के विरोध में दिल्ली गए। यहां तक इन्होंने एलान किया है कि अगर मंत्री को नहीं बदला गया तो वे लोग बजट सत्र में सदन नहीं जाएंगे। दिल्ली पहुंचने के बाद अब तक केवल विधायकों की बात प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर से हुई है। सोमवार को पूरा दिन और देर शाम हो जाने के बाद अब तक आलाकमान के किसी भी अधिकृत नेता से विधायकों की मुलाकात नहीं हो पायी है।

### संदेशखाली मणिपुर नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली मामले में दायर याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि संदेशखाली मणिपुर नहीं है। मामले पर हाईकोर्ट ने स्यू मोटो (स्वत: संज्ञान) लिया है। वे ही इस पर ऑर्डर देंगे। याचिका पीड़ित महिलाओं की तरफ से एक वकील ने दायर की थी। संदेशखाली में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। अब कुछ महिलाओं ने मीडिया से कहा- यहां रहना खतरनाक है। राज्य की मुख्यमंत्री महिला हैं, उन्हें हमारी आवाज उठानी चाहिए, लेकिन वे हमलावरों की आवाज उठा रही हैं। वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्रमुख रेखा शर्मा सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने कहा- पिछले हफ्ते ही एनसीडब्ल्यू के दो लोग इस इलाके का दौरा करने आए थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभल में कल्किधाम मंदिर का शिलान्यास
# आज सुदामा कृष्ण को पोटली में कुछ देते तो उन पर भी भ्रष्टाचार का केस हो जाता : पीएम

**AGENCY SAMBHAL :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को संभल के दौरे पर थे। यहां उन्होंने कल्किधाम मंदिर का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष भी मौजूद रहे। मोदी ने कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कृष्णम की कई बार तारीफ की। अयोध्या के राम मंदिर, यूएई के मंदिर, भारत की दुनिया में बढ़ती साख और सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रमोद कृष्णम ने पीएम से कहा कि आपको भावनाओं के अलावा क्या दे सकता हूं। मोदी ने कहा कि अच्छा है कि आपने भावनाएं दीं। अगर आज सुदामा भगवान कृष्ण को पोटली देते तो इसका वीडियो बन जाता, इस पर भ्रष्टाचार का केस हो जाता।

- अब हम फॉलो नहीं कर रहे, एग्जाम्पल सेट कर रहे हैं
- हम भविष्य के लिए तैयार रहने वाले लोग हैं
- नए कालचक्र की शुरूआत हो चुकी है
- विरासत के मंत्र को आत्मसात किया


कल्किधाम मंदिर का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भारत के सपने को पूरा होते देखेंगे

मोदी ने कहा कि 25 साल के कर्तव्य काल में परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। हर प्रयास, हर काम से राष्ट्र को क्या लाभ होगा, ये प्रश्न हमारे मन में सबसे पहले आना चाहिए। यही प्रश्न सामूहिक चुनौतियों के समाधान देगा। कल्कि आशीर्वाद से संकल्पों की ये यात्रा समय से पहले सिद्धि तक पहुंचेगी। सशक्त और समर्थ भारत के सपने को शत-प्रतिशत पूरा होता देखेंगे। मोदी ने कहा कि गरीब की सेवा का भाव समाज को नर में नारायण की प्रेरणा देने वाले आध्यात्मिक मूल्यों से मिली है।

### कामों के विस्तार को देखिए : मोदी

मोदी ने कहा- 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर, 11 करोड़ परिवारों को शौचालय यानी इज्जतघर, ढाई करोड़ परिवारों को बिजली, 10 करोड़ परिवारों को पानी कनेक्शन, 80 करोड़ को मुफ्त राशन, 10 करोड़ महिलाओं को सब्सिडाइज्ड सिलेंडर, 50 करोड़ को आयुष्मान कार्ड, 10 करोड़ किसानों को सम्माननिधि, कोरोना काल में मुफ्त वैक्सीन, स्वच्छ भारत अभियान। आज पूरी दुनिया इनकी प्रशंसा कर रही है। सरकार के इन प्रयासों से देशवासियों का सामर्थ्य जुड़ गया है।

## वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम सिंगापुर एयर शो के लिए पूरी तरह तैयार
# सिंगापुर एयर शो में भारतीय वायुसेना बिखेरेंगे जलवा

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने 12 फरवरी को सिंगापुर पहुंचने के बाद रविवार को पहला अभ्यास प्रदर्शन किया। यह टीम सिंगापुर गणराज्य वायु सेना (आरएसएएफ) के चांगी एयरबेस से काम कर रही है। सिंगापुर एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें शामिल होंगी। एयर शो में प्रमुख हेलीकॉप्टर उत्पादक कंपनियां एवं ऑपरेटर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। विंग कमांडर आशीष मोघे ने सोमवार को बताया कि सारंग टीम इस वर्ष सिंगापुर एयर शो में दर्शकों के लिए चार हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन कर रही है। इस डिस्प्ले को एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव की दक्षता और बहु उपयोगिता के साथ-साथ इन्हें उड़ाने वाले भारतीय वायुसेना पायलटों के उच्च स्तर के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर और इसके उन्नत संस्करण भारत की सभी सैन्य सेवाओं में संचालित किए जाते हैं। इस प्लेटफॉर्म का सफल इंडक्शन और परिचालन उपयोग रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शानदार सफलता की गाथाओं में से एक है।

- एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें होंगी शामिल
- डिस्प्ले टीम ने सिंगापुर के चांगी एयरबेस पर पहला अभ्यास प्रदर्शन किया



### एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का करेगी प्रदर्शन

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ध्रुव) का निर्माण किया है, जिसे सारंग टीम संचालित करती है। हालांकि, सारंग टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 2004 में चांगी प्रदर्शनी केंद्र एशियाई एयरोस्पेस एयर शो के लिए सिंगापुर में हुआ था लेकिन यह हेलीकॉप्टर पहली बार सिंगापुर एयरशो में शामिल हो रहा है। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर पहुंच चुकी है। भारतीय वायुसेना के हेवी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर-3 से सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम को सिंगापुर ले जाया गया है। वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का गठन 2003 में किया गया था। शुरूआत में तीन हेलीकॉप्टर फॉर्मेशन के रूप में गठित और विकसित हुई सारंग टीम अब एक रोमांचक पांच हेलीकॉप्टर प्रदर्शन का दावा करती है। अब तक यह टीम दुनिया भर में 385 से अधिक स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। यह टीम चार संशोधित ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाती है, जिन्हें उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-1 के नाम से भी जाना जाता है।

### ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**NEW DELHI :** शराब घोटाले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को भी एऊ के सामने पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ईडी के समन गैरकानूनी हैं। जब समन की वैधता को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है, तो बार-बार समन भेजने की जगह एजेंसी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। एजेंसी ने 17 फरवरी को छठा समन भेजकर केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पहले जांच एजेंसी केजरीवाल को 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज चुकी थी। जब पांच समन के बाद भी दिल्ली सीएम पूछताछ के लिए नहीं आए तो ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका लगाई थी। 14 फरवरी को कोर्ट ने केजरीवाल से कहा था कि आप 17 फरवरी को अदालत में हाजिर होकर पेशी में न जाने की वजह बताएं। तब केजरीवाल दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बजट सेशन के कारण वर्चुअली कोर्ट में पेश हुए थे।

## भारत-इंग्लैंड की टीमें आज पहुंचेंगी रांची, 23 से मुकाबला
### 21- 22 को जेएससीए में करेंगे नेट प्रैक्टिस

**PHOTON NEWS RANCHI :** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी टेस्ट मैच सीरीज का चौथा मैच रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में 23 फरवरी से खेला जाना है। इसके लिए मंगलवार को दोनों देशों की क्रिकेट टीमें रांची पहुंचेंगी। ऐसे में 20 फरवरी से अगले आठ दिनों तक यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों का जमावड़ा दिखेगा। दोनों टीमें बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में दोपहर के बाद आएंगी। एयरपोर्ट से खिलाड़ी अलग-अलग बस में सवार होकर सुरक्षा के बीच होटल रेडिसन ब्लू पहुंचेंगे। 21- 22 को दोनों टीमें जेएससीए में नेट प्रैक्टिस करेंगी। इसके बाद जेएससीए स्टेडियम में भारत-इंग्लैड की टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से खेलेगी। फिलहाल, पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत दो-एक से मुकाबला में आगे हैं। भारतीय टीम सीरीज जीतने के लिए यहीं प्रयास करेगी जबकि इंग्लैंड की टीम मुकाबला बराबरी पर रखने की कोशिश करेगी। 28 फरवरी को दोनों टीमें रांची से धर्मशाला के लिए रवाना हो जाएंगी, जहां आखिरी टेस्ट मैच 7-11 मार्च को खेला जाना है।



# मुंहबोले चाचा ने नशा कराकर भतीजी के साथ किया दुष्कर्म

## परिजनों ने रामगढ़ थाने में दर्ज कराई शिकायत, आरोपी फरार

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ में मुंह बोले चाचा ने ऐसी हरकत दिखाई की पूरा समाज शर्मसार हो गया। उसने अपनी दोस्त की बेटी को नशा खिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मदहोशी की हालत में उस व्यक्ति ने नाबालिक बच्ची की अश्लील तस्वीरें भी खींची। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता के परिजनों ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई।




**मां बाप थे गैरहाजिर, छह महीने से चक्कर लगा रहा था आरोपी :** पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि मांडू थाना क्षेत्र के भरेचनगर बोंगावार के नायक टोला निवासी विजय राम उर्फ विजय नायक (42) का उनके परिवार से अच्छे तालुक थे। उनके दोनों बच्चे विजय राम को चाचा कह कर बुलाते थे। पिछले 6 महीने से जब पीड़िता के माता-पिता घर में नहीं थे तब वह लगातार उनके घर का चक्कर लगा रहा था। इसी दौरान उसने उनकी 17 वर्षीय बेटी को नशा खिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान उसने अश्लील तस्वीरें खींची। सात फरवरी को जब उनके 10 वर्षीय बेटे ने विजय राम को बहन के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो इसकी खबर अपने मां-बाप को दी। पीड़िता के परिवार वाले जब विजय राम के घर पहुंचे तो वह वहां से फरार हो गया।

### पीड़िता को मिली जान से मारने की धमकी

पीड़िता को आरोपी विजय राम ने जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस को यह बताया गया कि जब परिवार वालों ने सामाजिक तौर पर इस मुद्दे को उठाया तो विजय राम ने उनकी बेटी को फोन किया और कहा कि अपने मां-बाप को उछलने से रोको। अगर वे इस मुद्दे को ज्यादा बढ़ाएंगे तो तुम्हारी अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। अगर तब भी वे लोग नहीं माने तो पूरे परिवार को जान से मरवा देंगे।

# पांच मंदिरों में चोरी करने वाला निकला बजरंग दल का नेता, पुलिस ने भेजा जेल

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची के नगड़ी थानां क्षेत्र में सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान आपत्तिजनक गाना और फिर पत्थरबाजी के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी। आलम ये था कि इलाके में प्रसाशन को धारा 144 के तहत निषेदज्ञा लागू की गई थी।

वहीं इसी बीच नगड़ी थाना क्षेत्र में एक साथ 5 मंदिरों में चोरी की घटनां हुई और माहौल और बिगड़ता चला गया। मंदिर में हुई इस चोरी ने जलते नगड़ी में घी डालने का काम किया और एक बार फिर माहौल बिगाड़ने लगा। मंदिर में हुई स्टोरी की घटना ने पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती पेश की मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित की गई और फिर पुलिस ने अपनी तफ्तीश शुरू कर दी



जांच जब आगे बड़ी तो पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी जब विनीत नाम के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसने एक साथ पांच मंदिरों में चोरी की घटनां को अंजाम दिया। जब उससे पूछता हुई तो पुलिस चौक गई क्योंकि जिस शख्स ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था वह कोई चोर नहीं था बल्कि उसका ही मामा जो की बजरंग दल का नेता था, उसने चोरी कराने के बाद माहौल को तनावपूर्ण रहने देने की साजिश रची थी। बजरंग दल का वह नेता चाहता था कि नगड़ी का सौहार्द बिगड़ा ही रहे इसीलिए इसकी साजिश रची गयी थी मामले में त्वरित करवाई करते हुए पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और बजरंग दल के आरोपी नेता विक्की और उसके भांजे विनीत को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया।

BRIEF NEWS

## हजारीबाग में आनन्द कुमार बने उपनिदेशक जनसंपर्क पदाधिकारी



**HAZARIBAGH :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के 14वें उपनिदेशक के रूप में आनंद कुमार ने सोमवार को योगदान किया। इस अवसर पर कार्यालय के सदस्यों में अनुभा कुमारी, संजय कुमार सिंहा एवं स्नेह कुमार ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उपनिदेशक आनंद ने कहा कि सरकार की हर जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य रहेगा। उन्होंने उपस्थित कार्यालय कर्मियों से प्रमंडलीय विकास के कार्यों में सभी से सहयोग करने व आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की अपील की।

## अबुआ आवास के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**HAZARIBAGH :** जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात कर अबुआ आवास योजना में अल्पसंख्यक लाभार्थी के संख्या में बढ़ोतरी करने के लिए ज्ञापन सौंपा है। साजिद अली खान ने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड सरकार ने गरीब एवं असहाय लोगों के लिए एक क्रांतिकारी योजना राज्यवासियों को दिया है लेकिन दुर्भाग्यवश इस योजना का लाभ हजारीबाग जिले के कई अल्पसंख्यक वंचित हैं। प्रत्येक पंचायत में मात्र 5 से 10 को अल्पसंख्यकों इस योजना का लाभ मिल रहा है। अल्पसंख्यक बहुल पंचायत में भी संख्या में बढ़ोतरी नहीं की गई है।

## एससी-एसटी मुआवजा के लिए 16 मामलों पर हुई चर्चा

**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम संबंधी प्राप्त मामलों में मुआवजा के लिए बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में कुल 16 मामलों पर चर्चा हुई और निर्णय लिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## लोहरदगा में चार आवेदकों को मिला वन पट्टा


**LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वनाधिकार पट्टा संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित 13 व्यक्तिगत और 04 सामुदायिक पट्टा के लिए प्राप्त आवेदन की समीक्षा गई। सामुदायिक वन पट्टा के लिए चार आवेदनों को जिला स्तरीय समिति से सर्वसम्मति से पारित किया गया। अनुमण्डल स्तरीय समिति से पारित कुछ आवेदनों को पुनः जांच कर जिला स्तरीय समिति में प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुजाता कुजूर, एसडीओ अमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो में ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**BOKARO :** जिले में अर्द्धसैनिक बल के ऑफिसर का बॉडीगार्ड बताकर 20 हजार ठगी के आरोपी को हीरापुर पश्चिम वर्द्धमान से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से विभिन्न अर्द्धसैनिक बलों के वर्दी के साथ टोपी, बेल्ट, कुछ मोबाईल तथा नकदी बरामद किया गया है। सेक्टर 12 थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने यह जानकारी दी। इस मामले में बारी कोऑपरेटिव के सब्जी विक्रेता अरुण कुमार प्रसाद के 11 जनवरी को दिए आवेदन के आधार पर सेक्टर- 12 थाना कांड संख्या धारा- 420 भादवि मामला दर्ज हुआ है।

# जेजेएमपी ने की पोस्टरबाजी फौजी कार्रवाई की दी चेतावनी

**PHOTON NEWS PALAMU :** उग्रवादी संगठन जेजेएमपी (झारखंड जन्म मुक्ति परिषद) द्वारा पलामू जिले के पांकी प्रखंड क्षेत्र के कई इलाकों में लेवी को लेकर पोस्टरबाजी की गई है। पांकी प्रखंड के आसेहार, होटाई, कमार्टांड़, रतनपुर समेत दर्जनों जगहों पर हस्तलिखित पोस्टर दीवार, दरवाजे सहित अन्य जगहों पर चिपकाए गए हैं। पोस्टर के माध्यम से नलजल, धूमकुडिया, सड़क, डोभा, टीसीबी, बाउंड्री आदि छोटे छोटे निर्माण कार्य के ठेकेदारों को सब जोनल कमांडर रोहित जी से संपर्क करने के लिए कहा गया है। संपर्क नहीं करने पर फौजी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।


झारखण्ड जनमुक्ति परिषद
झारखण्ड

उग्रवादियों की ओर से कई लोगों के नाम उल्लेख करते हुए जल्द संपर्क करने के लिए कहा गया है। पोस्टर में कहा गया है कि बनई के राधाडीह में जो हाल किए थे, इसी तरह का हश्र होगा। पोस्टर में सुदामा साव, संजय राम, भावरदह के आलाबुखान, कामता यादव, प्रकाश सिंह और बनई, होटाई, आसेहार, डेमो, महुंगाई, हूरलौंग, मारीभांग, सगालीम, परसिया के ठेकेदारों को भी चेतावनी दी गई है।

पोस्टरबाजी की सूचना मिलने पर पांकी पुलिस मौके पर पहुंची और आसेहार, होटाई, कमार्टांड़ सहित अन्य इलाकों से पोस्टर हटा दिया है। पुलिस का मानना है कि इसके पीछे स्थानीय लोगों का भी हाथ है। पता लगाने की कोशिश की जा रही कि पोस्टरबाजी के पीछे कौन कौन लोग शामिल हैं।

# अवैध कोयला पकड़ने गई डीआईजी की टीम पर तस्करों ने किया हमला

## पुलिस ने बचाई अपनी जान, पथराव करने वालों पर हुई प्राथमिकी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ और बोकारो जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है। बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में इस अवैध कारोबार के खिलाफ वरीय अधिकारियों की टीम भी लगातार छापेमारी कर रही है। रविवार की रात भी हजारीबाग डीआईजी की टीम रामगढ़ जिले में छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान यह टीम वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के जंगली इलाके में घुस गई। वहां कोयले से लदी गाड़ी भी इस टीम ने पकड़ी। लेकिन जैसे ही उस गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया, कोयला तस्करों का गिरोह उनपर हावी हो गया। 50-60 तस्करों के द्वारा पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया गया और उन लोगों ने पुलिस के चंगुल से कोयल लदी गाड़ी छुड़ा ली।

**कलाली मोड़ के निकट हुआ हमला :** पुलिस टीम पर बेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के कलाली मोड़ के पास यह घटना घटी। जानकारी के अनुसार वह क्षेत्र नक्सलियों का इलाका माना जाता है। वहां से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो जिले में तीन दिनों तक नक्सलियों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच मुठभेड़ चली थी। अभी भी उसे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वेस्ट बोकारो क्षेत्र में नक्सलियों का मनोबल कितना बढ़ा है कि वे लोग ईंट भट्ठा मालिकों से भी लेवी वसूल रहे हैं। इस मामले में थाने में सूचना भी दर्ज है।




### एसपी थानेदार को करेंगे शो कॉज : डीआईजी

इस पूरे प्रकरण पर हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की पूरी टीम को कोयला तस्करों के द्वारा घेर लिया गया था। उन लोगों की जान बाल बाल बची है। इस मामले में वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम पर पथराव करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रामगढ़ एसपी ने यह कहा है कि थानेदार बलवंत दुबे को शो कॉज नोटिस किया जाएगा। इस पूरे मामले की जांच शुरू हो गई है। अगर इस जांच में पुलिस विभाग के किसी पदाधिकारी की भूमिका भी सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ झामुमो ने निकाला न्याय मार्च




न्याय मार्च में शामिल कार्यकता। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई के विरोध में साहिबगंज में सोमवार को झामुमो कार्यकताओं ने न्याय मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व झामुमो नगर अध्यक्ष राजू अंसारी ने किया। उन्होंने कहा कि ईडी ने भाजपा व केंद्र सरकार के इशारे पर झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन पर साजिश के तहत कार्रवाई की है। इससे कार्यकताओं व जनता में आक्रोश व्याप्त है। न्याय मार्च के जरिए पार्टी कार्यकर्ता आम लोगों को हेमंत सोरेन के साथ हो रहे अन्याय व केंद्रीय एजंसियों के दुरुयोग की जानकारी दे रहे है।घर-घर जाकर लोगों को इस अन्याय से अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की उपलब्धियों की भी जानकारी दी जा रही है। न्याय मार्च में गोपाल यादव, फिरोज यादव, नीरज चौरसिया, मो। आफताब आलम, मो। महताब सरवर, मो। आलम, मो। यासिर अराफात, आमीन, इरशाद, जियाउल, विक्रम मंडल, मजहर खान, सोहेल अंसारी आदि शामिल थे।

# खूंटी में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**PHOTON NEWS KHUNTI :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को बिरसा कॉलेज में हजारों छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई

मौके पर उपायुक्त ने युवा मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरुकता के इस महाभियान में भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मानव श्रृंखला बनाकर हर वोट है जरूरी, मतदाता के रूप में आज ही पंजीकरण करायें का संदेश छात्र-छात्राओं ने दिया। साथ ही युवा मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया गया।



मानव श्रृंखला के द्वारा वोट के लिए जागरूक करते छात्र। • फोटोन न्यूज

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या सहित शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## एसटी-एससी की 50 वर्ष से अधिक के सभी महिलाओं को मिलेगी पेंशनः अरूण

**PHOTON NEWS KHUNTI :** मुरहू प्रखंड के पड़हा राजा सभागार में प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव, कर्मचारी और अधिकारियों के साथ सरकार की पेंशन योजना को लेकर सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि आप अपने स्तर से प्रत्येक घर की लिस्ट बनाएं कि 50 वर्ष से ऊपर की महिलाएं कितनी हैं और इसके लोगों महिलाओं को जागरूक करें। उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने कहा सरकार द्वारा पहले 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन मिलती थी लेकिन अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सभी महिलाओं को पेंशन मिलेगी। उप प्रमुख ने कहा कि आज एक भी महिला या पुरुष जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, कोई भी पेंशन से वंचित नहीं है। प्रत्येक वार्ड पार्षद, वार्ड सदस्य, मुखिया, आपकी मदद ली जाएगी। उप प्रमुख ने कहा कि महिलाओं में अक्सर पाया जाता है कि गर्भवती माताओं को उचित लाभ नहीं मिलता है, उचित देखभाल नहीं होती है। इसके कारण खूंटी जिला कुपोषित बनता जा रहा है। आप से निवेदन है कि कुपोषण से बचने के लिए गर्भवती माताएं भी अपना ध्यान रखें।

### मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड का अधिकार सम्मेलन आयोजित

# मदरसा शिक्षकों की मांग जायज मुख्यमंत्री करेंगे निदान : शमशेर

**PHOTON NEWS RANCHI :** मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड रांची द्वारा अधिकार सम्मेलन का आयोजन अंजुमन प्लाजा सभागार में आयोजित किया गया। झारखंड राज्य के अंतर्गत प्रास्वीकृत 46 मदरसा एवं 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी को वेतनमान में अनुदान दिया जाए। उक्त बातें महासंघ झारखंड के अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा कासमी ने कहीं। मदरसा एवं संस्कृत विद्यालय को प्रति वर्ष एक लाख 80 हजार से तीन लाख 60 हजार अनुदान मिलता है। हमारी मांग है कि मदरसा शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को पूरा वेतन मान दिया जाए। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मदरसा शिक्षक की जितनी भी समस्याएं हैं, उसको लेकर मैं अपने विभाग के स्तर पर शिक्षा सचिव, मुख्यमंत्री से बात कर मदरसा की सारी समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। आप सब की मांग जायज है। मैं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पास आपकी मांग को रखूंगा और मुख्यमंत्री इसका निदान करेंगे। आपके जो हक और अधिकार है उसे हम दिलाकर रहेंगे।




सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकगण। • फोटोन न्यूज

इस मौके पर बोलते हुए अंजुमन इस्लामिया के सदर मुख्तार अहमद ने कहा कि मदरसा के शिक्षक और उनके कर्मियों की समस्या को झारखंड सरकार दुर करने का काम करे। मदरसा शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना गुलाम मुस्तफा कासमी ने कहा कि सरकार जो अनुदान मदरसा को देती है उसे मदरसा के शिक्षक और कर्मियों का गुजारा मुश्किल से होता है।

इस मौके पर अध्यक्ष मौलाना गुलाम मुस्तफा कासमी, मौलाना सिराज, मौलाना मंसूर, कारी शाहिद जमाल, हाफिज साजिद, मोहम्मद असादुल्लाह, मौलाना मुश्ताक, जुल्फिकार कादिर, फजरुल कादिर, अब्दुल वहाब, मौलाना समीम, तय्यब अली, मौलाना शमसुद्दीन, कारी वसीम, कारी कमरूजमा समेत कई जिलों के गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे।

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत वित्त सखियों का छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण संपन्न

# महिलाएं होंगी साक्षर, तभी होगी समाज करेगा उन्नति : सांगा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ बीओआई, स्टार आर-सेटी संस्थान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता फैलाने के लिए आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 वित्त सखियां शामिल हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग। • फोटोन न्यूज

मौके पर सुशील सांगा ने कहा कि महिलाओं को जब भी अवसर मिलता है, तो वे यह सिद्ध कर देती हैं कि बुद्धिमानी और योग्यता में वे किसी से कम नहीं है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब महिलाएं खुद वित्तीय रूप से साक्षर होंगी, तभी समाज मे उन्नति आएगी। उन्होंने स्व-रोजगार के लाभ एवं ग्रामीण भारत में स्वरोजगार की जरूरत को रेखांकित किया। संस्थान के निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम वित्त सखियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों मे वित्तीय साक्षारता फैलाने के लिए आयोजित किया गया है। विशेष रूप से प्रशिक्षित यह वित्त सखियां बैंक से जुड़े तमाम सरकारी योजनाओ के विषय में लोगो को जागृत करेंगी। साथ ही गांव के ऐसे बेरोजगार युवा जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें बैंक से मुद्रा ऋण उपलब्ध करवाने में सहायता प्रदान करेंगी।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा से लोगों को जोड़ेंगी एवं असामयिक मृत्यु पर लोगों को इसका क्लैम दिलाएंगी। संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य सुशील कुमार ने एक सफल उद्यमी के गुण, बाजार प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, टावर बिल्डिंग,आइसीई ब्रेकिंग, रिंग टॉस जैसे प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं में उद्यमिता का विकास किया, ताकि वापस जाकर सभी महिलाएं एक सफल व आत्मनिर्भर उद्यमी बन सके। सभी 35 महिलाओं ने मुद्रा लोन के तहत ऋण के लिए आवेदन दिया है, जिसे विभिन्न बैंको को भेज दिया गया।

# उपायुक्त ने मतदाता सूची में जुड़े नामों का किया सत्यापन

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन सोमवार को चैनपुर अंचल अंतर्गत आदमी जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे। इस दौरान वे अर्हता प्राप्त पीवीटीजी लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ा है या नहीं इससे अवगत हुये। उन्होंने घर-घर जाकर मतदाता सूची के कार्यों का सत्यापन किया।

उन्होंने पाया कि अधिकांश योग्य लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ गया है। कई लोग गांव से बाहर थे लेकिन वैसे लोगों का भी नाम जुड़ा हुआ पाया गया। एक आदिम जनजाति समूह की 18 वर्षीय युवती का नाम मतदाता सूची में ऑन स्पॉट वीएचए के माध्यम से फॉर्म 6 भरा गया।

उपायुक्त ने उपस्थित बीडीओ को कई बच्चियों को सावित्री बाईफुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सभी से कल से लगने वाले पेंशन के शिविर में अधिकाधिक योग्य लाभुकों को पेंशन से लाभान्वित करने की बात कही।

## BRIEF NEWS

### हमसफर एक्सप्रेस 21 और 22 फरवरी को रहेगी रद्द

**RANCHI :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने ट्रेन संख्या 20828 हमसफर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द किया है। बिलासपुर सेक्शन के घुंघुति सेक्शन के अनूपपुर व न्यू कटनी स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का काम होना है। ऐसे में सांतरागाछी से चलकर टाटानगर होते हुए जबलपुर को जाने वाली 20828 हमसफर एक्सप्रेस 21 फरवरी को रद्द रहेगी जबकि डाउन ट्रेन 22 फरवरी को रद्द रहेगी। इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे ने सोमवार को बताया कि नागपुर डिवीजन के गुड़मा व आमगांव स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का काम सहित अप व डाउन लाइन में गार्डर का काम होना है। ऐसे में रेलवे प्रशासन इसके लिए पावर ब्लॉक ले रही है। ऐसे में टाटा से चलकर इतवारी को जाने वाली ट्रेन संख्या 18109 इतवारी एक्सप्रेस पांच मार्च को जबकि डाउन ट्रेन सात मार्च को रद्द रहेगी।

### नगड़ी में जारी निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से विलोपित

**RANCHI :** रांची के सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत नगड़ी अंचल प्रभावित क्षेत्र में जारी निषेधाज्ञा को सोमवार को तत्काल प्रभाव से विलोपित कर दिया है। यह निषेधाज्ञा 16 फरवरी को देर रात अगले आदेश तक के लिए लागू किया गया था। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी की रात नगरी में सरस्वती पूजा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान मस्जिद के समीप दो गुटों में पत्थर बाजी हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में धारा 144 लागू की गई थी। मामले में 18 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में अंचल अधिकारी के बयान पर मामला दर्ज कराया गया था। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 लोगों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में देखते हुए एसडीओ ने धारा 144 हटा दिया है।

### फंदे पर लटककर युवक ने की आत्महत्या

**RANCHI :** चुटिया थाना क्षेत्र के शारदा कॉलोनी स्थित पॉवर हाउस रोड में एक युवक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली है। युवक की पहचान सुमित कुमार दास के रूप में हुई है। सोमवार को घटना की सूचना पाकर चुटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत होता है। सुमित का अपने पत्नी से तलाक होने वाला था। इसी बात को लेकर वह डिप्रेशन में था और खुदकुशी कर ली।

### राजभवन में आप्त सचिव के दो पद सृजित

**RANCHI :** राजभवन झारखंड में दो नए पद सृजित किए गये हैं और पूर्व के सृजित पदों को सरेंडर किया गया है। पूर्व में सिर्फ राज्यपाल के आप्त सचिव के दो पद सृजित थे, जिसे अब बदल दिया गया है। अब राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव के एक पद जिनका वेतनमान पीबी 4- 37400- 67000, ग्रेड पे- 8700 सातवें वेतनमान के अनुरूप वहीं, एक पद आप्त सचिव का भी होगा। जिनका वेतनमान 15600-39100 ग्रेड पे-6600 रुपए सातवें वेतनमान के अनुरूप दिया जायेगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े मामले में आरोपी की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई

# हाईकोर्ट ने आईओ से कहा- निचली अदालत में गवाही जल्द पूरी कराएं ताकि जजमेंट जल्द हो

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। मामले के नए एवं पुराने अनुसंधानकर्ता (आईओ) कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे 31 दिसंबर 2024 के बाद से बच्चों को बरामद करने के मामले में हुई कार्रवाई के संबंध में पूछा। इसपर उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का अब तक पता नहीं चला है, तलाश जारी है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के दिशा निर्देश पर दिल्ली गई अनुसंधान टीम ने दिल्ली, यूपी के आसपास इलाकों से 15 और बच्चियों को बरामद किया है। इससे पहले पुलिस टीम ने 20 बच्चियों को बरामद किया था। इन 35 बच्चियों में से 22 नाबालिग है और 13 बालिग है। इन सब सभी बच्चियों को साहिबगंज लाकर उनके घर भेज दिया गया है। कोर्ट मामले के अनुसंधानकर्ता को दोनों गुमशुदा बच्चों के मामले में निचली अदालत में चल रही ट्रायल में जल्द गवाही पूरी करवा लेने को कहा ताकि जजमेंट जल्द हो सके। कोर्ट ने कहा ऐसे मामलों में इस स्पीडी ट्रायल होनी चाहिए ताकि दोषियों को जल्द सजा मिले। कोर्ट ने मामले का अनुसंधानकर्ता को 3 सप्ताह में आगे की अनुसंधान करने और दोनों बच्चों को जल्द बरामद करने का निर्देश दिया।

- आईओ ने बताया, दिल्ली गई पुलिस टीम ने और 15 और बच्चियों को दिल्ली एवं यूपी के आसपास से किया है बरामद




### अनुसंधानकर्ता को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने अगली सुनवाई में मामले के नए अनुसंधानकर्ता को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कुलदेव शाह को जमानत देने का आग्रह किया, जिसका प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने विरोध किया। प्रतिवादी की ओर से कहा गया कि ट्रैफिकिंग मामले के आरोपी को जल्द बेल मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा। कोर्ट ने फिलहाल प्रार्थी को जमानत नहीं दी है। दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी।

## वैवाहिक विवाद में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृति बढ़ रही : HC

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद के मामलों में पति के रिश्तेदारों को केस में फंसाने की प्रवृति बढ़ रही है। दरअसल दहेज की मांग के लिए मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक पत्नी ने अपने पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गढ़वा जिले में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। जिसपर सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) ने संज्ञान लिया था। सीजेएम द्वारा लिये गये संज्ञान और पूरी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने के लिए पति के रिश्तेदारों नीरज कुमार, उमेश कुमार और शिवा सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सभी के खिलाफ आपराधिक कर्रवाई निरस्त करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकताओं के खिलाफ सामान्य आरोप लगाये गये हैं। अदालत ने माना कि पत्नी ने पति और उसके माता-पिता के खिलाफ मानसिक रूप से परेशान और दहेज की मांग करने का आरोप लगाया था। लेकिन याचिकाकताओं में से किसी को भी उनके खिलाफ लगाये गये सामान्य आरोप को आगे बढ़ाने में कोई विशिष्ट भूमिका नहीं दी गयी।

## अपमानित करने के इरादे के बिना विवाद एससी-एसटी के श्रेणी में नहीं



**RANCHI :** एक केस की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने यह माना है कि जब तक किसी मामले में अनुसूचित जाति व जनजाति के व्यक्ति पर अपमानित करने के इरादे से विवाद या हमला नहीं किया गया हो, तब तक उस अपराध को एससी-एसटी एक्ट के दायरे में नहीं माना जाएगा। दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने बैजनाथ सिंह और नावेद सिंह को एससी-एसटी केस में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। दोषियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि एससी/एसटी अधिनियम की धारा 3(1)(एक्स) के तहत अपराध स्थापित करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान या धमकी प्रदर्शित करना आवश्यक है। किसी भी मामले में एससी/एसटी अधिनियम के तहत तब तक अपराध नहीं बनता है, जब तक कि इसका उद्देश्य विशेष रूप से पीड़ित को उनकी जाति के आधार पर अपमानित करना न हो।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच की ऑफलाइन टिकट की बिक्री आज से, खेल के दौरान नहीं मंडराएगा बारिश का साया

### 23-27 फरवरी तक होगा मुकाबला, एक आदमी अधिकतम खरीद सकता है 6 टिकट

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची में क्रिकेट के सितारे खेलते दिखेंगे। 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट जेएससीए स्टेडियम में खेला जाना है। मैच की तैयारी जोरों पर है। 20 फरवरी से ऑफलाइन टिकट की बिक्री शुरू हो रही है। पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध होंगे। जिसमें चार काउंटर चालू होंगे। 23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं। टिकटों की खरीद के एक काउंटर चालू होगा। एक व्यक्ति अधिकतम 6 टिकट खरीद सकता है और



काउंटर से टिकट लेते समय उसी व्यक्ति का फोटो पहचान पत्र जरूरी है। टिकट की शुरूआत 250 रूपय से लेकर 2500 तक है। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान 23 और 24 फरवरी के 250 वाले टिकट पूरे बिक चुके थे।

**मैच पर नहीं पड़ेगा बारिश का साया**

मौसम विभाग के अनुसार, 23 फरवरी को झारखंड में बारिश होने की संभावना है। लेकिन इसका असर रांची में होने वाले भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच में नहीं होगा। मौसम विभाग के द्वारा जारी डाटा के अनुसार, 23 फरवरी को पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में बारिश होने की संभावना है, रांची में इसका असर नहीं देखने को मिलेगा। रांची में मौसम साफ रहेगा। 24 फरवरी से सुबह में कोहरे के बाद आसमान साफ रहेगा। बता दें कि 16 फरवरी से टिकट की ऑनलाइन बिक्री शुरू हुई थी। ऑनलाइन खरीदे गए टिकट 20 फरवरी को सुबह 9:30 बजे से स्टेडियम के पश्चिमी गेट पर जाकर भौतिक रूप में लेना होगा।

**ये है टिकटों की कीमत (प्रतिदिन के हिसाब से)**

- पश्चिम हिल : 250 रुपये
- प्रेसिडेंट इनक्लोजर : 2000 रुपये
- हास्पिटैलिटी ब्लाक : 1500 रुपये
- अमिताभ चौधरी पवेलियन अपर टियर : 700 रुपये
- कॉर्पोरेट लाउन्ज : 1200 रुपये
- ए विंग लोअर : 400 रुपये
- बी विंग लोअर : 500 रुपये
- सी विंग लोअर टियर : 400 रुपये
- डी विंग लोअर टियर : 500 रुपये
- एमएस धोनी पवेलियन लक्जरी : 2500 रुपये

### सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का करें पालन : गृह मंत्रालय

**RANCHI :** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट के दिशानिदेशों का पालन करने और कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया है। लिखे पत्र में कहा गया है कि योग्य पुलिस अधिकारी उपलब्ध होने के बावजूद कई राज्यों द्वारा अस्थायी डीजीपी की नियुक्ति की जाती है। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश का अनुपालन करने का आग्रह किया है। केंद्रीय गृह सचिव के कार्यालय से भेजे गए पत्र में डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के निदेशों पर जोर दिया गया है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि अस्थायी या कार्यवाहक डीजीपी को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही नियुक्त किया जाना चाहिए और राज्यों से शीर्ष अदालत के निदेशों के अनुसार, दो साल के कार्यकाल के लिए नियमित डीजीपी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है।

## लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की जरूरत: गवर्नर



**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति एवं प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर बन सके, इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल सोमवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में दीदियों के स्नातक समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि हमारी दीदियों ने तीन वर्ष पूर्व इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम के तहत विविध आजीविका के माध्यम से एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए छात्रा के रूप में यात्रा शुरू की थी। तीन साल के पश्चात वे स्नातक के रूप में उभरी हैं और उनकी उपलब्धियां प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों सहित कई आदिवासी परिवारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

## बड़ी राहत : कमला सिंह की आय से अधिक संपत्ति की जांच नहीं करेगा एंटी करप्शन ब्यूरो

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट से पारित आदेश पर लगायी रोक

**PHOTON NEWS RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट ने लातेहार के तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक कमला सिंह की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा उनके रिट में पारित आदेश पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को नोटिस जारी किया है। कमला सिंह पर लातेहार के जिला शिक्षा अधीक्षक रहते हुए वर्ष 1995 से 2005 के बीच आर्थिक गड़बड़ी की शिकायत वर्ष 2013 में लोकायुक्त के समक्ष किया गया था। वर्ष 2017 में लोकायुक्त ने इस शिकायत पर आदेश पारित करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो को कमला सिंह की संपत्ति की जांच करने का आदेश दिया था। जिसे लेकर कमला सिंह की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई थी। हाई कोर्ट ने वर्ष 2018 में लोकायुक्त के आदेश पर रोक लगा दी थी। 19 सितंबर 2023 को हाईकोर्ट ने कमला सिंह के रिट पिटीशन को निरस्त कर दिया था।

कमला सिंह की ओर से हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखते हुए कहा लोकायुक्त अधिनियम 2001 के सेक्शन आठ के तहत किसी सरकारी सेवक पर आरोप लगने के 5 साल के भीतर जांच करने का आदेश दिया जा सकता है।

- लातेहार के तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक पर 1995 से 2005 के बीच लगा था आर्थिक गड़बड़ी का आरोप



### अमन साहू गिरोह से जुड़े शंकर यादव से एनआईए ने की पूछताछ

**RANCHI :** अपराधी अमन साहू गिरोह से जुड़े शंकर यादव को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। दरअसल लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में साल 2020 में हुई आगजनी और गोलीबारी मामले की जांच एनआईए कर रही है। एनआईए ने जांच के क्रम में एनआईए ने नौ फरवरी को बिहार के भागलपुर से गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने उसके ठिकाने से एक करोड़ 30 लाख भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूली के बताये जा रहे हैं। अमन साहू फिलहाल जेल में बंद है। एनआईए ने छानबीन में पाया है कि भागलपुर का शंकर यादव अपराधी अमन साहू का खास गुर्गा है।

## झारखंड में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाए जा रहे आवासीय व जन्म प्रमाण पत्र

### सैनिक स्कूल में नामांकन में हुई गड़बड़ी, भारत सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट

**सीबीआई जांच में खुलासा**

**CRIME REPORTER RANCHI :** सीबीआई ने झारखंड में बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाकर प्रतिष्ठित स्कूल-कॉलेज में नामांकन कराये जाने की जांच रिपोर्ट भारत सरकार को सौंप दी है। अधिकारियों- पैरेंटस, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड पार्षद की मिलीभगत से ऐसा बड़े पैमाने पर हो रहा है। सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि जिनका डोमेसाइल झारखंड का बन रहा है, उनमें अधिकांश राज्य से बाहर के लोग हैं।



आपसी गठजोड़ का ऐसा जोड़ है कि इसमें बड़ा रैकेट शामिल होने की संभावना है। ऐसे फर्जी डोमेसाइल और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने वालों ने सैनिक स्कूल तिलैया के प्रबंधन के आंख में भी धूल झोंक दिया और बड़े पैमाने पर इस प्रतिष्ठित स्कूल में झारखंड कोटे से नामांकन भी प्राप्त कर लिया है, इसका खुलासा सीबीआई जांच में हुआ है। सीबीआई जांच में यह भी बात सामने आयी कि कई मामलों में प्रतिष्ठित स्कूल में नामांकन के लिए पूर्व के स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट भी जाली है। सीबीआई ने सारे मामले की जानकारी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार को भेजी है। दरअसल, सीबीआई सैनिक स्कूल तिलैया में एआईएसएसइई 2018 की परीक्षा में नामांकन में गड़बड़ियों की जांच कर रहा है, इसी जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। फेक डोमेसाइल व जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सैनिक स्कूल तिलैया में झारखंड कोटे से नामांकन लिया गया है।

## कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का दावा करने वाली भाजपा ने कांग्रेस युक्त भाजपा बना डाला

# ईसी इलेक्शन की डेट तय करेगी, चुनाव ईडी कराएगा : सुप्रियो

**PHOTON NEWS RANCHI :** झामुमो ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। पार्टी ने भाजपा के अधिवेशन में पीएम मोदी के बयान पर कटाक्ष किया। सुप्रियो ने कहा कि उन्हें 2024 में बिना चुनाव लड़े और चुनाव जीते ही विदेशों से आमंत्रण मिल रहे हैं यह बयान बहुत ही हास्यापद है। पीएम लोकतंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। पीएम मोदी के इस दावे के पीछे की सच्चाई कुछ और ही है। इलेक्शन कमीशन तो केवल चुनाव की तिथि घोषित करेगी, मगर चुनाव तो असल में इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट कराएगा। जिसकी पटकथा पिछले दो सालों से लिखी जा रही है। झारखंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण हैं। जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते रही दरअसल वह कांग्रेस युक्त भाजपा बन कर रही गयी। देश में 740 सांसद-विधायक ऐसे हैं जो कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय दलों से गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी को भले ही बिना चुनाव लड़े विदेशों से आमंत्रण मिल रहा हो, मगर हमारे हेमंत जी को पूरे देश के आदिवासी, युवा, पिछड़े, अल्पसंख्यक बुला रहे हैं। बहुत जल्द हेमंत भी पूरे देश में जाएंगे। उक्त बातें पार्टी प्रधान महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।




पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रीयो भट्टाचार्य।

### पीएम के आने के बाद देश में बहुत कुछ बदल गया

भट्टाचार्य ने कहा कि विगत दस साल के शासन में मोदी जी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली। 2014 में मोदी जी ने कहा, हमारे आने के बाद देश में बहुत कुछ नया होगा। देश बदल जाएगा। 2019 में कहा था कि क्या खाना, क्या नहीं खाना है। क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है। क्या पढ़ना है, क्या नहीं पढ़ना है। क्या सुनना है क्या नही सुनना है। विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी। जो शासन के हां में हां मिलाए वह राष्ट्रवादी। जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही। जो भाजपा के साथ चल जाए और डिप्टी सीएम, मंत्री और जो उनके साथ न जाए उसकी जगह जेल। भट्टाचार्य ने कहा कि देश में दूसरा किसान आंदोलन शुरू हो चुका है। किसानों को नजरबंद कर दिया गया है। किसान सरकार से एमएसपी मांगते हैं तो सरकार उन्हें इनोवेशन एग्रीकल्चर का प्रस्ताव देती है। यानी कि किसान धान, मक्का और गेंहू की खेती नहीं अडाणी और अंबानी के लिए दाल और कपास की खेती करें। यानी जनता कपास खाए और दाल पीये। अजीब स्थिति इस देश में पैदा की जा रही है। भट्टाचार्य ने भाजपा के आदिवासी एवं दलित प्रेम का उपहास उड़ाते हुए कहा कि एक दलित को राष्ट्रपति बनाकर संसद भवन के शिलान्यास में उन्हें नहीं बुलाया गया।

### रवि मिश्रा गोलीकांड में शामिल अपराधी धराया

**RANCHI :** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी की रात अपराधियों ने रविशंकर मिश्रा नाम के युवक को गोली मारी थी। रांची पुलिस ने इस गोलीकांड में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। घटना के पीछे आपसी विवाद का मामला सामने आ रहा है। रांची पुलिस जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा करेगी। दरअसल 11 फरवरी की रात रवि मिश्रा किसी से मिलकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गये।

## रिम्स का सर्वर डाउन, दो घंटे तक नहीं कटी पर्ची, मरीज परेशान



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) का सर्वर डाउन हो गया है। सोमवार को करीब डेढ़-दो घंटे सारा ऑनलाइन काम ठप रहा। मरीज परेशान थे। सर्वर डाउन होने की वजह से पर्ची नहीं कट रही थी। मरीज डॉक्टर के पास नहीं जा पा रहे थे। बताया जा रहा है रांची स्थित सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स का सर्वर दिल्ली से ऑपरेट होता है। जब तक सर्वर ठीक नहीं हो जाता, तब तक मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। रिम्स में झारखंड के अलग-अलग हिस्से से मरीज इलाज कराने के लिए हर दिन आते हैं। पड़ोसी राज्यों बिहार, बंगाल और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं।

## मजदूरों की छंटनी व स्थानीय को रोजगार देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन



**ROURKELA :** श्रमिकों ने अवैध छंटनी का आरोप लगाते हुए और कारखाने में स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर सोमवार को भास्कर स्टील प्लांट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुंदरगढ़ जिले के लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत तुमकेला के पास फैक्ट्री के सामने विरोध प्रदर्शन चल रहा है। स्थायी रोजगार की मांग के अलावा यह भी आरोप है कि मजदूरों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जाती है। मजदूरों का कहना था कि 15 साल से अधिक समय तक फैक्ट्री में काम करने के बावजूद उन्हें बिना किसी नोटिस के नौकरी से निकाल दिया गया। फैक्ट्री में निलंबित कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर आज विरोध प्रदर्शन सोमवार को तीव्र हो गया।

## पनसुवां डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए : गीता कोड़ा

**CHAIBASA :** पश्चिम सिंहभूम जिले के ऐतिहासिक ऐसे कई पर्यटन स्थल है, जो अपने प्राकृतिक सौंदर्य से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते है। सोनुवा का पनसुवां डैम एक ऐसा ही दर्शनीय खूबसूरत स्थल है, जो सैलानियों को अपनी ओर खींच लाता है। तीनों ओर से पोड़ाहाट की हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा डैम प्रकृति की गोद में बसा हुआ नजर आता है। सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने सोनुवा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बांसकाटा में अवस्थित पनसुवां डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर सिंहभूम जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी को पत्र लिखा है।

## जेई अभिलेष कुमार के खिलाफ पूर्व विधायक ने खोला मोर्चा

**CHAIBASA :** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल चाईबासा में फैला हुआ है भारी भ्रष्टाचार। यहां बिना जेई को तीन फीसदी कमिशन दिए बिल नहीं बनाया जाता है। चाहे वो जिला स्तर की योजना हो या केंद्रीय/राज्य की योजना हो। उक्त आरोप झारखंड भ्रष्टचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश प्रसाद एवं पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने लगाया है। उन्होंने कहा कि चाईबासा प्रमंडल के कनीय अभियंता अभिलेष कुमार विगत तीन वर्षो में पचास करोड़ तक की सड़क निर्माण कार्य में विपत्र बना कर संवेदकों को भुगतान करा कर तीन फीसदी कमिशन वसूल लिए हैं।

## 62 तीर्थ यात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

**JAMSHEDPUR :** आस्था स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन से सोमवार को घाटशिला से 62 तीर्थ यात्रियों का जत्था था श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना हुआ। घाटशिला रेलवे स्टेशन पर सूर्य मंदिर विकास परिषद के रंजीत ठाकुर, रामजी मौर्य सहित अन्य लोगों ने माला पहनकर घाटशिला स्टेशन से रवाना किया। इस संबंध में टीम का नेतृत्व कर रहे सुमन कश्यप तथा राम सिहासन सिंह ने बताया कि काफी सुविधाजनक ट्रेन जमशेदपुर से अयोध्या धाम के लिए जा रहे हैं। इसका किराया तथा रहने खाने की पूरी व्यवस्था टिकट के साथ किया गया है।

# नक्सलियों ने तालाब निर्माण में लगी पोकलेन में लगायी आग

## निर्माण कार्य कर रही कंपनी को दी धमकी, लेवी से जुड़ा है मामला

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** जिले के मनोहरपुर में पीएलएफआई नक्सलियों ने एक बार फिर वारदात को अंजाम दिया है। मनोहरपुर थाना क्षेत्र के रेंगालबेड़ख में तालाब निर्माण कार्य में लगे पोकलेन को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे पोकलेन जल गया।

बताया जाता है कि रविवार देर रात पहुंचे नक्सलियों ने पोकलेन मशीन में आग लगा दी। घटना की



जानकारी मिलने के बाद सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची। पीएलएफआई नक्सलियों ने पोकलेन जलाने के बाद घटनास्थल पर एक बैनर छोड़ घटना की जिम्मेदारी ली है। पर्चा में लिखा है कि संगठन से संपर्क किए बगैर कार्य किए जाने पर फौजी कार्रवाई होगी। कहा जा रहा है कि यह मामला लेवी से जुड़ा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के पास शनिवार रात जेजेएमपी के उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया था। उग्रवादियों ने इस दौरान पांच हाईवा का शीशा तोड़ दिया। साथ ही कई वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की थी।

## चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिरी महिला, पैर कटा, अस्पताल में भर्ती

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के सालगाझरी स्टेशन में चलती ट्रेन पर चढ़ने के दौरान गिरकर 22 वर्षीय रुपाली हांसदा घायल हो गई। ट्रेन की चपेट में आकर उसका पैर कट गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। रुपाली मूल रुप से चाकुलिया प्रखंड के श्यामसुंदपुर स्थित कालाझुरी की रहने वाली है। वह जमशेदपुर में अपने जीजी लरुक बास्के के घर आई थी। जीजा लरुक ने बताया कि सुबह वह रुपाली को टाटा-खड़गपुर ट्रेन में चढ़ाने के लिए सालगाझरी स्टेशन पहुंचे थे। इस ट्रेन से रुपाली को धालभूमगढ़ जाना था। इसी बीच ट्रेन चल पड़ी। चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान रुपाली का पैर स्लिप कर गया जिससे वह नीचे गिर पड़ी। इस दौरान वह ट्रेन के चपेट में आ गई।

# सोनारी में शौच करने गए युवक पर फायरिंग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत निर्मलनगर निवासी रवि महतो पर रविवार देर रात अपराधियों ने फायरिंग कर दी। इस घटना में गोली रवि महतो के कमर को छूते हुए निकल गई। घटना के बाद रवि किसी तरह जान बचाकर अपने घर भागा। सोमवार सुबह 11 बजे उसने सोनारी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। रवि ने बताया कि वह रविवार देर रात अपने घर से शौच के लिए निकला था।

इसी बीच रास्ते में उसे गोलू मछुआ मिला। गोलू के साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था। अचानक गोलू ने बंदूक निकाली और फायरिंग कर दी। भागने के क्रम में गोली कमर को छूते हुए निकल गई। वह भागते हुए अपने घर पहुंचा। गोलू ने बताया कि वह ज्यादातर अपने गांव झिमरी में रहता है। सरस्वती पूजा में वह अपने घर आया था। मामले को लेकर सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद ने बताया कि मामले में लिखित शिकायत मिली है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मैट्रिक परीक्षा आज से शुरू, राज्य में 5.51 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राज्य भर में मंगलवार से मैट्रिक की परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने जहां इसके लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। वहीं छात्रों ने भी परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस साल राज्य में 5 लाख 51 हजार 611 छात्र मैट्रिक की परीक्षा देंगे। बोर्ड द्वारा 3 हजार 47 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी।

सुंदरगढ़ जिले के 117 केंद्रों पर कुल 24 हजार 687 छात्र छात्रा परीक्षा देंगे। इसके लिए 20 नोडल सेंटर खोले गये हैं। राउरकेला के तीन स्कूलों में प्रश्नपत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इसे कल सुबह विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भेजा जाएगा। परीक्षा कार्यक्रम के संचालन को



लेकर सोमवार को उदितनगर हाई स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह शिक्षकों को परीक्षा आयोजित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया है। परीक्षा मंगलवार सुबह 9 बजे है, इसलिए अभ्यर्थी 7:30 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे।

इस बार सभी परीक्षा केंद्रों पर पहली बार पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायेंगे। वह प्रश्नपत्रों के प्राप्त होने से लेकर परीक्षा में उत्तर भेजे जाने तक बारीकी से निगरानी करेंगे। यह जिम्मेदारी बीईओ, प्राचार्य और प्रधानाचार्य को सौंपी जाएगी। इतना ही नहीं, बोर्ड ने कहा कि परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक के अलावा कोई अन्य व्यक्ति परीक्षा केंद्र पर मोबाइल नहीं ले जा सकता है।

## शिक्षक सरोज कुमार जेना को मुख्यमंत्री शिक्षा पुरस्कार



**ROURKELA :** आरईसी कैंपस एनआईटी, राउरकेला के अंग्रेजी शिक्षक सरोज कुमार जेना को भुवनेश्वर कलिंग स्टेडियम में वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हे एक मानपत्र, 25 हजार रुपये दिया गया। सरोज कुमार जेना एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर और झारसुगुड़ा डिवीजन के प्रमुख भी हैं। स्कूल की ओर से प्राचार्य सुदीप्ता बेहरा के तत्वावधान में संबर्धना समारोह का आयोजन किया गया है। शिक्षिका निरुपमा पति के संयोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से सरोज कुमार जेना को फूलों का गुलदस्ता व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक सुजाता त्रिपाठी, अजय कुमार राउत, छवि प्रधान, मिनती खमारी, नमिता दांता, भरत सेठी, सागर परीदा, अन्नपूर्णा साहू, सस्मिता पटनायक, सुजाता मिश्रा, सीताराम साहू, हरिशंकर कामिला, पूजा स्वाई, विजय महंत, जतींद्र भोई, सुरेखा नायक प्रमुख उपस्थिति थी।

# बीरमित्रपुर में राजनीतिक हलचल तेज जॉर्ज तिर्की होंगे निर्दलीय उम्मीदवार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में से बीरमित्रपुर एक महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र है। कद्दावार आदिवासी नेता जॉर्ज तिर्की इस विधानसभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। बिरमित्रपुर से वह 4 बार विधायक चुने जा चुके हैं। लेकिन पिछले चुनाव में इस सीट से बीजेपी के शंकर ओराम विधायक चुने गये थे।

2019 के विधानसभा चुनाव में जॉर्ज ने वहां चुनाव नहीं लड़ा था। नतीजा यह हुआ कि बीजेपी की जीत पक्की हो गई। जॉर्ज तिर्की वर्तमान विधानसभा चुनाव में विरमित्रपुर निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ने के लिए निर्णय लिया हैं। इसलिए उन्होंने वहां अपना राजनीतिक गतिविधि शुरू कर



दिया है। रविवार को बीरमित्रपुर में 'जॉर्ज सेना का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इसमें प्रखंड, पंचायत स्तर के कई पुराने कार्यकताओं ने भाग लिया। जॉर्ज ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

बीजू जनता दल ने भी बीरमित्रपुर विधानसभा में मजबूत दावेदारी के लिए जोर लगा दिया है। बीजेडी को अभी तक यहां जीत का स्वाद चखने में असफल है। मौजूदा चुनाव में बीजू जनता दल के नवीन पटनायक की लोकप्रियता आगे कर चुनाव मैदान में उतरेगी। हालांकि, मौजूदा चुनाव में इस सीट पर बीजेडी, बीजेपी, कांग्रेस, जेएमएम और जॉर्ज सेना के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है।

## राउरकेला : नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 250 मरीजों की हुई जांच



स्वास्थ्य जांच करती डॉक्टर। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के छेंड स्थित गोपबंधु पाठागार परिसर और अपोलो अस्पताल राउरकेला के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करायी। अस्पताल की ओर से न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. दीप्तिरंजन त्रिपाठी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मिलन कुमार सतपति, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बरुण कुमार पटेल, भेषज रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका मुख्यता शिविर में भाग लिया और लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक सलाह दी। इसके साथ ही ईसीजी, फैट टेस्ट, डायबिटीज, बीएमडी आदि की जांच की गई।

शिविर का पोलो हॉस्पिटल के तरफ से संचालन बिस्वजीत बल, रितु कुमारी, पुष्पा किशन, चंद्रमा कोलेट, रूना राउत, शामसुंदर महराणा, रॉबिन कुम्भार , प्रशांत नयाक और पाठागार से अध्यक्ष नवघन साहू, गिरिजा शंकर गोस्वामी, हरिहर सतपति, रबीनारायण सिंह, राधामोहन नायक ने किया। कैलास सामल, विवेकानंद जेना, देवराज गौड़, प्रताप मोहंती, विश्वनाथ जेना, सूर्य नारायण पांडा, रवीन्द्र साहू और अन्य उपस्थित थे और कार्यक्रम के संचालन में सहायता की।

# बागबेड़ा थाना के मुंशी पर लॉकअप में बंद कर पिटाई करने का आरोप

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना के मुंशी अमित पांडेय समेत दो अन्य पुलिस कर्मियों पर कीताडीह निवासी प्रकाश तिवारी ने थाना के लॉकअप में बंद कर रात भर पिटाई का आरोप लगाया है। मामले को लेकर प्रकाश ने मंत्री बन्ना गुप्ता और सिटी एसपी से लिखित शिकायत की है। इधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए सिटी एसपी ने डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकिर आलम को जांच के आदेश दिए है। प्रकाश ने बताया कि वह एक ऑटो चालक है। 17-18 फरवरी की देर रात कीताडीह ग्वाला पट्टी में मारपीट की घटना हुई थी। घटना की रात वह स्टेशन पर मौजूद था।

इस दौरान एक युवक आया और थाना चलने की बात कही। उसने सभी को थाना पहुंचाया। रात को थाना का मुख्य गेट बंद था जिससे गुस्से में आकर मौके पर मौजूद युवकों ने हंगामा शुरू कर



पिटाई का निशान दिखाता शख्स। ● फोटोन न्यूज

दिया। इसी बीच अंदर से दो पुलिस कर्मी बाहर आए और सभी के साथ उसे भी लॉकअप में बंद कर रात भर पीटा। प्रकाश का आरोप है कि पुलिस ने उसे खाना भी नहीं दिया। सुबह जब प्रकाश के पिता को जानकारी हुई तो उन्होंने थाना जाकर बेटे को छुड़ाया। जिसके बाद मंत्री बन्ना गुप्ता और सिटी एसपी से लिखित शिकायत की। मामले को लेकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि शिकायत के बाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर को जांच के आदेश दिए है।

**मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने दर्ज कराई प्राथमिकी :** इधर, मामले को लेकर दोनों पक्षों ने बागबेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष से संजय कुमार तिवारी ने अशोक यादव, चंदन यादव, छोटू यादव, ललन चौधरी, बबलू चौधरी, अमित चौधरी, रंजित चौधरी, रवि चौधरी, करण चौधरी, मंजित चौधरी और चंद्रमा चौधरी को आरोपी बनाया है जबकि दुसरे पक्ष से प्रतिमा देवी ने पंकज तिवारी, संजय तिवारी, गोपाल तिवारी, सालिक तिवारी और तेजू तिवारी के अलावा अन्य को आरोपी बनाया है।

## राउरकेला : स्वच्छता कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित




प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** कोर स्वच्छता कार्यकताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज ओयूए सैटेलाइट सेंटर, एफएसटीपी, राउरकेला में शुरू हुआ। यह राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के सीआईटीआईआईएस कार्यक्रम के सहयोग से ओडिशा शहरी अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में, अंगुल, तालचेर, ब्रजराजनगर, आनंदपुर, क्योंझर और राउरकेला के 45 प्रशिक्षुओं को 'सीवर एंट्री प्रोफेशनल्स' के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है और कोर की सुरक्षा और गरिमा बढ़ाने के लिए ओडिशा सरकार की एक योजना 'गारिमा' के तहत सफाई कर्मचारी को सशक्त बनाया जा रहा है। जिलापाल सह नगर आयुक्त, राउरकेला नगर निगम, आशुतोष कुलकर्णी के साथ आरएमसी के संयुक्त आयुक्त और वाटको के जीएम ऑपरेशन ने हमारे समाज में स्वच्छता कार्यकताओं द्वारा निभाई जाने वाली अपरिहार्य और महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

# डीबीएमएस कॉलेज के वार्षिक खेलकूद में ग्रीन हाउस चैंपियन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के कदमा स्थित डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर फिरोज खान शामिल हुए। फिरोज खान ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि एक अच्छे खिलाड़ी के लिए स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है। डीबीएमएस ट्रस्ट के चेयरपर्सन बी चंद्रशेखर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, रिले रेस एवं 100 मीटर रेस शामिल था। चैंपियनशिप का पुरस्कार ग्रीन हाउस, रनरअप रेड हाउस एवं सार्वधिक अनुशासित पुरस्कार येलो हाउस को मिला। पुरुष वर्ग में बेस्ट एथलीट का पुरस्कार शुभम कुमार झा व नितीश कुमार घोष तथा महिला वर्ग में सीता महाली व दिया प्रमाणिक को प्रदान किया गया। ग्रीन हाउस कप्तान सृष्टि सलोने एवं उप-कप्तान नितीश कुमार घोष, रेड हाउस के कप्तान परविंदर सिंह एवं उप-कप्तान बलराम प्रधान एवं योलो हाउस के कप्तान आफरीन एवं उप-कप्तान अंकुर कुमार को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सचिव, प्रिया धर्मराजन, संयुक्त सचिव उषा रामनाथन तथा तमिल सेल्वी बालाकृष्णन, कोषाध्यक्ष एस धर्मराजन, गर्वनिंग बॉडी सेक्रेटरी, सतीश सिंह के अलावा डीबीएमएस बोर्ड के ट्रस्टी, प्राचार्या, उप प्राचार्या, शिक्षकगण तथा कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिलाओं से अभद्रता व मारपीट की निंदा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के दिकू बलकांड गांव में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में महिलाओं से दुर्व्यवहार व मारपीट मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। रविवार को घटना की लिखित शिकायत चाईबासा स्थित एससी/एसटी थाने सदर में करने के बाद सोमवार को भुईयां समाज के लोगों ने दिकुबलकांड में घटना के विरोध में बैठक की और घटना की निंदा की। बैठक में भोंडा, गुड़गांव, तिरिलपी, सरडिया, ठेंगरा तथा लखीमपोसी व दीकु बलकांड आदि गांवों के लोग थे। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अखंड भुईयां समाज के जिलाध्यक्ष महावीर नायक ने की।

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने की हाई लेवल बैठक

# अंतरराज्यीय चेकनाका पर कड़ाई से जांच के आदेश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसको लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में एक हाई लेवल बैठक की गई। इस बैठक में मुख्य रुप से उपायुक्त अन्नय मित्तल, एसएसपी कौशल किशोर, डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम पियुष मिश्रा, समेत सभी डीएसपी, थाना प्रभारी और सभी कोषांगो के नोडल एवं प्रभारी पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ मौजूद रहे। इस दौरान सभी को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए मतदाता शपथ दिलाई गई। बैठक में



बैठक में उपस्थित अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन-जिन कार्यालयों द्वारा अपने कर्मियों की सूची कार्मिक कोषांग को अबतक उपलब्ध नहीं कराई गई है वे 20 फरवरी तक उपलब्ध करायें अन्यथा कार्यालय प्रधान की जबावदेही तय की जाएगी। उन्होने सभी कोषांगों को कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने तथा कोषांगों की गतिविधियां में तेजी लाने का निर्देश दिया।

**क्रिटिकल बूथ का करे भौतिक सत्यापन :** उपायुक्त ने सभी ईआरओ, एईआरओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारी को क्रिटिकल बूथ का पुनः भौतिक सत्यापन किए जाने का निर्देश दिया। वहीं क्रिटिकल और नन क्रिटिकल बूथ की संख्या, मतदान केन्द्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन, सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण, शैडो थाना चिन्हित किए जाने, मानव बल का आकलन, पोस्टल बैलेट का आकलन, प्रशिक्षण कार्यक्रम की अधतन स्थिति, चुनाव कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों का आकलन, ईवीएम वीवीपैट का डेमॉन्स्ट्रेशन कार्यक्रम समेत अन्य कोषांगों के दायित्व आदि बिदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा एवम समीक्षा की गई।

**अंतरराज्यीय चेकनाका पर रखें विशेष निगरानी : एसएसपी**

वरीय पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब, पैसा, ड्रग्स या अन्य फ्रीबिज के उपयोग पर विशेष निगरानी हेतु अंतर्राज्यीय चेकनाकाओं पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को सजग होकर कार्य करने का निर्देश दिया। वर्तमान में 10 अंतर्राज्यीय चेकनाका कार्यरत हैं, उन्होने बताया कि जल्द ही अंतर्जिला चेकनाका भी क्रियाशील कर दिए जाएंगे। चुनाव को निष्पक्ष एवं बाधारहित संपन्न कराने को लेकर विभिन्न स्तर पर विशेष निगरानी पर बल दिया।

# सांसद ने आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से सोमवार की सुबह सांसद विद्युत वरण महतो ने आस्था स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान इस ट्रेन से सफर करने के लिए लगभग 1300 यात्री रवाना हुए। यह ट्रेन सुबह 11 ।50 बजे टाटानगर प्लेटफॉर्म नंबर एक से खुली। ट्रेन मंगलवार सुबह 3 ।20 बजे अयोध्या पहुंचेगी। 20 बोगियों वाली इस आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के सुगम दर्शन के लिए भाजपा कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। ट्रेन को हरी



हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करते सांसद। ● फोटोन न्यूज

झंडी दिखाने से पूर्व स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। मौके पर सांसद ने लोगों को संबोधित किया।

**चांडिल, पुरुलिया, बरकाखाना होते हुए जाएगी ट्रेन :** यह ट्रेन स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से खुलने के बाद चांडिल, पुरुलिया, बरकाखाना, राजाबेड़ा, होकर नेताजी सुभाषचंद्र (गोमो), पंडित दीन दयाल (मुगलसराय) स्टेशन होते हुए बनारस होकर अयोध्या जाएगी।

# बिहार में बदले की राजनीति शुरू

## 6 विधायकों ने पाला बदलना चाहा, उन्हें यूपी जैसी सजा मिलेगी; तेजस्वी और पूर्व मंत्रियों पर एक्शन की तैयारी

एजेंसी



**पटना।** बिहार में बदले की राजनीति शुरू हो गई है। यह दो स्तरों पर हो रहा है। पहला- फ्लोर टेस्ट के दौरान 6 विधायकों की चाल अब उन्हीं पर भारी पड़ रही है। ऐसे विधायकों को कमजोर करने की तैयारी है। दूसरा- फ्लोर टेस्ट में सत्ता पक्ष के विधायकों को खरीदने की कोशिश करने वालों की जांच शुरू हो गई है। सब कुछ यूपी के ट्रेंड पर चल रहा है।यूपी की योगी सरकार ने जिस तरह अखिलेश यादव को घेरा, बिहार में भी वैसे ही घेराबंदी तेजस्वी के खिलाफ चल रही है। एक तरफ विधायकों की खरीद-फरोख्त की एडव जांच कर रही है, तो दूसरी तरफ तेजस्वी के साथ कई पूर्व मंत्रियों की जांच का आदेश जारी हो गया।बिहार में 28 जनवरी को महागठबंधन में टूट के बाद तेजस्वी ने खेला का बयान दिया था। फ्लोर टेस्ट के दौरान लाख कोशिशों के बाद भी खेला हो गया था। भाजपा और जेडीयू के 5 विधायकों की चाल ने नीतीश की नई सरकार को मुश्किल में डाल दिया था। सत्ता की हनक से सरकार ने फ्लोर टेस्ट तो पास कर लिया, लेकिन अब खेला करने वालों पर एक्शन के बहाने सरकार बिहार की जनता को बड़ा मैसेज देना चाहती है। विधायकों पर 3 तरह के एक्शन की तैयारी है। ऐसे विधायकों का कद घटाया जाएगा और नजदीकी लोगों पर एक्शन के साथ क्रिमिनल केसों की फाइल भी खोल दिया जाएगा।जेडीयू की रुपौली विधायक बीमा भारती भी फ्लोर टेस्ट के दौरान सवालों में रहीं। बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और बेटे राज कुमार मंडल पर केस दर्ज कर दिया गया। दबाव ऐसा बनाया गया कि बीमा को वापस आना ही पड़ा। बीमा के पति अवधेश मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है, अब सरकार उनकी फाइल खोल सकती है। इससे बीमा की सामाजिक छवि भी प्रभावित करने की कोशिश होगी। इसके साथ ही बीमा की इमेज खराब होगी। एक्सपर्ट बताते हैं, बीमा का टिकट भी कट सकता है। पति की क्रिमिनल फाइल खुलने से वह मुश्किल में फंस सकती हैं।नरकटियागंज की भाजपा विधायक रश्मि वर्मा भी फ्लोर टेस्ट के दौरान विवादों में रहीं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह आए दिन विवादों में रही हैं। फ्लोर टेस्ट के दौरान हुई घटना से अब माना जा रहा है कि उनका टिकट कट सकता है। इतना ही नहीं वायरल मामलों को लेकर भी उन्हें घेरने की कोशिश की जा सकती है। भाजपा ने दूरी बनाना शुरू कर दिया था, उन्हें भी इसका एहसास हो गया था। इस कारण से वह फ्लोर टेस्ट के दौरान आगे पीछे हो रही थीं। एक्सपर्ट तो रश्मि का टिकट कटना पक्का मान रहे हैं। हालांकि रश्मि वर्मा का टिकट 2015 में कटा था, लेकिन उन्होंने निर्दलीय लड़कर भाजपा की रेणू देवी का गणित बिगाड़ दिया था। रश्मि को लेकर पार्टी के निचले स्तर पर भी विरोध है, ऐसे में अब भाजपा में वह असहज होंगी।रामनगर की भाजपा विधायक भागीरथी देवी की उम्र 70 पार हो गई है। वह बेटे को टिकट दिलाने के लिए दबाव बना रही थीं। रेलवे में सफाई कर्मी से लेकर 5 बार विधायक बनने का सफर काफी संघर्षों भरा रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिजली बिल वसूल करने के गए मीटर रीडर की पिटाई



**पूर्णिया ।** पूर्णिया में बिजली का बिल वसूल करने के गए मीटर रीडर पर लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। लोगों ने उसे लात और घुसे से बड़ी ही बेरहमी से पीटा। पिटाई में मीटर रीडर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मारपीट की सूचना पाकर बिजली विभाग के कर्मी स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद किसी तरह मीटर रीडर को बचाया जा सका। फिलहाल मारपीट में घायल मीटर रीडर को इलाज के लिए GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। वहीं, मीटर रीडर से हुई मारपीट की ये घटना जलालगढ़ थाना क्षेत्र के लखना गांव की है।घायल मीटर रीडर की पहचान मो. मोजम्मिल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए जेई शशिशेखर आजाद ने बताया कि मीटर रीडर मो. मोजम्मिल जलालगढ़ के लखना गांव के वार्ड 2 में गए थे। इसी क्रम में वे उपभोक्ता अब्दुल रज्जाक के घर पहुंचे थे। मीटर रीडिंग के बाद उन्होंने 250 का बिजली बिल निकाल कर उपभोक्ता को दिया। इसी पर उपभोक्ता को आपत्ति हुई। जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी कहासुनी पर उपभोक्ता अब्दुल रज्जाक के बेटे मो. तौकीर से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में उपभोक्ता के घर वाले जुट गए। जिसके बाद उन्होंने लात और घुसे और लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

### गर्लफ्रेंड को कंधे पर उठाकर भागने लगा जवान



**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर नगर थाने के सामने प्रेमी जोड़े का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। इंस्ट्राग्राम के जरिए लड़के और लड़की में बातचीत शुरू हुई थी। लगभग एक साल से दोनों में नजदीकियां बढ़ी, लेकिन अचानक लड़की ने बात करना बंद कर दिया। जिसके बाद लड़का उससे मिलने समस्तीपुर पहुंचा और लड़की को मिलने बुलाया। जहां शुरू हुआ ड्रामा, दोनों के बीच काफी देर तक बहस हुई। इसी दौरान अचानक युवक ने लड़की को कंधे पर उठा लिया और भागने की कोशिश करने लगा। जिसका वीडियो भी सामने आया है।समस्तीपुर नगर थाने के सामने प्रेमी जोड़े का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। इंस्ट्राग्राम के जरिए लड़के और लड़की में बातचीत शुरू हुई थी। लगभग एक साल से दोनों में नजदीकियां बढ़ी, लेकिन अचानक लड़की ने बात करना बंद कर दिया। जिसके बाद लड़का उससे मिलने समस्तीपुर पहुंचा और लड़की को मिलने बुलाया। जहां शुरू हुआ ड्रामा, दोनों के बीच काफी देर तक बहस हुई। इसी दौरान अचानक युवक ने लड़की को कंधे पर उठा लिया और भागने की कोशिश करने लगा। जिसका वीडियो भी सामने आया है।बताया गया है कि लड़की शहर के सोनवर्षा मोहल्ले की रहने वाली है। उसे छपरा के सेना के एक जवान से इंस्ट्राग्राम पर प्यार हुआ। एक साल में दोनों की नजदीकियां बढ़ी। दोनों में कई मुलाकातें भी हुई। दोनों एक दूसरे को प्यार करने लगे। बताया गया है कि इन दिनों लड़की ने लड़का से दूरी बनाना शुरू किया। जिसके बाद रविवार को युवक समस्तीपुर पहुंचा और लड़की को मिलने के लिए बुलाया।

### शादी में मुर्गा-भात के लिए मारपीट बच्चे की मौत



**नालंदा।** शादी में खाने को लेकर हुई मारपीट में एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार को नालंदा से बारात नवादा गई थी। शादी में मुर्गा-भात को लेकर बाराती और लड़की पक्ष में कुछ कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।इस दौरान करण कुमार (12) समेत 5 बाराती बुरी तरह जख्मी हो गए। शादी से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए बिहारशरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान करण की मौत हो गई। जबकि 4 अन्य विकास कुमार, राजा कुमार, ईश्वर और सूरज कुमार का इलाज चल रहा है।मृतक राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर मोहल्ला निवासी सुरेंद्र राजवंशी का बेटा करण कुमार है। बारात नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद गांव से नवादा जिला के सिरदला थाना के कदुआरा गांव गई थी।मृतक के पिता ने बताया कि राजगीर निवासी उपेंद्र राजवंशी के बेटे अजित कुमार की शादी नवादा जिले के सिरदल्ला थाना क्षेत्र कदुआरा गांव निवासी रामानंद राजवंशी की बेटी काजल कुमारी से तय हुई थी। शनिवार की शाम को राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर से बारात गई थी। नवादा में बारातियों का स्वागत हुआ। खाने के दौरान कुछ बारातियों को मुर्गा-भात नहीं मिला। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चे को लाठी-डंडे से मारा गया था। झगड़े के बाद शादी पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराई गई। दूल्हा, दुल्हन को विदा कर घर ले आया है।

## 12 साल की बच्ची से रेप की कोशिश,मरा समझकर फेंका



**जमुई ।** जमुई में एक युवक ने 12 साल की बच्ची से रेप की कोशिश की। युवक उसे उठाकर घर के पास तालाब किनारे ले गया। लड़की ने विरोध किया तो उसने उसके सिर पर ईंट-पत्थर से मारा और उसका चेहरा बुरी तरह घायल कर दिया। जिसके बाद उसका गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। बच्ची के चेहरे पर इतने वार किए गए हैं कि वो आंख तक नहीं खोल पा रही है।लड़की जब बेहोश हो गई तो वो उसे मरा समझकर छोड़कर भाग निकला। मामला जमुई जिले के सिमुलतला थाना क्षेत्र का है।घटना के बाद बच्ची कई घंटे तक खून से लथपथ वहीं पड़ी रही। जब उसे होश आया तो वह किसी तरह वहां से उठकर घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी।जिसके बाद उसके परिजनों ने घटना की सूचना सिमुलतला थाना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए झाझा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति होने के कारण उसे जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।बच्ची ने बताया कि वह अपनी तीन सहेलियां के साथ शाम में तालाब किनारे खेल रही थी। जिसके बाद उसकी दो सहेली घर चली गई। तभी पीछे से गांव का एक लड़का वहां आया और उसे पकड़ लिया। मेरे साथ मारपीट कर गलत काम करने की कोशिश करने लगा। जब मैंने इसका विरोध किया तो पत्थर से मारकर जख्मी कर दिया। जिसके बाद मैं बेहोश हो गई। होश आने के बाद मैंने घटना की जानकारी पापा-मम्मी को दी।नाबालिग के पिता ने बताया कि मतलू तुरी का बेटा ननकु तुरी (26) ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

एजेंसी



**आरा ।** भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी बाजार के समीप रविवार को अज्ञात वाहन के ठोकर से अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार पेड़ से टकरा गया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक नारायणपुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव वार्ड 9 निवासी संदीप शर्मा का 24 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार है। वह पेशे से बढ़ई था एवं पुणे में रहकर बढ़ई का काम करता था करता था।इधर,मृतक के चचेरे भाई रोहित कुमार ने बताया कि रविवार की शाम वह गांव की बहन मीनू को बाइक से छोड़ने के लिए अगिआंव गया था। जब वह उसे छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान खेड़ी बाजार के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मार दी,जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया।

## एक एकड़ में लगी अफीम की फसलें की गईं नष्ट

एजेंसी



**नवादा।** नवादा में नक्सल प्रभावित इलाका रजौली थाना क्षेत्र के परतौनिया और चरघरवा गांव के जंगलों में एक एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की गई है। एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सहयोग से यह कार्रवाई की गई।एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि जंगली क्षेत्र में अफीम की बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई को लेकर एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस बल और बज्र टीम शामिल थी। काफी देर तक चले ऑपरेशन में एक एकड़ जमीन पर कच्ची अफीम की खेती को नष्ट किया गया। बताया कि परतौनिया के दो जगहों पर अफीम की खेती को दंडाधिकारी के सामने नष्ट किया गया है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।पिपरा परतौनिया के घने जंगलों के बीच वन विभाग की में कई एकड़ भूमि पर माफिया और उग्रवादी संगठन अफीम की खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे सरकार के नल-जल योजना के तहत लगाई गई टंकी से सिंचाई कर रहे हैं लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। अफीम की खेती करने के लिए माफिया और उग्रवादी संगठन जंगल में लगे हरे भरे पेड़ों को काटकर बर्बाद कर उस जगह पर अफीम की खेती कर रहे हैं।इस घने जंगल में लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए सरकार ने नल-जल योजना के तहत टंकी लगाया है। उसी टंकी में लगे मोटर से अफीम की खेत में पाइप के माध्यम से पानी पहुंचा कर सिंचाई किया जा रहा है। ऐसे तो वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते हैं लेकिन, उन्हें अफीम का पौधा उनके भूमि पर लगे होने की भनक भी कैसे नहीं लगी, ये सवाल उठ रहे हैं।

## गया में 4.73 लाख के नकली नोट बरामद, 2 गिरफ्तार

एजेंसी



**गया ।** गया में 4 लाख 73 हजार रुपए का नकली नोट बरामद हुआ है। इसमें 50, 100, 200 और 500 के नोट शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये करीब 4 माह से नकली नोट बनाने का धंधा कर रहे थे। नोट बनाना इन्होंने यू-ट्यूब से वीडियो देख कर सीखा था।अब तक 5 लाख रुपए के नोट बना चुके है, जिसमें से 25 हजार रुपए खपा दिए गए। नोट बेहद ही निम्न क्वालिटी के हैं। पुलिस ने मौके से प्रिंटर, कटर मशीन और अन्य उपकरणों को बरामद किया गया है।पुलिस इस मामले को लोकसभा चुनाव से जोड़ कर देख रही है। मामला चेरकी थाना क्षेत्र के कुरमावां गांव का है।चेरकी थाना प्रभारी एसके गुप्ता ने कहा, सूचना मिली थी कि गांव में नकली नोट तैयार किया जा रहा हैं। एसडीपीओ बोधगया सौरभ जायसवाल के आदेश पर एक टीम गठित कर चेरकी थाना की पुलिस ने छापेमारी की।इस दौरान कुरमावां गांव निवासी वीरेंद्र और टनकुप्पा के चामुखाप निवासी अनुज को गिरफ्तार किया गया। वाटर मार्क के लिए प्रिंटिंग प्रेस में इस्तेमाल होने वाले उपकरण का प्रयोग किया जा रहा था। गिरफ्तार व्यक्तियों के लिंक को खंगाले जा रहे हैं।एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को चेरकी थाना क्षेत्र में नकली नोट बनाने का धंधा किए जाने की गुप्त सूचना मिली। चेरकी थाना की पुलिस ने कुरमावा गांव में छापेमारी की। एक मकान से 4 लाख 73 हजार 400 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए।मौके से कुरमावा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार और टनकुप्पा थाना क्षेत्र के रहने वाले अनुज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर आगे भी अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## कार में स्वर्ण कारोबारी की मौत



**आरा ।** भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया डाक बंगला के समीप रविवार की देर शाम संदेहास्पद स्थिति में कार में बैठे स्वर्ण व्यवसाई की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वही, परिजन द्वारा दम घुट जाने के कारण स्वर्ण व्यवसाई की मौत होने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया गांव निवासी जगनारायण प्रसाद का 23 वर्षीय बेटे आशीष कुमार है।वह पेशे से स्वर्ण व्यवसाई था एवं बिहिया बाजार पर अपना ज्वेलरी का दुकान चलाता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की शाम वह अपना कार धुलवाने के लिए बिहिया डाक बंगला के समीप वाशिंग दुकान पर आया था। कार धुलवाने के बाद वह कार के सभी शीशे को चढ़ाकर कर में कार बैठ गया। उसी बीच उसकी कार में बैठे ही मौत हो गई। काफी देर सड़क किनारे कार खड़ी रहने के कारण जब स्थानीय लोगों ने देखा तो उसके कार का दरवाजा खटखटाया।लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा कार का शीशा फोड़कर उसे बाहर निकला गया ।

## संपत्ति बटावरे के विवाद में मां बेटे की पिटाई:



**आरा।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपाल पीपरा गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर पाटीदारों ने मां-बेटे की पिटाइ कर दी गई।अधमरा अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए।इसके बाद जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके दोनो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपाल पिपरा गांव निवासी त्रिलोकी सिंह की 40 वर्षीय पत्नी मूरत देवी एवं 18 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार है।इधर जख्मी युवक आदित्य कुमार के मामा मुन्ना सिंह ने बताया कि उसके चाचा से ही करीब दस वर्षो से बारह बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर वे लोग कई बार थाना एवं अन्य जगहों पर आवेदन भी दे चुके हैं।लेकिन अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। वह लोग मुफस्सिल थाना में लगे जनता दरबार में इसकी शिकायत करने गए थे। जिसके बाद पुलिस द्वारा फोन कर उसके चाचा को थाने पर बुलाया गया था।इसी बात पर गुस्सा कर जैसे ही दोनो मां-बेटे घर पहुंचे तो उसने उनकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी।

## 10 करोड़ की जमीन के लिए प्रॉपर्टी डीलर का मर्डर

एजेंसी





**मोतिहारी ।** मोतिहारी के सुगौली-छपवा नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास हुई प्रॉपर्टी डीलर अनूप सिंह की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने तीन शूटरों सहित चार लोगों को अरेस्ट कर लिया है। हत्या के पीछे की वजह रक्सौल में 10 करोड़ के ऊपर की महंगी जमीन बताई जा रही है। हत्या के लिए 30 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी।रक्सौल की इस 10 करोड़ की जमीन को लेकर अनूप सिंह का अपने पार्टनर संतोष सिंह से विवाद था। संतोष सिंह के भतीजा विशाल सिंह को इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। वह फिलहाल फरार है, लेकिन पुलिस ने शक के आधार पर संतोष सिंह को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस को शूटरों के पास से दो देसी कट्टा, चार गोली और चार मोबाइल मिला है।मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 11 फरवरी को हरैया निवासी प्रॉपर्टी डीलर अनूप सिंह की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की थी। खुलासा के लिए सदर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया।जब जांच शुरू की तो पता चला कि रक्सौल की एक महंगी जमीन की खातिर अनूप सिंह की हत्या के लिए शूटर हायर किया गया था। जांच जब आगे बढ़ी तो सीतामढ़ी के तीन शूटरों का नाम आया। फिर एक-एक कर तीनों को गिरफ्तार किया गया, तब जाकर हत्या मामले से पर्दा हटा।अनूप की हत्याकांड का मुख्य मास्टरमाइंड विशाल सिंह है। वह एक महीने पहले से साजिश रच रहा था। एसपी के अनुसार विशाल सिंह ने ही सीतामढ़ी के एक शूटर से 30 लाख में हत्या की डील की थी। पुलिस ने सीतामढ़ी के रहने वाले शूटरों सौरभ सिंह, शिवम सिंह और श्रवण कुमार को अरेस्ट किया है। तीनों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने मोतिहारी में बैठे अपने आका के इशारे पर हत्या को अंजाम दिया है।तीनों शूटरों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है। इनमें से एक सौरभ सिंह के खिलाफ सीतामढ़ी में मोबाइल चोरी का केस दर्ज है। बाकी दोनों बिल्कुल नए लड़के हैं। एसपी ने बताया कि मुख्य मास्टरमाइंड विशाल पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।फिल्मी अंदाज में टोल प्लाजा पर मारी थी गोलीबता दें कि 11 फरवरी को अनूप सिंह (40) अपने दोस्त की कार से रक्सौल से मोतिहारी किसी फंक्शन में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच स्कॉर्पियो सवार अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में छपवा नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास ओवरटेक कर उनकी कार को पहले रोका, फिर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। प्रॉपर्टी डीलर को पांच गोलियां मारी गईं, जिसमें एक गोली सिर, दो गोली गले और दो गोली पेट में लगी। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल अनूप को आनन-फानन में रहमानिया मेडिकल सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

# नॉटी बॉय कामयाब

मौसम विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बनाने की दिशा में भारतीय अंतरिक्ष संस्थान इसरो ने नई कामयाबी हासिल की है। शनिवार की शाम श्रीहरिकोटा से तीन चरण वाले जीएसएलवी ने उड़ान भरने के लगभग 18 मिनट बाद इन्सैट-3डीएस को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में तैनात कर दिया। यह ऑर्बिट या कक्षा पृथ्वी से 35,786 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इस ऊंचाई पर एक सैटेलाइट या उपग्रह उतने ही समय में एक कक्षा पूरी करता है, जितने समय में हमारा ग्रह अपनी धुरी पर एक चक्कर लगाता है, यह पृथ्वी के एक दिन के समान है। यह दूरसंचार और मौसम उपग्रहों के लिए एक लोकप्रिय कक्षा है, जहां से लगभग स्थिर भाव से उपग्रह अपने लक्ष्य पर निगाह बनाए रख सकता है। यह मौसम पूवार्नुमान और आपदा चेतावनी के लिए उन्नत मौसम संबंधी अवलोकन और भूमि व महासागरों की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया है। मौसम विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें भारत को तेज तरक्की करने की जरूरत है, क्योंकि अपनी विविध भौगोलिक स्थिति की वजह से यह अनगिनत प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है। सैटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने की जिम्मेदारी जिस विमानन वाहन पर थी, उसे नॉटी बॉय कहा जा रहा है। इसरो के एक दिग्गज वैज्ञानिक ने लॉन्चिंग की सफलता के बाद खुशी से कहा है कि शरारती लड़का अब आज्ञाकारी हो गया है। दरअसल, इस लॉन्चिंग रॉकेट को पुख्ता करने में बहुत समस्या आ रही थी। इसी वजह से इसे शरारती लड़का या नॉटी बॉय कहा गया। अगर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने इस शरारती लड़के को अनुशासित बना दिया है, तो यह अपने आप में बड़ी कामयाबी है। तरह-तरह के उपग्रह विकसित कर लेने से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण है, उपग्रहों को उचित कक्षाओं में स्थापित करने की क्षमता हासिल करना। वास्तव में, इस समग्र लॉन्चिंग वाहन से यह 16वां प्रक्षेपण था और इसका सफल होना बहुत जरूरी था। मौसम संबंधी उपग्रहों में लगातार विकास हो रहा है और नए-नए उपग्रहों को कक्षाओं में स्थापित करना जरूरी है, ताकि सही भविष्यवाणियों की स्थिति बनी रहे। इसरो के लिए यह बहुत अच्छा समय है। विगत महीनों में इसरो ने कुछ बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। उदाहरण के लिए, अगस्त 2023 में देश अपने चंद्रयान-3 लैंडर-रोवर मिशन के साथ चंद्रमा-लैंडिंग क्लब में शामिल हो गया। इसके बाद भारत ने आदित्य-एल1 को भी लॉन्च किया है। इसी वर्ष 1 जनवरी को देश ने ब्लैक-होल का अध्ययन करने वाले एक्स-रे पोलारिमीटर उपग्रह को लॉन्च किया है। कोई शक नहीं है कि भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान ने एक लंबा सफर तय कर लिया है, दो साल बाद भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट को पचास साल हो जाएंगे। 19 अप्रैल, 1975 को रूस ने भारत के आर्यभट्ट को कक्षा में स्थापित किया था। उसके बाद से भारत इस यात्रा में दुनिया के अनेक देशों से आगे निकल गया है। भारत अभी तक 130 से ज्यादा उपग्रह लॉन्च कर चुका है। वह दूसरे देशों की मदद में भी आगे है।

# शक्तिशाली नयी दुनिया

उम्मीदें प्रबल हैं कि भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) से जुड़ा एक मुक्त व्यापार समझौता फलीभूत होने के करीब है। हालांकि, विवाद का एक विषय बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित है और एक मसले के रूप में यह 2008 से ही बरकरार है। ईएफटीए के अहम सदस्यों स्विट्जरलैंड और नॉर्वे में कई फार्मास्यूटिकल और बायोटेक्नोलॉजी कंपनियां हैं जिन्होंने ऐसी कई दवाएं और रोग-निवारक खोजे हैं जो पूरी दुनिया में स्वास्थ्य संबंधी देखभाल को सहारा देते हैं। फार्मा उद्योग की फितरत यह है कि एक उपयोगी प्रभावकारी दवा खोजने में बहुत लागत आती है, जबकि जेनरिक नकल बनाने में अपेक्षाकृत काफी कम। साथ ही दवाओं की मांग और उनके किफायती होने (अफोर्डेबिलिटी) के मामले में भारी असंगति है। इसका सीधा-सीधा मतलब है, आविष्कारकों और जेनेरिक-दवा कंपनियों के बीच लगातार टकराव। पेटेंट से आविष्कारकों को कुछ निर्धारित वर्षों के लिए पूर्ण एकाधिकार मिलता है। और, सरकारों के पास सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में ऐसे एकाधिकारों को चुनिंदा ढंग से तोड़ने के वास्ते अनिवार्य लाइसेंसिंग के लिए निर्देश जारी करने का अधिकार है। इस व्यवस्था ने सहमति कायम की है और दशकों से वैश्विक फार्मा उद्योग टिका हुआ है। लेकिन डेटा एक्सक्लूसिविटी जैसे नये कानूनी नवाचारों का मुक्त व्यापार पर होने वाली बातचीत में घुस आना जारी है। इस प्रावधान के तहत, आविष्कारक फर्म द्वारा बनायी गयी दवा की निरापदता और प्रभावकारिता से जुड़े सभी क्लीनिकल-ट्रायल डेटा उसकी मिल्कियत हो जाते हैं और कम-से-कम छह साल की अवधि के लिए दूसरों की पहुंच से बाहर हो जाते हैं। जेनरिक बनाने की इजाजत तभी संभव है जब किसी देश का नियामक दवा की मंजूरी के लिए मुहैया कराये गये क्लीनिकल ट्रायल डेटा पर भरोसा कर सकता हो। इसके लिए, जेनेरिक निमार्ता अमूमन आविष्कारक द्वारा प्रकाशित डेटा के भरोसे रहते हैं। डेटा एक्सक्लूसिविटी का यह सिद्धांत यूरोपीय देशों में और साथ ही कई विकासशील देशों से जुड़े समझौतों में मौजूद है। अगर यह भारत में लागू होता, तो यह भारत के दवा उद्योग (जो किफायती दवाओं का एक बड़ा निर्यातक भी है) में बड़ी अड़चन डाल सकता था।

# मां काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस

ANALYSIS



रमेश सर्राफ धमोरा

**श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तियां थीं। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी, 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था।**

उन्नीसवीं सदी में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे ऊंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तियां थीं। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी, 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हें कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई



रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदीक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करें। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हें अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष में पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यहीं शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी, जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गए। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होंने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जातीं और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधि थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधि टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्ष से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधि मुझे कभी नहीं लगी। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उसे अपना गुरु मान लेते थे। इनके प्रमुख शिष्यों में स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। 15 अगस्त 1886 को अपने भक्तों और स्नेहितों को दुख के सागर में डुबाकर वे इस लोक में महाप्रयाण कर गये। रामकृष्ण परमहंस महान योगी, उच्चकोटि के साधक व विचारक थे। सेवा पथ को ईश्वरीय, प्रशस्त मानकर अनेकता में एकता का दर्शन करते थे। सेवा से समाज की सुरक्षा चाहते थे। रामकृष्ण का सारा जीवन अध्यात्म-साधना के प्रयोगों में बीता। वे लगातार कई घंटों तक समाधि में लीन हो जाते थे। चौबीस घंटे में बीस-बीस घंटों तक वे मिलनेवाले लोगों का दुख-दर्द सुनते और उसका समाधान भी बताते। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। रामकृष्ण परमहंस मुख्यतः आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने देश में राष्ट्रवाद की भावना को आगे बढ़ाया। उनकी शिक्षा जातिवाद एवं धार्मिक पक्षपात को नकारती हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उनके परम शिष्य स्वामी विवेकानन्द ने एक मई 1897 को बेलुड़ में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस मिशन की स्थापना के केंद्र में वेदान्त दर्शन का प्रचार-प्रसार है। रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य मानवता के सर्वांगीण कल्याण के लिए काम करना, विशेष रूप से गरीबों और दलितों के उत्थान के लिए।

**लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।**

# यह संसार शब्दों का ही मेला है

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम्, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, "पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।" मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं। पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है। पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं। पुस्तक रचनाकार की अन्तकार्या होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पीबी शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं। पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है। शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गए हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है।

## Social Media Corner

सच के हक में...

उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार राज्य के मेरे परिवारजनों का जीवन आसान बनाने में दिन-रात जुटी है। लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह को संबोधित किया।



**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के प्रथम चरण में 28 हजार से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया, जिसमें हजारीबाग के 11,648, कोडरमा के 4,591, चतरा के 7,820 और रामगढ़ के 4,236 लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं मकान निर्माण हेतु प्रथम किस्त प्रदान किया गया। इस योजना के तहत, इन जिलों में दो लाख से अधिक परिवारों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें आगामी चरणों में तीन कमरों का पक्का अबुआ आवास दिया जायेगा।



**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व में अग्रिम पंक्ति में है और 2047 तक भारत इस क्षेत्र में अपनी स्थिति और सुद्दढ़ कर लेगा।



**(पर्वू सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# हिन्दुत्व से सभी का विकास, सभी का विश्वास

अभी केवल सात वर्ष ही हुए हैं। बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है। 2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें। कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था। कानून व्यवस्था सम्हालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाए। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपये की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पाएगा। यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई। योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है। इस बार तो उन्होंने उत्तर प्रदेश का बजट भी श्रीराम के चरणों में ही समर्पित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में चौथी बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी होने जा रही है। लाखों करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश चमक रहा है। वैश्विक परिवेश के वैश्विक आयोजन हो रहे हैं। अभी केवल सात वर्ष पहले जो प्रदेश हिंसा, नफरत और साम्प्रदायिकता की आग में जल रहा था, आज तस्वीर बदल चुकी है। योगी का वह विश्वास हर ओर स्थापित होता दिख रहा है कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं।

# विपक्ष की बबार्दी

राजनीतिक रूप से प्रेरित एक कदम उठाते हुए, आयकर विभाग ने कांग्रेस से जुमार्ने और बकाया के रूप में 210 करोड़ रुपये की मांग की है। इस मांग के बारे में पार्टी का कहना है कि इससे उसके सभी बैंक खातों का संचालन प्रभावी रूप से रुक गया है। पहली नजर में, यह कार्रवाई आरोपों के मुकाबले कहीं ज्यादा लगती है और एक अपीलीय न्यायाधिकरण ने बाद में इस राजनीतिक दल को इस शर्त पर खाते को संचालित करने की इजाजत दी है कि अगले हफ्ते मामले की सुनवाई होने तक 115 करोड़ रुपये की राशि ग्रहणाधिकार (लीन) में रखी जाएगी। पार्टी का कहना है कि उसके चालू खाते में इतनी रकम नहीं है। आम चुनाव से कुछ हफ्ते पहले, देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी खुद को एक केंद्रीय एजेंसी हाथों बंधा हुआ पाती है। यह बेहद चिंताजनक है कि यह कार्रवाई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ने वालों को कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा निशाना बनाने के ढर्रे (पैटर्न) में शुमार है। कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग की यह कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए पार्टी द्वारा दाखिल किए गए कर रिटर्न से जुड़ी है। पार्टी रिटर्न दाखिल करने की 31 दिसंबर, 2019 की समय सीमा से लगभग 45 दिन देर हो गई थी। आयकर रिटर्न में दर्ज 199 करोड़ रुपये की प्राप्तियों में से 14,40,000 रुपये नकद थे, जोकि पार्टी के मुताबिक उसके संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों द्वारा दिए गए थे। रिटर्न दाखिल करने में 45 दिनों की देरी और 14.40 लाख रुपये की विसंगति, अगर हुई तो, के लिए 210 करोड़ रुपये के जुमार्ने की मांग की गई है । आयकर विभाग की यह कार्रवाई कठोर जान पड़ती है और इसका मकसद साफ तौर पर कांग्रेस को पंगु बनाना है। आयकर विभाग का यह असामान्य कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने फैसले में धन और राजनीति के बीच रिश्ते के विस्तार को रेखांकित करने के एक दिन बाद सामने आया है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# यूपी में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, हरियाणा में महंगा

**- ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 82.80 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर 83 डॉलर के आसपास पहुंच गई हैं। इस बीच सोमवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। सोमवार को यूपी के कई शहरों में तेल के दाम नीचे आए। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गौतम बुद्ध नगर में सोमवार को पेट्रोल 6 पैसे महंगा होकर 96.65 रुपये लीटर हो गया। यहां डीजल भी 6 पैसे चढ़ा और 89.82 रुपये लीटर हो गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 27 पैसे सस्ता होकर 96.47 रुपये लीटर तो डीजल 27 पैसे गिरकर 89.66 रुपये लीटर हो गया है। इसके अलावा हरियाणा के गुरुग्राम में पेट्रोल 7 पैसे महंगा हुआ और 97.04 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 7 पैसे बढ़त के साथ 89.91 रुपये लीटर बिक रहा है। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल उछाल पर है। ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 82.80 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़त के साथ 78.81 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है।



लखनऊ में पेट्रोल 96.47 रुपये और डीजल 89.66 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.04 रुपये और डीजल 89.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# भारतीय कार बाजार में प्रवेश करेगी मित्सुबिशी

**- टीवीएस मोबिलिटी में 32 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी जापानी कंपनी**



**नई दिल्ली ।**

जापानी ट्रेडिंग हाउस मित्सुबिशी कॉर्प भारतीय कार सेल बाजार में प्रवेश करने की तैयारी कर रही है। निक्केई एशिया की खबर के अनुसार कंपनी भारतीय कार बिक्री प्रमुख टीवीएस मोबिलिटी में 30 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी हासिल कर रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों कंपनियों के बीच हुए इस समझौते के तहत, टीवीएस मोबिलिटी अपने कार बिक्री कारोबार को बंद कर देगी, जिसमें मित्सुबिशी नई इकाई में 30 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी लेगी। निवेश 5 बिलियन से 10 बिलियन येन (33 मिलियन से 66 मिलियन) के बीच होने की उम्मीद है। हालांकि अभी इस निवेश को नियामकीय मंजूरी मिलना बाकी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि निवेश को अंतिम रूप देने के बाद मित्सुबिशी अपने कर्मचारियों को डीलरशिप पर भेजने की योजना बना रही है। नई कंपनी टीवीएस मोबिलिटी के 150 मौजूदा आउटलेट्स का उपयोग करते हुए प्रत्येक कार ब्रांड के लिए डेडिकेटेड शोरूम बनाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआत में होंडा कारों की बिक्री बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, जो पहले से ही टीवीएस के लाइनअप में हैं। मित्सुबिशी जापानी कार ब्रांडों और मॉडलों की रेंज को बढ़ाने के लिए जापानी वाहन निर्माताओं के साथ चर्चा का करेगी।

भारत नई कारों की बिक्री में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है, केवल चीन और अमेरिका से पीछे है, लेकिन जापानी वाहन निर्माताओं को इस क्षेत्र में सीमित सफलता मिली है, जिसमें सुजुकी मोटर एक उल्लेखनीय अपवाद है। मित्सुबिशी का लक्ष्य नई कंपनी के माध्यम से स्थानीय ब्रांडों के साथ जापानी कारों को बेचने का है।

# सरकार ने प्याज के निर्यात से हटाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध हटा लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली मंत्री समिति ने प्याज निर्यात को मंजूरी दी है। शुरुआत में 3 लाख मीट्रिक टन प्याज निर्यात होगा। देश में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुल लगाने के लिए सरकार ने निर्यात प्रतिबंध लगा दिया था। इसकी समयसीमा 31 मार्च 2024 तय की थी। गुजरात और महाराष्ट्र में प्याज के पर्याप्त स्टॉक को देखते हुए सरकार ने प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने केंद्रीय गृहमंत्री को प्याज किसानों की स्थिति के बारे में बताया था। प्याज उत्पादक क्षेत्रों में प्याज समेत अन्य सब्जियों की कीमतों में गिरावट आने और देश में प्याज का पर्याप्त भंडार होने के चलते ही सरकार ने निर्यात प्रतिबंध समाप्त करने का फैसला लिया है।

प्याज के उत्पादन में कमी और आसमान पर पहुंची कीमतों के चलते केंद्र सरकार ने बीते 8 दिसंबर को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। पिछले साल दिसंबर महीने में प्याज की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली थी, तब प्याज के दाम 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए थे। इसके बाद सरकार सक्रिय हुई, जिससे कीमतों पर लगाम लगी।

# वाइज़ ट्रैवल इंडिया के शेयर बढ़त के साथ खुले

**नई दिल्ली ।**

किराए पर कार उपलब्ध कराने वाली कंपनी वाइज़ ट्रैवल इंडिया (डब्ल्यूटीआई) के शेयर की सोमवार को एनएसई, एसएमई प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक शुरुआत हुई। कंपनी के आईपीओ को निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली थी। यह ओवरऑल 163 गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ था। एनएसई एसएमई पर डब्ल्यूटीआई कैब का शेयर प्राइस 195 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो 147 रुपये के इश्यू प्राइस से 32.65 फीसदी अधिक है। इसका मतलब है कि निवेशकों को 32 फीसदी से अधिक लिस्टिंग गेन मिला है। लिस्टिंग के बाद शेयर पर अपर सर्किट लगा। डब्ल्यूटीआई कैब्स आईपीओ सोमवार, 12 फरवरी को सबस्क्रिप्शन के लिए खुला और बुधवार 14 फरवरी को बंद हुआ था। डब्ल्यूटीआई कैब्स आईपीओ का प्राइस बैंड 140 रुपये से 147 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। आईपीओ के लॉट साइज में 1,000 शेयर शामिल थे। निवेशक न्यूनतम 1,000 शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं। डब्ल्यूटीआई कैब्स आईपीओ जिसकी कीमत 94.68 रुपये करोड़ है में 10 रुपये के फेस वैल्यू के साथ 6,441,000 इक्विटी शेयरों का ताजा अंक शामिल है। यह पूरी तरह से एक फ्रेश इश्यू है और इसमें बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव शामिल नहीं है। कंपनी आईपीओ के जरिए जुटाए पैसों का इस्तेमाल अपनी वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं को पूरा करने, अपने सामान्य कॉर्पोरेट लक्ष्यों को आगे बढ़ाने और इश्यू के खर्चों का भुगतान करने के लिए करेगी।




# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीदारी) से आया है। कारोबार के दौरान वित्तीय और उर्जा शेयरों में तेजी से ये उछाला आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 281.52 अंक करीब 0.39 फीसदी ऊपर आकर 72,708.16 पर बंद हुआ। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 81.55 अंक तकरीबन 0.37 फीसदी ऊपर आकर 22 हजार के स्तर से ऊपर निकल गया।

आज सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 2.86 फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, आईटीसी, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाभ के साथ ही ऊपर आये। वहीं दूसरी ओर एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा टूटकर बंद हुआ।

इसके अलावा विप्रो, टीसीएस, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स सहित 13 कंपनियों के शेयर नीचे आये हैं। आज एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4.65 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इंट्रा-डे (एक ही दिन में खरीदने और बेचने) का कारोबार भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

वहीं आज सुबह वैश्विक बाजारों से एशियाई बाजारों से मिलेजुले रुख के बीच ही यूरोप के शेयर बाजार में गिरावट रही। वहीं चीन का बाजार लूनर न्यू ईयर की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार को फिर से खुल गया। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई है।

सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त पर खुले हैं। वहीं बैंक निफ्टी में भी हल्की बढ़त देखी जा रही है। बाजार की शुरुआत में सेंसेक्स 58 अंक ऊपर आकर 72484 के स्तर के करीब जबकि निफ्टी 38 अंक चढ़कर 22079 के स्तर करीब कारोबार करता दिखा। वहीं चीन के बाजार 6 दिन के बाद खुले।

## नथिंग के सह संस्थापक ने मस्क को नाम बदलने का सुझाव दिया

**लंदन ।** लंदन स्थित उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड नथिंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक कार्ल पेई ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को अपना नाम बदलकर एलन भाई करने का सुझाव दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में पेई ने मस्क को टैग किया और उन्हें भारत में टेस्ला फैक्ट्री लगाने के लिए अपना नाम बदल लेना चाहिए। पेई ने लिखा कि एलन मस्क, क्या आपने सोचा है कि आप अपना यूजरनेम एलन भाई रखे बिना भारत में टेस्ला फैक्ट्री लगा सकते हैं? पेई ने अपना नाम भी बदलकर एक्स पर कार्ल भाई रख लिया। पाई के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने कमेंट किया, एलन भाई भारत में इतने लोकप्रिय हैं कि अगर वह वहां चुनाव लड़ते हैं तो उनकी जीत पक्की है। एक अन्य यूजर ने लिखा, एलन भाई बनने का समय आ गया है, एलन मस्क। एक और यूजर ने कहा, आप भाई हैं, वह मामू होंगे। कंपनी ने एक्स पर अपने अन्य अकाउंट्स में भाई भी जोड़ा। कंपनी ने नथिंग इंडिया को नथिंग इंडिया भाई और सीएमएफ बाय नथिंग से सीएमएफ भाई नथिंग में बदल दिया। नथिंग अगले महीने भारत में अपना फोन (2ए) लांच करने की तैयारी में है।




## सिंगापुर से दूसरे देशों में हवाई यात्रा होगी महंगी

**सिंगापुर ।** सिंगापुर से अन्य देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों से ईको फ्रेन्डली विमान ईंधन के उपयोग के शुरू होने 2026 के बाद से ज्यादा किराया वसूला जा सकता है। यह जानकारी सोमवार को लांच किये गये सिंगापुर सस्टेनेबल एयर हब ब्लूप्रिंट में दी गई। चांगी एविएशन समिट 2024 में ब्लूप्रिंट लांच करते हुए परिवहन मंत्री ची होंग टैट ने कहा कि सिंगापुर ने 2050 तक नेट-शून्य हासिल करने के लिए कृतसंकल्प है और टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) कार्बन उत्सर्जन में कटौती में दो-तिहाई योगदान देगा। उन्होंने कहा कि 2026 से एसएएफ का उपयोग करने वाली उड़ानें और एसएएफ-उपयोग लक्ष्य को 2026 में एक प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक तीन प्रतिशत से पांच प्रतिशत के बीच करना है। दरअसल, खाद्य अपशिष्ट सहित गैर-पेट्रोलियम फीडस्टॉक से बने एसएएफ की मौजूदा कीमत पारंपरिक जेट ईंधन से लगभग तीन से पांच गुना अधिक है। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार सिंगापुर एयरलाइंस और यात्रियों को लागत निश्चितता प्रदान करने के लिए एसएएफ लक्ष्य और अनुमानित एसएएफ मूल्य के आधार पर एक निश्चित लेवी लागू करेगा। एसएएफ लेवी वसूलने के बाद सिंगापुर से बैंकॉक की सीधी उड़ान में इकोनॉमी क्लास के यात्री के लिए टिकट की कीमत तीन सिंगापुर डॉलर (2.2 अमेरिकी डॉलर) बढ़ जाएगी, प्रीमियम क्लास के यात्रियों को अधिक लेवी का भुगतान करना होगा। गौरतलब है कि एसएएफ लेवी के अधिक विवरण की घोषणा 2025 में की जाएगी।

## सोना चमका, चांदी में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** इस सप्ताह सोने के वायदा भाव की शुरुआत सोमवार को तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस सुस्ती के साथ ही चांदी के वायदा भाव गिरकर 72 हजार रुपये से नीचे आ गए हैं। सोने के वायदा भाव आज की तेजी के साथ 62 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे हैं। वहीं वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज और चांदी के वायदा भाव की नरम रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 92 रुपये की तेजी के साथ 61,970 रुपये के भाव पर खुला और 147 रुपये की तेजी के साथ 62,025 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 717 रुपये की गिरावट के साथ 71,395 रुपये के भाव पर खुला और यह 526 रुपये की गिरावट के साथ 71,586 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने की शुरुआत तेजी और चांदी की गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,027.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 2,024.10 डॉलर था। फिलहाल यह 7.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,031.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछ्ला बंद भाव 23.47 डॉलर था। यह 0.31 डॉलर की गिरावट के साथ 23.16 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# 7-सीटर एसयूवी सी3 एयरक्रॉस देगी अर्टिगा को चुनौती

**-अभी अर्टिगा प्राइवेट और कमर्शियल खरीदारों के बीच लोकप्रिय**

**नई दिल्ली ।**

मारुति अर्टिगा को अब घर में चुनौती देने के लिए एक नई कार एंट्री ले चुकी है। फ्रांस की कार निर्माता सिट्रोन भारत में अपनी 7-सीटर एसयूवी सी3 एयरक्रॉस की बिक्री कर रही है। भारतीय बाजार में सीधे तौर पर मारुति अर्टिगा के टक्कर में लाया गया है। हालांकि, इसका मुकाबला हुंडई क्रेटा, मारुति ग्रैंड विटारा, टोयोटा रुमियन और हाल ही में लॉन्च हुई होंडा एलिवेट से भी है। सिट्रोन सी3 एयरक्रॉस की बात करें तो इसे 9.99 लाख रुपये की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। इसके टॉप वेरिएंट की कीमत 12.10 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक जाती है। कंपनी ने इसे तीन ट्रिम यू, प्लस और मैक्स में लॉन्च किया है।

यह एसयूवी 5 और 7-सीटर कॉन्फिगरेशन में आती है। 7-सीटर कॉन्फिगरेशन में तीसरी पंक्ति की सीटों को हटाया जा सकता है। सी3 एयरक्रॉस में कंपनी ने 1.2-लीटर का टर्बो पेट्रोल इंजन दिया है। यह इंजन 110 बीएचपी की पॉवर और 190 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह एसयूवीपहले केवल मैनुअल ट्रांसमिशन में लॉन्च की गई थी लेकिन अब कंपनी ने इसके ऑटोमैटिक वर्जन को भी लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा किया है कि ये इंजन फ्यूल एफिसिएंट है जो 18.5 किलोमीटर की माइलेज आसानी से निकाल सकता है।




सुरक्षा के लिहाज से इसमें फ्रंट में डुअल एयरबैग, ईबीडी के साथ एबीएस, हिल-होल्ड असिस्ट, रियर पार्किंग सेंसर, रिवर्स कैमरा और एक टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) जैसे फीचर्स भी मिलते हैं।अगर फीचर्स की बात करें तो सिट्रोन सी3 एयरक्रॉस में वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले कनेक्टिविटी के साथ 10.2 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम और 7 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले जैसे कुछ खास फीचर्स दिए हैं।

इसमें स्टीयरिंग-माउंटेड ऑडियो कंट्रोल और मैनुअल एसी भी मिलता है।

## बायजू राइट्स इश्यू को 30 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली!

**मुंबई ।** बायजू को राइट्स इश्यू से करीब 30 करोड़ डॉलर की कुल प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है। कुछ निवेशकों ने राइट्स इश्यू का आकार बढ़ाने का भी सुझाव दिया है, लेकिन कंपनी के लिए प्राथमिकता मौजूदा इश्यू को सफलतापूर्वक बंद करना है। एडटेक प्रमुख थिंक एंड लर्न को राइट्स इश्यू के जरिए निवेशकों से 30 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता मिली है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बायजू ब्रांड नाम के तहत संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने 22-25 करोड़ अमेरिकी डॉलर उद्यम मूल्यांकन पर 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाने के लिए जनवरी में राइट्स इश्यू जारी किया था। यह फरवरी ओ खिर में बंद होगा। बताया जा रहा है कि अभी तक बायजू को राइट्स इश्यू से करीब 30 करोड़ डॉलर की कुल प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है। कुछ निवेशकों ने राइट्स इश्यू का आकार बढ़ाने का भी सुझाव दिया है, लेकिन कंपनी के लिए प्राथमिकता मौजूदा इश्यू को बंद करना है।

## पेटीएम का शेयर पांच फीसदी चढ़ा




**मुंबई ।** पेटीएम का शेयर सोमवार को शुरुआती कारोबार में 5 प्रतिशत उछलकर 358.55 रुपये के अपर सर्किट पर पहुंच गया। पेटीएम के शेयरों में यह तेजी दरअसल पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस की तरफ से हाल ही में की गई बड़ी घोषणा के बाद आई है। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने 16 फरवरी को अपना मुख्य खाता पेटीएम पेमेंट्स बैंक से हटाकर एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से मिली 15 दिन की राहत के कुछ ही देर बाद ही पेटीएम ने यह जानकारी दी कि उसने अपना नोडल अकाउंट पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसकी पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अपने नोडल अकाउंट को एक एस्क्रो अकाउंट के जरिये एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया और वहां अकाउंट खोल लिया है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के लिए समय सीमा को 29 फरवरी से बदलकर 15 मार्च तक बढ़ाने के भी ऐलान किया। यह मोहलत 31 जनवरी को लगाए गए कुछ प्रतिबंधों पर लागू है।

# जीपीटी हैल्थकेयर का प्राइस बैंड 177-186 रुपए तय

**नई दिल्ली ।**

जीपीटी हेल्थकेयर आईपीओ का प्राइस बैंड 10 रुपये के फेस वेल्यू पर 177 से 186 रुपये के बीच तय किया गया है। जीपीटी हेल्थकेयर का आईपीओ सब्सक्राइब करने के लिए गुरुवार 22 फरवरी को खुलेगा और सोमवार 26 फरवरी को बंद होगा। जीपीटी हेल्थकेयर आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों को अलॉटमेंट बुधवार 21 फरवरी को किया जाएगा। फ्लोर प्राइस इक्विटी शेयरों के फेस वैल्यू का 17.7 गुना है और कैप वैल्यू इक्विटी शेयरों के फेस वैल्यू का 18.6 गुना है। वित्त वर्ष 2023 के लिए न्यूनतम मूल्य पर ईपीएस आधारित मूल्य, आय रेश्यो 36.27 गुना और कैप मूल्य पर 38.11 गुना है। जीपीटी हेल्थकेयर के आईपीओ का लॉट साइज 80 इक्विटी शेयरों का है यानी निवेशकों के एक लॉट में मिनिमम 80 शेयर लेने होंगे। जीपीटी हेल्थकेयर आईपीओ ने योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए पब्लिक इश्यू में 50 फीसदी से अधिक शेयर रिजर्व नहीं किए हैं। वहीं गैर-संस्थागत संस्थागत निवेशकों के लिए 15 फीसदी और खुदरा निवेशकों के लिए 35 प्रतिशत तक शेयर रिजर्व रखे गए हैं। जीपीटी हेल्थकेयर आईपीओ को ताजा इश्यू के माध्यम से लगभग 40 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। फंड जुटाने के लिए ऑफर-फॉर-सेल के हिस्से के रूप में इसका 2.61 करोड़ शेयर जारी करने का भी इरादा है। कंपनी फंड का इस्तेमाल अपने लक्ष्यों के वित्तपोषण के लिए करेगी। साथ ही कुछ फंड का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य, कंपनी द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त कुछ मौजूदा ऋणों का पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान या भुगतान करने के लिए करेगी।

GPS Healthcare
General Practice Solihull
To provide high quality primary care services which improve the health and social care outcomes for the population of Solihull

## जेनिथ ड्रग्स का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

**मुंबई ।** फार्मा कंपनी जेनिथ ड्रग्स लिमिटेड ने सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) सब्सक्रिप्शन के लिए खोल दिया है। कंपनी अपने एसएमई आईपीओ के जरिए 40.6 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर 27 फरवरी को हो सकती है। कंपनी के आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 75-79 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक आईपीओ को 19 फरवरी से 22 फरवरी तक सब्सक्राइब कर सकते हैं। आईपीओ 51.4 लाख शेयरों का पूरी तरह से ताजा इक्विटी इश्यू है और इश्यू के जरिए कंपनी का टार्गेट 40.6 करोड़ रुपये जुटाने का है।अक्टूबर 2023 को समाप्त अवधि के लिए, कंपनी ने 69.48 करोड़ रुपये का राजस्व और 5.4 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। आईपीओ से जुटाई गई राशि से कंपनी मशीनरी की खरीद और नए प्लांट की स्थापना, मौजूदा मैन्युफैक्चरिंग ब्लॉक अपग्रेडेशन, वर्किंग कैपिटल आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ग्रेटेक्स कॉरपोरेट सर्विसेज आईपीओ की बुक-रनिंग लीड मैनेजर है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज रजिस्ट्रार है। ऑफर का लगभग 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए, 35 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए और शेष 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व है।



# सबसे ज्यादा तनाव भारतीय महिलाओं में

महिलाएं घर से लेकर दफ्तर तक खुद को बेहद तनाव और दबाव में महसूस करती हैं। यह समस्या विकासशील देशों में ज्यादा दिख रही है। लेकिन यदि ये पूछा जाए कि दुनिया में किस देश की महिलाएं सबसे ज्यादा तनाव में रहती हैं तो शायद इसका जवाब आपकों हैरानी और चिंता में डाल सकता है। जी हाँ, भारत की महिलाएं सबसे ज्यादा तनाव में रहती हैं और इसका खुलासा एक सर्वे में भी हो चुका है। इस सर्वे में 6,500 महिलाओं ने हिस्सा लिया था। ये सर्वे तुर्की, रूस, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, चीन, थाइलैंड, भारत, मलेशिया, मेक्सिको, ब्राजील, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, स्वीडन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया में कराया गया।

21 विकसित और उभरते हुए देशों में कराए गए नीलसन सर्वे में सामने आया कि तेजी से उभरते हुए देशों में महिलाएं बेहद दबाव में हैं, लेकिन उन्हें आर्थिक स्थिरता और अपनी बेटियों के लिए शिक्षा के बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद भी दूसरों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। सर्वे में 87 प्रतिशत भारतीय महिलाओं ने कहा कि ज्यादातर समय वे तनाव में रहती हैं और 82 फीसदी का कहना है कि उनके पास आराम करने के लिए वक्त नहीं होता। हालांकि तनाव में रहने के बावजूद इस बात की काफी संभावना है कि भारतीय महिलाएं आने वाले पांच साल के दौरान अपने ऊपर ज्यादा खर्च करेंगी। 96 प्रतिशत का कहना है कि वे कपड़े खरीदेंगी जबकि 77 फीसदी कहती हैं कि वे सेहत और सुंदरता से जुड़े उत्पादों पर जेब ढीली करेंगी। वहीं 44 फीसदी महिलाएं घर में बिजली से चलने वाली चीजें लाना चाहती हैं। सर्वे के अनुसार दुनिया भर में महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और बड़ी संख्या में नौकरियां कर रही हैं। उनके काम करने से घर की आमदनी भी बढ़ रही है। महिलाओं ने सर्वेकर्ताओं को बताया कि जब उन्हें अपने लक्ष्य मिलते हैं तो वह खुद को सशक्त महसूस करती हैं, लेकिन इससे उनका तनाव भी बढ़ता है।

तनाव और समय न होने के मामले में मेक्सिको की महिलाएं दूसरे नंबर पर हैं। वहां 74 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या से परेशान हैं। इसके बाद रूस में 69 प्रतिशत महिलाएं तनाव झेल रही हैं। सर्वे के मुताबिक इस तनाव के लिए एक हद तक सामाजिक बदलाव भी जिम्मेदार हैं। वहीं विकसित देशों में स्पेन में सबसे ज्यादा 66 प्रतिशत महिलाएं तनाव की शिकार हैं। इसके बाद फ्रांस में 65 प्रतिशत और अमेरिका में 53 प्रतिशत महिलाएं इस समस्या सजूझ रही हैं। सर्वे में उभरते हुए देशों

## घर से दफ्तर तक भेदभाव

की 80 प्रतिशत महिलाओं को उम्मीद है कि उनकी बेटी को उनसे कहीं ज्यादा वित्तीय स्थिरता मिलेगी जबकि 83 फीसदी का कहना है कि उन्हें शिक्षा हासिल करने के ज्यादा मौके मिलेंगे। विकसित देशों में 40 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि उनकी बेटियों की वित्तीय स्थिति उनसे अच्छी होगी जबकि 54 प्रतिशत का अनुमान है कि उनकी बेटियां बेहतर शिक्षा पाएंगी। यानि सर्वे से कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जैसे महिलाएं तनाव में तो हैं लेकिन यदि उन्हें लक्ष्य दिया जाए तो वे खुद को सशक्त महसूस करती हैं, महिलाएं मानती हैं कि बेटियां उनसे ज्यादा शिक्षा हासिल करेंगी और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेगी।

महिलाएं अब पहले की तरह अबला नहीं रहीं। चाहे राजनीति का क्षेत्र हो या तकनीकि या फिर सेना का, हर क्षेत्र में महिलाओं की जबरदस्त भागीदारी है। उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार मिले हैं और आगे बढ़ने के अवसर भी। लेकिन ये भी सच है कि वे आज भी घर पर वे हिंसा का शिकार बनती हैं और दफ्तर में भी उनसे भेद भाव किया जाता है। मुमकिन है आप इस बात पर एकाएक यकीन न करें लेकिन संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है ऐसी लाखों महिलाएं हैं, जो जीवन में कभी ना कभी अपने पति के हाथों हिंसा का शिकार हुई हैं। ऐसा बहुत बार देखा गया है कि महिलाओं को फैसले लेना का हक नहीं दिया जाता, उन्हें खुद को हिंसा से बचाने की भी अनुमति नहीं होती। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसे 186 देश हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार देश में लिंग भेद खत्म करने की प्रतिज्ञा ली है, लेकिन वे ऐसा करने में नाकाम रहे हैं। 127 देश तो ऐसे हैं जो बलात्कार की सजा भी नहीं दे पाते और 61 देशों में गर्भपात पर रोक है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएन वुमन ने यह रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आज से दो शतक पहले केवल दो ही देशों में महिलाओं को मताधिकार था लेकिन अब लगभग हर देश में महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त हो गया है। इसके बावजूद उनके उत्पीड़न और प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं।

महिलाओं को घर पर बुरे व्यव्हार के साथ-साथ दफ्तर में भी तनाव का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है दुनिया में आधी से अधिक नौकरी पेशा महिलाएं ऐसी नौकरियां कर रही हैं, जहां वे सुरक्षित महसूस नहीं करती। इनकी संख्या करीब साठ करोड़ है और जिस तरह की नौकरियों में वे फंसी हुई हैं, वह श्रम कानूनी के दायरे से भी बाहर है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं को तीस प्रतिशत कम वेतन मिलता है।




# 2 मिनट में करें मेकअप



आज की दौड़-भाग भरी इस जिंदगी में स्वयं के लिए खुद के लिए और खास तौर पर मेकअप के लिए वक्त निकालना मुश्किल हो गया है। महिलाएं अक्सर सोचती हैं कि पहले जरूरी काम निपटा लें फिर तैयार हो जाएंगी। काम निपटाते-निपटाते कब ऑफिस या पार्टी में जाने का वक्त हो जाता है उन्हें पता ही नहीं चलता और वे ठीक से तैयार हुए बिना ही निकल पड़ती हैं, फिर बाद में अफसोस करती हैं। हम आपको बता रहे हैं कुछ टिप्स जिसे अपनाकर आप मिनटों में मेकअप कर सकती है। दो मिनट का समय निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। सबसे पहले चेहरे पर फाउंडेशन व आंखों पर लाइट कलर का आई शेडो लगाएं। चिकबोन पर लाइट शेड का ब्लश आन और होठों पर लिप ग्लास लगाएं। इस तरह आप 2 मिनट में सॉफ्ट और सोफेस्टिकेटेड लुक के साथ तैयार हो सकती हैं। रोजमर्रा के लिए इतना मेकअप काफी है। स्पेशल यानी खास मौके पर जाना हो तो पहले फाउंडेशन लगाएं फिर कॉम्पेक्ट से फाइनल टच दें। इस बार आंखों पर भी थोड़ा ज्यादा मेकअप करें। पहले लाइनर फिर लाइट शेड या दो शेड को मिलाकर आई शैडो लगाएं आप चाहें तो काजल भी लगा सकती हैं। चिकबोन पर हल्के पिंक या पीच शेड का ब्लश आन लगाएं। होठों का मेकअप हल्का रखें। होंठो के लिए लिप ग्लास ही काफी है।

पार्टी में यदि आप कुछ अलग और खास नजर आना चाहती हैं तो मेकअप को 10 मिनट दें। सबसे पहले चेहरे के दाग-धब्बे छुपाने के लिए कंसीलर, फिर केक फाउंडेशन, काम्पेक्ट या पैन केक से बेस लगाएं। आंखों के लिए ग्रे, पर्पल जैसे शेड चुनें। साथ ही इस बार आईलाइनर, मस्कारा और काजल भी लगाएं। ब्लश आन थोड़ा डार्क रखें या शाईनर का उपयोग करें। लिपलाइनर से आउटलाइन करके लिपिस्टिक लगाएं। अंत में लिप ग्लास से फाइनल टच दें।

## शहद के गुणकारी घरेलू नुस्खे



- हृदय की धमनी के लिए शहद बडा शक्तिवर्द्धक है। सोते वक्त शहद व नींबू का रस मिलाकर एक ग्लास पानी पीने से कमजोर हृदय में शक्ति का संचार होता है।
- पेट के छोटे-मोटे घाव और शुरुआती स्थिति का अल्सर शहद को दूध या चारा के साथ लेने से ठीक हो सकता है।
- सूखी खाँसी में शहद व नींबू का रस समान मात्रा में सेवन करने पर लाभ होता है।
- शहद से माँसपेशियाँ बलवती होती हैं।
- बढे हुए रक्तचाप में शहद का सेवन लहसुन के साथ करना लाभप्रद होता है।
- अदरक का रस और शहद समान मात्रा में लेकर चाटने से श्वास कष्ट दूर होता है और हिचकियाँ बंद हो जाती हैं।
- संतरों के छिलकों का चूर्ण बनाकर दो चम्मच शहद उसमें फेंटकर उबटन तैयार कर त्वचा पर मलें। इससे त्वचा निखर जाती है और कांतिवान बनती है।
- कब्जियत में टमाटर या संतरे के रस में एक चम्मच शहद डालकर सेवन करें, लाभ होगा।



# खाना खजाना

## मटर के समोसे



**सामग्री**–250 ग्राम मैदा, चुटकी भर अजवायन, 2 कटोरी मटर के दाने, 2 छोटे चम्मच अमचूर व लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार नमक, 1 छोटा चम्मच गरम मसाला, स्वादानुसार बारीक कटी हरी मिर्च।

**विधि**–मैदे में अजवायन व मोयन डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसमें आवश्यकतानुसार पानी डालकर आटा गूंध लें। भरावन के लिए मटर को दरदरा पीस लें। इसमें हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, नमक, अमचूर, गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिलाएं। एक पैन में तेल गर्म करें। इसमें तैयार भरावन डालकर पांच मिनट तक भून लें। गूंधे हुए मैदे की लोई बनाकर पतली रोटी बेल लें। रोटी के बीच से दो भाग करें। समोसे का आकार देते हुए भरावन भरें। इसी तरह सभी समोसे तैयार करें। गर्म तेल में मध्यम आंच पर सुनहरे होने तक सभी समोसे तल लें। इमली या हरी चटनी के साथ गर्मा-गर्म समोसे सर्व करें।



## लजीज केसर-मटर पुलाव

**सामग्री**- 1 कटोरी बासमती चावल, 1 कटोरी मटर, 1 चम्मच केसर, 1/2 कप दूध, 3-4 लौंग, 1 टुकडा दालचीनी, 2 बड़ी इलायची, 2-3 छोटी इलायची, 3-4 तेज पत्ते, 3-4 काली मिर्च, 4-5 अखरोट की गिरियों के टुकड़े, 8-10 काजू, 10-12 बादाम, 1 बड़ा चम्मच घी, थोड़ी किशमिश, नमक स्वादानुसार।

**विधि**- केसर को दूध में घोल लें। चावल को पानी में भिगो दें। घी गरम करके किशमिश डालकर सूखे मेवे हलके गुलाबी तलकर बाहर निकालें। सारा खड़ा गरम मसाला गरम घी में डालें। आधा केसर दूध व चावल डालकर चलाएं। ढाई कटोरी पानी, मटर, किशमिश और नमक डालकर उबालें। तैयार हो जाने पर शेष केसर, दूध डालकर 2-3 मिनट तक ढंक दें। परोसने के समय तले सूखे मेवों से सजाएं और सर्दी के मौसम में गरमा-गरम केसर-मटर पुलाव का लुफ्त लें।



# प्रेग्नेंसी में झड़ते हैं बाल

मां बनना किसी भी महिला की लाइफ का सबसे खुशनुमा पल होता है। लेकिन यह खुशी तब छू हो जाती है, जब अचानक बालों का गिरना शुरूहो जाता है।

प्रेग्नेंसी के बाद आमतौर पर महिलाओं के बाल गिरने लगते हैं। कई महिलाएं तो यह सोच- सोचकर टेंशन में आ जाती हैं कि आखिर इनका गिरना कैसे रोका जाए। चिकित्सकों के मुताबिक, प्रेग्नेंसी के दौरान हुए हार्मोनल चेंज की वजह से ऐसा होता है और जब हार्मोस नॉर्मल फेज में आने लगते हैं, तो बालों का गिरना धीरे-धीरे कम होता चला जाता है।

चिकित्सकों के अनुसार यह समस्या आमतौर पर प्रेग्नेंसी के बाद या बर्थ कंट्रोल पिल्स के बंद करने पर आती है। इसके अलावा, ज्यादा ब्लीडिंग होना, स्ट्रेस और एनीमिक होना भी बालों के गिरने की एक बड़ी वजह होती है।

प्रेग्नेंसी में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल काफी बढ़ जाता है। यही हार्मोन बालों की ग्रोथ बढ़ाते हैं, इसलिए प्रेग्नेंसी के दौरान तो आपके बाल ना के बराबर गिरते हैं। दरअसल, हमारे 90 फीसदी बाल एक समय में बढ़ते हैं और वहीं 10 फीसदी (रेस्टिंग फेज) में चले जाते हैं। प्रेग्नेंसी में रेस्टिंग फेज के बाल बढ़ते जाते हैं। जैसे ही यह लेवल बदलता है, बाल गिरना शुरू होते हैं। ऐसा पोस्ट-प्रेग्नेंसी के 3-6 महीने तक रहता है। वैसे यह भी देखने में आया है कि कुछ महिलाओं के बाल पहले जैसे घने फिर से नहीं हो पाते हैं। इनके अलावा भी बालों के गिरने की कई वजह होती हैं।

जैसे किसी हार्मोनल दवा को अचानक छोड़ना, मिस कैरिज होना, एबार्शन, हार्मोनल असंतुलन आदि। इस समस्या से निपटने के लिए खूब फल आदि खाएं। इससे बालों को पूरे न्यूट्रिशंस मिल पाएंगे , जिससे वो कम गिरेंगे। कैलशियम, फॉलिक एसिड, विटामिन बी, सी, ई के साथ जिंक और आयरन जरूर लें। बटर चिकन अवॉइड करें । इनके बजाय फिश, लो फैट चीज, अंडे, बादाम, बींस और दही खाएं। डेयरी प्रॉडक्ट में सोया मिल्क और टोफू शामिल करना फायदेमंद रहेगा। आयरन की क्वांटिटी भरपूर रहने से बालों की जड़ों में ब्लड फ्लो अच्छा रहता है, जिससे उनकी ग्रोथ अच्छी रहती है। इसके लिए किशमिश या मुनक्का और चौरी जूस लेना फायदेमंद रहेगा। अंडा, खजूर, हरी सब्जियां भी आयरन के अच्छे सोर्स हैं। इसके साथ विटामिन सी के लिए ऑरेंज, स्ट्रॉबेरी आदि लेना न भूलें क्योंकि यह आयरन को पचाने में मदद करते हैं। खीरे के छिलके, लाल-हरी मिर्च और आलू में सिल्का होता है, जो कई तरह के विटामिंस के पाचन को आसान कर देता है। लेकिन इनका फायदा आपको पूरी तरह तभी मिल पाएगा, जब आप इनको कच्चा खाएंगे। इस सबके अलावा खूब सारा पानी लें, ताकि आपका सिस्टम क्लीन और बाल हाईड्रेट रहें।

THE PHOTON NEWS

09 www.thephotonnews.com
Tuesday, 20 February 2024

## हिमाचल में बर्फबारी का दौर शुरू, पहाड़ों ने ओढ़ी सफेद चादर



शिमला। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का दौर एक बार फिर शुरू हो चुका है। किन्नौर, लाहौल स्पीति, कुल्लू और चंबा के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। पिछले 24 घंटे में हुई बर्फबारी के दौरान रोहतांग में 4 इंच, कोकसर में 2 इंच, सिस्सू में 1 इंच और लाहौल स्पीति के गोंदला में डेढ़ फीट बर्फबारी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बदले मौसम को देखते हुए भारी बर्फबारी पर रेड अलर्ट जारी किया है। अलर्ट में सात जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और मंडी के पहाड़ी क्षेत्र को रखा गया है। जहां तक राजधानी शिमला की बात है तो सोमवार सुबह शिमला के ऊपरी क्षेत्र नारकंडा और खड़ा पत्थर में हल्की बर्फबारी हुई है। शिमला शहर में भी बर्फबारी होने की संभावना बनी हुई है। शिमला पहुंचे पर्यटकों को उम्मीद है कि उन्हें लाइव बर्फबारी देखने को मिलेगी। गौरतलब है कि फरवरी माह में यह दूसरी बार है जब बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बिगड़े मौसम को देखते हुए प्रशासन ने भी अपनी ओर से लोगों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। बर्फबारी के दौरान पहाड़ी क्षेत्र की ओर जाने से मना किया गया है। इसके अलावा पर्यटकों को घूमने के लिए पहाड़ी क्षेत्र के एक्सपर्ट चालक को साथ रखने की हिदायत दी गई है। वहीं बर्फबारी के दौरान परिवहन, बिजली और पानी में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। मौसम विभाग ने यह अलर्ट बुधवार तक के लिए जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को रेड अलर्ट, मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट और बुधवार को येलो अलर्ट है। बहरहाल बर्फबारी के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा है मानों पहाड़ी इलाकों ने सफेद चादर ओढ़ रखी है।

## 20 फरवरी को पीएम मोदी के दौरे से पहले जम्मू में सुरक्षा बढ़ाई

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू के दौरे पर जाने वाले हैं। इससे पहले पहले जम्मू में सुरक्षा बढ़ाई गयी है। अधिकारियों ने शनिवार को अस्थायी रूप से ड्रोन, पैराग्लाइडर और रिमोट-नियंत्रित माइक्रो-लाइट एयरक्राफ्ट्स को उड़ाने पर बैन लगा दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि यह आदेश तत्काल रूप से प्रभावी हुआ है जो 20 फरवरी तक जारी रहेगा। आदेश का हवाला देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू जिले के अंदर ड्रोन, रिमोट-नियंत्रित माइक्रो-लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंडग्लाइडर और गर्म हवा के गुब्बारों पर प्रतिबंध रहेगा। प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी तत्वों की संभावित गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए एहतियात के तौर पर ये कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रतिबंध के अपवादों में वीवीआईपी यात्राओं के दौरान या जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से विशेष लिखित अनुमति के साथ सुरक्षा बलों द्वारा की जाने वाली हवाई निगरानी शामिल है।

## खालिस्तानी पन्नू ने किसानों को उकसाया... सरकार के खिलाफ हथियार उठो लो

नई दिल्ली। खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू अब आंदोलन कर रहे किसानों को भड़काता दिख रहा है। मोदी सरकार के साथ वार्ता से पहले पन्नू ने एक वीडियो जारी कर किसानों को हथियार मुहैया कराने की भी पेशकश की थी। हालांकि, इस लेकर पुलिस की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। फिलहाल, किसानों ने सरकार की तरफ से एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मिले प्रस्ताव पर चर्चा करने की बात कही है। रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो में शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलन कर रहे किसानों से पुलिस अधिकारियों पर हमले की अपील की थी। साथ ही पन्नू ने कहा था कि इस हमले के लिए हथियार करतारपुर सीमा पर उपलब्ध है। रिपोर्ट के मुताबिक, पन्नू का कहना था, भारतीय गोलियों से लड़ने के लिए खुद हथियार उठा लें। पाकिस्तान के पास करतारपुर सीमा पर हथियार उपलब्ध हैं। रिपोर्ट में शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि यह किसानों को उकसाने की कोशिश थी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, किसान अपने अधिकारों के तहत विरोध कर रहे हैं। कोई भी किसान एसएफजे की बात नहीं सुनेगा। केंद्र सरकार किसानों की परेशानियां सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और बातचीत जारी है।

## डीएमके के साथ गठबंधन कर इंडिया में शामिल होगी कमल हासन की पार्टी

चेन्नई। लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिण के राज्य तमिलनाडु में भी गठबंधन की कवायद शुरू हो गई है। तमिलनाडू में सत्ताधारी डीएमके और अभिनेता से राजनेता बने कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मैय्यम (एमएनएम) के साथ आ सकती हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों के बीच अब सीट शेयरिंग पर फाइनल बात चल रही है। जल्द ही दोनों साथ चुनाव लड़ने का ऐलान कर सकते हैं। बता दें कि कमल हासन ने पहले ही संकेत दिए थे कि वह डीएमके की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस भी इसमें शामिल है। अब स्टालिन के साथ मुलाकात के बाद लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान किया जा सकता है। इस तरह वे विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हो सकते हैं। सूत्रों का कहा है कि एमएनएम को एक सीट देने का प्रस्ताव दिया गया है। इस सीट पर कमल हासन खुद चुनाव लड़ना चाहते हैं। एमएनएम का चुनावी निशान बैट्री टॉर्च है। एक सप्ताह पहले ही चुनाव आयोग ने उन्हें निशान दिया है। बता दें कि कमल हासन के साथ अगर गठबंधन फाइनल होता है, तब उनकी सीट फाइनल करने के लिए भी अन्य सहयोगी दलों के साथ कई चरणों की बातचीत हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि वह कोयंबटूर या फिर चेन्नई नॉर्थ से चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि दोनों ही सीटों पर फिलहाल डीएमके सांसद हैं।



## प्रियंका गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, डिहाइड्रेशन और पेट में संक्रमण की शिकायत बाद कराया गया था भर्ती

नई दिल्ली। सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। सूत्रों ने समाचार एजेंसी एएनआई को इस बात की जानकारी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कांग्रेस महासचिव को डिहाइड्रेशन और पेट में संक्रमण की शिकायत के बाद 16 फरवरी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खराब स्वास्थ्य के कारण वह 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश के चंदौली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो पाईं। उन्होंने ट्विटर पर घोषणा की कि वह बीमार हो गई हैं और बेहतर होने पर यात्रा में शामिल होंगी। प्रियंका ने अपने ट्वीट में कहा कि मैं वास्तव में आज यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहा था लेकिन दुर्भाग्य से, मुझे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही मैं बेहतर हो जाऊँगा मैं वहाँ पहुँच जाऊँगा! इस बीच, सभी यात्रियों, यूपी में मेरे सहयोगियों, जिन्होंने यात्रा की व्यवस्था करने के लिए कड़ी मेहनत की है और मेरे प्यारे भाई को आज चंदौली पहुंचने पर सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। यात्रा 16 फरवरी को वाराणसी से होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश की और फिर भदोही, प्रयागराज और प्रतापगढ़ होते हुए 19 फरवरी को अमेठी पहुंची।



# रात के अंधेरे में छुप-छुपकर मोदी-शाह से मिलते हैं फारूक-उमर, अब्दुल्ला परिवार को लेकर गुलाम नबी आजाद का बड़ा दावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी राजनेता गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला सार्वजनिक जांच से बचने के लिए रात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ गुप्त बैठकें करते हैं। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी प्रमुख ने इंडिया टुडे टीवी के साथ एक विशेष साक्षात्कार के दौरान यह आरोप लगाया। उन्होंने आगे कहा कि अब्दुल्ला श्रीनगर में कुछ और, जम्मू में कुछ और और दिल्ली में कुछ और कहते हैं। आज़ाद ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी का नेतृत्व करने वाले अब्दुल्ला ने 2014 में भाजपा के साथ गठबंधन बनाने के लिए सोच-समझकर प्रयास किए थे।

हालिया साक्षात्कार का हवाला देते हुए जिसमें फारूक अब्दुल्ला ने भविष्य में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने का संकेत दिया था, बाद में उन्होंने इनकार कर दिया। उमर अब्दुल्ला ने पिता-पुत्र की जोड़ी पर दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। आजाद ने कहा कि फारूक और उमर सरकार और विपक्ष दोनों को खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता ने खुलासा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) दोनों जम्मू-कश्मीर में भाजपा के साथ सरकार बनाने की बेताब कोशिश कर रहे हैं।



बता दें कि हाल ही में नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के कुछ ही देर बाद आया है, जिन्होंने पत्रकारों से कहा था कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। हालांकि, बाद में एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी %इंडिया% गठबंधन का हिस्सा है और रहेगी। उमर अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का घटक दल है और वह जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बाचतीत कर रही है। बातों को दूसरे संदर्भ में लिया गया है।

### फारूक अब्दुल्ला का गुलाम नबी आजाद पर पलटवार, बोले- मुझे मिलना होगा तो दिन में मिलूंगा, याद दिलाई ये बात

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने अनुभवी राजनेता गुलाम नबी आजाद के इस दावे का खंडन किया है कि वह सार्वजनिक जांच से बचने के लिए रात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की मांग करते थे। माचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर मुझे पीएम मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलना है तो मैं उनसे दिन में मिलूंगा, मैं उनसे रात में क्यों मिलूंगा? उन्होंने ऐसा क्या सोचा है?'' क्या कारण है कि उन्होंने फारूक अब्दुल्ला को बदनाम करने की सोची है?' फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जब कोई उन्हें राज्यसभा सीट नहीं देना चाहता था तो मैंने ही उन्हें राज्यसभा सीट दी... लेकिन आज वह यह सब कह रहे हैं।' उन्हें अपने एजेंटों के नाम बताने चाहिए जो पीएम और केंद्रीय गृह मंत्री के आवास पर बैठे हैं। उन्हें लोगों को बताना चाहिए ताकि वे सच्चाई समझ सकें। फारूक अब्दुल्ला गुलाम नबी आजाद के विशेष साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जहां पूर्व कांग्रेस नेता ने उन पर 'दोहरेपन' का आरोप लगाया था।

## मायावती ने कहा- हम अटल हैं अकेले ही लड़ेंगे चुनाव



लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा किसी दूसरे दल के साथ चुनाव लड़ सकती है। कुछ इसी तरह की खबरें बीते कई दिनों से सियासी गलियों में चल रहीं थी। मीडिया में भी इसकी चर्चा होने लगी। इसी बीच बीते रोज बसपा प्रमुख मायावती ने इन तमाम अटकलों को विराम देते हुए स्पष्ट कर दिया कि अफवाहों पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। बसपा अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी। बसपा सुप्रीमो ने उनके किसी गठबंधन में शामिल होने की ख़बरों को लेकर भी निशाना साधा और कहा की पार्टी अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा, आगामी लोकसभा आमचुनाव बीएसपी द्वारा किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आएदिन गठबंधन सम्बंधी अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहाँ सही से दाल गलने वाली नहीं है, जबकि बीएसपी को अपने लोगों का हित सर्वोपरि है उन्होंने आगे कहा, अत: सर्वसमाज के ख़ासकर ग़रीबों, शोषितों एवं उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनज़र बीएसपी का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा आमचुनाव लड़ने का फैसला अटल है। लोग अफवाहों से ज़रूर सावधान रहें।

# कमलनाथ से कमल को कितना फायदा, बीजेपी के खेल से कांग्रेस की जेब पर कैसे होगा वार?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता और गांधी नेहरू परिवार के बेहद करीबी कमलनाथ इन दिनों सुर्खियों में हैं। दावा किया जा रहा है कि कमलनाथ अपने बेटे और छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इतना ही नहीं, खबर तो यह भी है कि कमलनाथ के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस के कई विधायक और बड़े नेता भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने से भगवा पार्टी को क्या फायदा होगा? हम यह भी जानेंगे की कमलनाथ कांग्रेस से क्यों नाराज है?

**मनोवैज्ञानिक लाभ** -भाजपा को कमलनाथ के शामिल होने के बाद चुनाव से पहले मनोवैज्ञानिक लाभ मिल सकता है। भाजपा का मानना है कि एक, कि महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के ठीक बाद पार्टी में उनके प्रवेश से यह संदेश जाएगा कि कांग्रेस इतनी बुरी तरह ढह गई है कि वह अपने पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी बरकरार नहीं रख सकती है। यह भाजपा को अपने प्रतिद्वंद्वी से कहीं आगे, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में भी रेखांकित करेगा। भाजपा के सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस, जो पहले से ही अपने राजनीतिक प्रभाव में गिरावट के कारण नकदी की कमी से जूझ रही है, को भी कमलनाथ की धन जुटाने की क्षमताओं का नुकसान महसूस होगा। भाजपा के एक राज्य नेता ने कहा कि उम्मीद है कि



कमलनाथ अपने क्षेत्र छिंदवाड़ा के वफादारों के साथ-साथ जबलपुर और कुछ अन्य स्थानों से भी जुड़ेंगे। इससे यह धारणा मजबूत होगी कि दूसरे राज्य में कांग्रेस का पतन हो रहा है, जहां वह मजबूत रही है।

**भाजपा को क्या होगा फायदा-** कमलनाथ के भाजपा में आने से कांग्रेस को आर्थिक नुकसान होगा जिसकी वजह से इलेक्शन कैंपेन में उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा कांग्रेस जिन राज्यों में मजबूत है वहां भी टूट की संभावनाएं बढ़ेगी जिससे भाजपा को विस्तार का एक बड़ा मौका मिलेगा। मध्य प्रदेश के लिहाज से भाजपा कमलनाथ को साधने के बाद वहां कांग्रेस के पावर सेंटर को खत्म करने की कोशिश करेगी। मध्य प्रदेश की राजनीति में कमलनाथ काफी लंबे समय से कांग्रेस के लिए पावर सेंटर रहे हैं। इसके अलावा छिंदवाड़ा और आसपास के क्षेत्र जो कांग्रेस के लिए गढ़ माने जाते हैं वहां भाजपा को तो फायदा होगा ही साथ ही साथ मध्य प्रदेश की सीमा से लगे महाराष्ट्र के वह क्षेत्र जहां कांग्रेस अच्छी स्थिति में है, वहां भी भाजपा फायदा उठा सकती है।

**कमलनाथ नाराज क्यों?-** कांग्रेस आलाकमान द्वारा मध्य प्रदेश चुनाव में पार्टी की हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद से ही कमलनाथ भाजपा नेताओं के संपर्क में थे। उन्हें मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया और राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता भी नहीं बनाया गया। राज्यसभा उम्मीदवारी के लिए अशोक सिंह के नाम की घोषणा से भी कमलनाथ नाराज थे। कमलनाथ को राज्यसभा की चाहत थी। कमलनाथ की नाराजगी की एक और वजह बताई जा रही है। कमलनाथ अब 78 साल के हो गए हैं। वह राजनीति में कितने वर्षों तक सक्रिय रहेंगे, इसको लेकर भी सवाल है। फिलहाल भाजपा कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा को लेकर काफी एग्रेसिव है। छिंदवाड़ा से उनके बेटे नकुलनाथ सांसद हैं। छिंदवाड़ा में कमलनाथ का घेराव करने के लिए कैलाश विजयवर्गीय जैसे बड़े नेता को भाजपा ने प्रभार दे दिया है। 2023 के विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा के सात सीटों पर कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस को जीत तो मिल गई लेकिन अंतर बहुत कम हो गया। ऐसे में कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के भविष्य को लेकर चिंतित है। कांग्रेस की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वह अपने बेटे को भाजपा में सेट करने की कोशिश में हैं। इससे उनका गढ़ छिंदवाड़ा का किला भी बच जाएगा और नकुलनाथ के लिए आगे की राजनीति आसान भी रह सकती हैं।

## राज ठाकरे होंगे एनडीए में शामिल, मुंबई भाजपा अध्यक्ष की मुलाकात के बाद अटकलें तेज

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के एनडीए में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं हैं। दरअसल मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार द्वारा राज ठाकरे से उनके आवास में मुलाकात की गई थी, इसके बाद से ही यह अफवाह फैल गई कि राज ठाकरे एनडीए में शामिल होने जा रहे हैं। यहां बतलाते चलें कि सोमवार सुबह ही दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में तकरीबन एक घंटे तक बातचीत चली है। सूत्रों की मानें तो इस दौरान उनके बीच कोई तीसरा व्यक्ति भी मौजूद नहीं था।

इस मुलाकात के बाद से ही प्रदेश में शिवसेना-बीजेपी-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के साथ एमएनएस के संभावित चुनावी समझौते की चर्चाएं आम हो गई हैं। यह अलग बात है कि इस संबंध में दोनों पक्षों ने किसी प्रकार की कोई टिप्पणी नहीं की है। यदि किसी ने राज ठाकरे से इस संबंध में सवाल भी किया तो उन्होंने कोई सीधा जवाब भी नहीं दिया है। यही वजह है कि उनके एनडीए में शामिल होने की अफवाह को पंख लगे



हुए हैं। एक जगह जब आशीष सेलार के साथ हुई मुलाकात पर राज ठाकरे से पूछा गया तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए कह दिया कि आज चर्चा के लिए मेरा विषय अलग है। चुनाव के संबंध में जब बात करनी होगी तब जरुर बताऊंगा। इसी तरह जब मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार से सवाल किया गया तो उन्होंने भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कहा, कि सियासी मीटिंग होती रहती हैं, अगर कुछ भी होगा तो देवेंद्र फडणवीस बताएंगे। इन सब से हटकर एमएनएस के मुख्य प्रवक्ता संदीप देशपांडे का कहना था कि राज ठाकरे और आशीष शेलार आपस में अच्छे दोस्त भी हैं, ऐसे में वे दोनों नियमित रूप से मिलते रहते हैं। इसलिए उनकी मुलाकात पर ज्यादा कुछ नहीं समझा जाना चाहिए।

## ओवैसी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना कहा-मुसलमानों को हाशिए पर डाला, मस्जिदें रखें आबाद

**अकोला (एजेंसी)।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली की। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि इस देश में मुसलमानों को हाशिए पर खड़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसा हिटलर के जमाने में यहूदी महसूस करते थे ठीक वैसा ही आज के समय में देश के मुसलमान करते हैं। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली में बैठे चौधरियों को बताना चाहूंगा कि आज अगर नरेंद्र मोदी जीतते हैं तो मुसलमान की वजह से नहीं उन्होंने अपनी छवि बना ली है हिंदू हृदय सम्राट की। वह सभी मेजॉरिटी कम्युनिटी को एक करने की कोशिश कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने भारत की सियासत में मुसलमान को मार्जिनलाइज्ड करके रख दिया।

एआईएमआईएम चीफ ने इस रैली में आगे कहा, सुप्रीम कोर्ट ने आस्था के आधार पर फैसला देकर पूरे मुल्क को यह पैगाम दे दिया कि आस्था बड़ी है और एविडेंस को नहीं देखा जाएगा। मैं आपसे अपील कर रहा हूं कि खुद के लिए अपनी अपनी मस्जिदों को आबाद रखो। यह कौन सी मोहब्बत है की



मस्जिद को हमसे छीनने की पूरी कोशिश की जा रही है। दिल्ली में एक 500 साल पुरानी मस्जिद को बगैर किसी नोटिस के शहीद कर दिया गया। 600 साल पुरानी मस्जिद और कब्रिस्तान को भी शहीद कर दिया गया। हम यही पूछना चाहते हैं कि इस मुल्क में बीजेपी क्या करना चाहती है। बाबरी मस्जिद को लेकर उन्होंने कहा, आज हम देख रहे हैं ज्ञानवापी मस्जिद में क्या हो रहा है, प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी कहती है कि 22 जनवरी इस मुल्क का तारीखी दिन था, मैंने पार्लियामेंट में इस बात को रखा कि अगर 22 जनवरी तारीखी दिन था तो इसकी बुनियाद 6 दिसंबर 1992 को रखी गई। अगर 22 जनवरी तारीखी ही दिन था तो इसकी बुनियाद 1986 में ताले खोल कर रखी गई। अगर वह तारीखी दिन था तो जीबी पंत ने उसमें मूर्तियां रखकर 22 जनवरी को तारीखी दिन बनाया।

## ममता बनर्जी का आरोप, एनआरसी लाने से पहले बंगाल में निष्क्रिय किए गए आधार कार्ड, पीएम मोदी को लिखा पत्र

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी सरकार उन लोगों को वैकल्पिक पहचान पत्र प्रदान करेगी जिनके आधार कार्ड 'निष्क्रिय' कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आधार शिकायत पोर्टल मंगलवार से काम करना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से कहूंगी कि अगर उनका आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिया गया है तो वे पोर्टल को सूचित करें। उन्हें एक वैकल्पिक पहचान पत्र देंगे, उनकी तस्वीरें लेंगे और उसे जारी करेंगे ताकि बंगाल के लोग उन्हें मिलने वाले लाभों से वंचित न रहें। अगर आधार कार्ड नहीं है तो चिंता न करें। हम दूसरा कार्ड जारी करेंगे। हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। यदि जरूरत पड़ी तो हम एक अलग कार्ड जारी करेंगे ताकि कोई भी हमारी सामाजिक कल्याण योजनाओं से वंचित न रहे।

ममता ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मैं भाजपा से पूछती हूं कि वे यह गंदा खेल क्यों खेल रहे



हैं?... वे लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार, लाभार्थियों का अधिकार छीन रहे हैं, हम बंगाल में NRC लागू नहीं होने देंगे। हम अपना खून देने के लिए तैयार हैं लेकिन हम बंगाल के किसी भी व्यक्ति को बाहर नहीं जाने देंगे। उन्होंने का कि जिन लोगों का नाम काटा जा रहा है उन्हें हम एक अलग कार्ड देंगे... किसी गरीब के साथ हम गलत नहीं होने देंगे। हमने एक पोर्टल तैयार किया है, जिसका नाम 'आधार ग्रीवेंस पोर्टल ऑफ वेस्ट बंगाल गवर्नमेंट' है। जिनका आधार कार्ड निष्क्रिय किया गया है वे हमें जल्द से जल्द बताएं जिससे उन्हें उनके गणतांत्रिक, सामाजिक, आर्थिक अधिकार मिलते रहें।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जहां प्रशासन प्रशासन की तरह काम कर रहा है वहां उन्हें अपना काम करने की स्वतंत्रता दें... हमने कैंप लगाएं हैं ताकि जिन लोगों को समस्याएं हैं वे आएं हमें बताएं और हम उसे दूर कर दें। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि मैं आधार कार्डों को लापरवाही से निष्क्रिय करने की कड़ी निंदा करता हूं, खासकर पश्चिम बंगाल में एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों को निशाना बनाकर... हम सभी भारत के नागरिक हैं। प्रत्येक निवासी पश्चिम बंगाल सरकार के कल्याणकारी लाभों का लाभ उठा सकता है, भले ही उनके पास आधार कार्ड हो या नहीं।

## पीडीए के बहाने अखिलेश पर गुस्सा निकाल रहे उनके अपने, सपा छोड़ने वालों की बढ़ रही संख्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी ताकत पीडीए यानी (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) है। इसी वर्ग ने सपा को कई बार उत्तर प्रदेश में सत्ता की बागडोर सौंपी है। पीडीए और सपा के बीच विश्वास का यह रिश्ता अब दरकने लगा है। जिसके लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। असंतुष्ट नेताओं का कहना है कि अखिलेश पीडीए के महत्व को समझ नहीं रहे हैं। अपनी मनमानी के कारण उनके हाथ से जमीनी पकड़ वाले नेता खिसकते जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने जया बच्चन और आलोक रंजन को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने का एलान किया पार्टी में घमासान मच गया। स्वामी प्रसाद ने पार्टी पर भेदभाव का आरोप लगाकर राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफ़ा दे दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य के एलान के कुछ घंटों बाद ही अपना दल कमेरावादी और सपा विधायक पल्लवी पटेल ने भी पीडीए को लेकर खुलकर मोर्चा खोल दिया और कहा कि पार्टी में इसकी उपेक्षा की जा रही है। वो सपा प्रत्याशी को वोट नहीं करेंगी। उन्होंने राज्यसभा के लिए पिछड़े या अल्पसंख्यक को प्रत्याशी न बनाए जाने पर आपत्ति जताई। इससे पहले कि अखिलेश यादव स्वामी प्रसाद मौर्य और पल्लवी पटेल की नाराज़गी को दूर कर पाते सपा को एक और करारा झटका लगा। 16 फ़रवरी को प्रदेश सचिव कमलाकांत गौतम ने भी पार्टी में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद रविवार को बदायूँ से पांच बार सांसद रहे सलीम शेरवानी ने भी पार्टी महासचिव पद से इस्तीफ़ा दे दिया। सलीम शेरवानी ने भी सपा पर अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का आरोप लगाया। वो भी किसी मुस्लिम को राज्यसभा नहीं भेजे जाने से नाराज हैं। अखिलेश यादव से नाराजगी सिर्फ सपा नेताओं में ही नहीं बल्कि उनके सहयोगियों में भी देखने को मिल रही है।

# रोचक है अमेठी की जंग, एक बार फिर आमने सामने दिखे राहुल और स्मृति इरानी

**अमेठी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की हाईप्रोफाइल लोकसभा सीट अमेठी एक बार फिर चर्चा में है। यहां का चुनावी मुकाबला काफी रोचक होता रहा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को 90 हजार वोटों से हराया था। इसके बाद 2019 में स्मृति ने राहुल को पटकनी देते हुए 55 हजार वोटो से हरा दिया। इस तरह दोनो नेताओं ने एक दूसरे से बदला लेकर हिसाब बराबर कर लिया। अब 2024 में फिर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं अमेठी पर नेताओं से लेकर आमजनों तक की नजरें टिकीं हुई हैं। राहुल बनाम स्मृति ईरानी की चुनावी जंग होगी या नहीं होगी इसे लेकर असमंजस है। लेकिन ये स्पष्ट है कि आज राहुल और स्मृति ईरानी का आमना सामना अमेठी में होना है। आज ही स्मृति अमेठी पहुंच रहीं है तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी अमेठी पहुंचेगी।

आज दोपहर 3 बजे राहुल की न्याय यात्रा अमेठी में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी कोहरा ककवा से अमेठी की सीमा में प्रवेश करेंगे। राहुल गांधी पुलिस लाइन, ककवा ओवर ब्रिज, गांधी चौक, जामा मस्जिद, सागर तिराहा, देवी पाटन और वारामासी से होकर गौरीगंज के गांधी नगर टोल प्लाजा के पास पहुंचेंगे। यहां राहुल गांधी जनसभा करेंगे।इस जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल होंगे। 15 साल अमेठी से सांसद रहे राहुल गांधी 2019 में हार के बाद अमेठी में कम सक्रिय हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव से चंद हफ्ते पहले राहुल के अमेठी पहुंचने पर अटकलें तेज हैं। अटकलें इसलिए भी है क्योंकि यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष घोषणा कर चुके हैं कि राहुल अगला चुनाव अमेठी से ही लड़ेंगे। आज जब राहुल गांधी अमेठी पहुंचेंगे इससे पहले स्मृति ईरानी अमेठी पहुंच चुकी होंगी। स्मृति टीकरमाफी, भादर, भावापुर, रतापुर, सोनारी कला, रामगंज, नगर डीह, खाझा और नेवडिया में जन संवाद करेंगी। राहुल रात को फुर्सतगंज के अकेलवा मैदान में रात्रि विश्राम करेंगे। फिर अगली सुबह उनकी यात्रा रायबरेली की तरफ निकल जाएगी।लेकिन स्मृति ईरानी अगले चार दिन अमेठी में रहेंगी।आज अमेठी में राहुल वर्सेस स्मृति ईरानी का जो माहौल दिखेगा उसकी शुरुआत 2014 में तब हुई थी जब स्मृति ईरानी राहुल के खिलाफ चुनाव लड़ने अमेठी आईं थी।राहुल और स्मृति ईरानी अमेठी से दो चुनाव में एक दूसरे के सामने रहे हैं। 2014 में राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को



करीब 90 हजार वोट से हराया था। 2019 में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को करीब 55 हजार वोट से हराया था यानी अमेठी के चुनावी जंग में दोनों का स्कोर 1-1 से बराबर रहा है। हालांकि आज जब दोनों नेता अमेठी में होंगे तब भी एक दूसरे के आमने-सामने नहीं होंगे क्योंकि राहुल गांधी की न्याय यात्रा शहरी इलाकों से गुजरेगी वहीं स्मृति ईरानी ग्रामीण इलाकों में जनसंवाद करेंगीं।

## फरवरी में टूट सकते हैं गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड

लंदन। चालू महीने में फरवरी में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट सकते हैं। इसके लिए उन्होंने मानव निर्मित वैश्विक तापन और प्राकृतिक एल नीनो को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके चलते दुनिया भर में जमीन के साथ–साथ महासागरों पर भी तापमान बढ़ रहा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि साल के इस सबसे छोटे महीने के आधे से थोड़ा अधिक समय में, तापमान में वृद्धि इतनी स्पष्ट हो गई है कि जलवायु चार्ट नए क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। विशेष रूप से समुद्र की सतह के तापमान के लिए, जो उस बिंदु तक बढ़ गया है कि विशेषज्ञ पर्यवेक्षक यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि कैसे परिवर्तन हो रहा है। रिपोर्ट में साथ ही कहा, 'ग्रह तेजी से गर्म हो रहा है। हम समुद्र के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देख रहे हैं, जो जलवायु में गर्मी का सबसे बड़ा भंडार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, बर्कले के पृथ्वी वैज्ञानिक ज़ेके हॉसफादर के अनुसार जनवरी, दिसंबर, नवंबर, अक्टूबर, सितंबर, अगस्त, जुलाई, जून और मई के बाद मानवता रिकॉर्ड इतिहास में सबसे गर्म फरवरी का अनुभव करने की राह पर है। हाल के सप्ताहों में वृद्धि पूर्व–औद्योगिक स्तरों से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान बढ़ने की ओर है, हालांकि यह अल नीनो का संक्षिप्त प्रभाव होना चाहिए। जिस तरह से 2023 और अब 2024 में पिछले समुद्री सतह के तापमान के रिकॉर्ड को तोड़ दिया गया, वह अपेक्षाओं से अधिक है। हालांकि इसके पीछे की वजह समझने के लिए शोध किए जा रहे हैं।

## फिलीपींस में मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत, दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए

मनीला। दक्षिणी फिलीपीन में सैनिकों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच हुयी मुठभेड़ में छह सैनिकों की मौत हो गयी, जबकि दो संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। इस दौरान चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सेना की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के एक गांव में रविवार को अपराह्न में सैनिकों और दौला इस्लामिया–माउते समूह के कथित सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो घंटे की गोलीबारी के बाद आतंकवादी एक एम16, एक एम14 राइफल और एक एम203 ग्रेनेड लॉन्चर छोड़कर भाग गए। एएफपी चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्राउनर ने विस्फोट के बारे में कहा, 'फिलीपींस के सशस्त्र बल (एएफपी) पिछले साल मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में बमबारी करने वाले दौला इस्लामिया–मौते समूह के सदस्यों के खिलाफ लगातार अभियान चल रही है।' उल्लेखनीय है कि पिछले साल यहाँ तीन दिसंबर को एक जिम में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हो गए थे।

## अमेरिका के मिनेसोटा में गोलीबारी में चार की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के मिनेसोटा प्रांत की राजधानी मिनियापोलिस के पास बर्न्सविले में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों और अग्निशमन विभाग के एक अर्धसैनिक सहित चार लोगों की मौत हो गयी। स्टार ट्रिब्यून समाचार पत्र ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट बताया कि एक हमलावर ने एक घर में घुसकर एक महिला और सात बच्चों के साथ खुद को बंद कर लिया। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थानीय समयानुसार रविवार तड़के करीब पांच बजे हमलावर तथा पुलिस के बीच गोलीबारी शुरू हुयी। इसमें दो अधिकारियों और एक अग्निशमन विभाग के एक अर्धसैनिक की मौत हो गयी और एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया। मिनेसोटा ब्यूरो ऑफ क्रिमिनल अपीयरेंस के अधीक्षक ड्रू इवांस ने रविवार शाम संवाददाताओं से कहा कि हमलावर के पास कई बंदूकें और बड़ी मात्रा में गोला–बारूद था और उसने घर के भीतर पुलिस अधिकारियों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की। इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है।

## चीन में शीत लहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी, 12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना

बीजिंग। चीन में सोमवार को शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्टजारी किया गया। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट का अनुमान लगाया गया है। केंद्र के अनुसार सोमवार से गुरुवार तक चीन के अधिकांश हिस्सों में तापमान में आठ से 12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है। हुनान प्रांत, गुइज़हौ प्रांत और पूर्वोत्तर चीन के कुछ हिस्सों में तापमान के 20 डिग्री सेल्सियस से अधिक गिरने के आसार हैं। केंद्र ने लोगों से ठंड के मौसम के प्रति सावधानी बरतने की अपील की है और फसलों तथा जलीय उत्पादों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया है।

## जापान ने किया यूक्रेन का समर्थन का वादा, कहा– 'पुनर्निर्माण सम्मेलन भविष्य में निवेश जैसा'

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने यूक्रेन के पुनर्निर्माण में देश की दीर्घकालिक भागीदारी का सोमवार को संकल्प व्यक्त किया और इसे 'भविष्य का निवेश' करार दिया। यूक्रेन के खिलाफ रूस द्वारा छेड़े गये युद्ध के दो वर्ष पूरे होने से पहले जापान ने युद्धग्रस्त देश का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यूक्रेन सरकार और व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर आयोजित किये गये एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशिदा ने अपने भाषण में कहा कि जापान का सहयोग समावेशिता, मानवतावाद के साथ–साथ प्रौद्योगिकी व ज्ञान पर आधारित एक दीर्घकालिक साझेदारी होगी। जापान और यूक्रेन की सरकारी एजेंसियों व कंपनियों ने 50 से अधिक सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए। किशिदा ने यूक्रेन के विकास के लिए भावी उद्योगों में निवेश के महत्व पर जोर दिया और सुनिश्चित किया कि यह समर्थन यूक्रेन की जरूरतों को पूरा करेगा। किशिदा ने कहा कि यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए यह समर्थन 'भविष्य में निवेश' जैसा है। उन्होंने कहा, 'यूक्रेन में युद्ध अभी जारी है और हालात मुश्किल बने हुए हैं।'

## चुनाव धांधली के चलते पाकिस्तान को करना पड़ा इंटरनेट बंद

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में चुनावी धोखाधड़ी की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिकारियों ने 24 घंटे के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। पाकिस्तान में हाल ही में आम चुनाव हुआ था। हालांकि, चुनाव के नतीजे घोषित करने में की गई देरी के बाद कई तरह के आरोप–प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कई पार्टियों ने नतीजे को धांधली करार दिया है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं वीडियो में कुछ लोगों को घोटालेबाजी करते हुए देखा गया था। एक तरफ जहां पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगा विरोध कर रहा है। दूसरी तरफ खबर आ रही है कि पाकिस्तान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूरे एक दिन प्रतिबंध लगा रहा।

इंटरनेट मॉनिटर नेटब्लॉक्स ने बताया कि चुनावी धोखाधड़ी की रिपोर्ट सामने आने के बाद अधिकारियों ने पाकिस्तान में 24 घंटे के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिबंध लगा दिया था। कहा जा रहा है कि पहली बार इतने लंबे समय तक के लिए एक्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। डिजिटल अधिकारों के लिए एक वकालत मंच बोलो भी के निदेशक उसामा खिलजी ने कहा था कि चुनिंदा वीपीएन को छोड़कर कई लोग एक्स पर पहुंच बनाने में असमर्थ थे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर उपयोगकर्ता शिकायत कर रहे हैं कि वह एक्स नहीं चला पा रहे हैं। इंटरनेट भी धीमा है। उन्होंने यह भी कहा था कि दूरसंचार प्राधिकरण या आईटी मंत्री, जिनका काम इंटरनेट को लोगों तक आसानी से पहुंचाना काम है, उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दरअसल, पाकिस्तान के रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने आरोप लगाया है कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश हाल में संपन्न चुनाव में हुई धांधली में शामिल हैं। इसी के साथ इस नौकरशाह ने सभी गलत कार्यों की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद नेटब्लॉक्स ने एक्स में राष्ट्रव्यापी व्यवधान की सूचना दी थी। उसने बताया था कि अधिकारी के इस्तीफे के बाद एक्स पर कुछ गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं।



सिंगापुर में एयरशो में दक्षिण कोरियाई एरोबिक टीम अपने करतब दिखाती हुई।

## रूस–यूक्रेन युद्ध का 726वें दिन पुतिन के चेहरे पर आई खुशी, अवदीवका पर हुआ कब्जा

मास्को। रूस–यूक्रेन युद्ध का 726वें दिन राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन खुश हो सकते हैं। खुश इसलिए क्योंकि रुसी सैनिकों ने एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की है। पूर्वी यूक्रेनी शहर अवदीवका पर रुसी सैनिकों ने कब्जा कर लिया है। पिछले साल मई में बखमुत शहर पर कब्ज़ा करने के बाद मॉस्को में अवदीवका का पतन देश की सबसे बड़ी जीत है और पुतिन द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण का आदेश देकर पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू करने के लगभग दो साल बाद यह जीत हुई है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सैनिक संयंत्र की एक इमारत पर रूसी झंडा फहराते हुए दिखाई दिये। यूक्रेन के सैन्य प्रमुख ने कहा था कि उन्होंने पूर्वी यूक्रेन में स्थित अवदिवका शहर से सैनिक वापस बुला लिया हैं, जहां बड़ी संख्या में सैनिकों ने पिछले चार महीनों में रूसी हमले का माकूल जवाब दिया। यूक्रेनी कमांडर कर्नल जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्की ने कहा कि उन्होंने यह फैसला घेरेबंदी से बचने और सैनिकों के जीवन की रक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। कमांडर इन चीफ ने कहा कि सैनिकों को दूसरे माकूल स्थानों पर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पूरी निष्ठा के साथ अपना सैन्य कर्तव्य निभाया और सर्वश्रेष्ठ रूसी सैन्य इकाइयों को नष्ट करने का हर संभव प्रयास किया। हमारी सेना ने संख्याबल और उपकरणों के मामले में भी दुश्मन को काफी नुकसान पहुंचाया है। बयान के मुताबिक, हम हालात को स्थिर बनाने और अपनी जगहों पर बने रहने के लिए कदम उठा रहे हैं।

# मालदीव में भारत की परियोजनाओं में आई तेजी, रिपोर्ट में बड़ा दावा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले साल परियोजनाओं में तेजी आने के साथ भारत ने मालदीव को विकास सहायता बढ़ा दी है, जबकि मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारतीय सैनिकों को अपना देश छोड़ने की मांग को लेकर संबंधों में खटास आ गई है। जैसा कि वैश्विक शक्तियां भारत-प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, भारत और चीन ने हिंद महासागर के राष्ट्र को लुभाने की कोशिश की है, जो परंपरागत रूप से पड़ोसी भारत के करीब रहा है, लेकिन हाल ही में मुइज्जू के तहत चीन की ओर झुका है। एक भारतीय अधिकारी और सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, नई दिल्ली ने मार्च में समाप्त होने वाले इस वित्तीय वर्ष के दौरान मालदीव में परियोजनाओं पर लगभग 7.71 बिलियन रुपये (93 मिलियन अमेरिकी डॉलर) खर्च किए हैं, या अपने बजट 4 बिलियन का लगभग दोगुना।

यह तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद आया है क्योंकि अक्टूबर में मुइज्जू ने देश की ÷भारत प्रथम÷ नीति को समाप्त करने और लगभग 80 भारतीय सैनिकों को हटाने का वादा करते हुए कार्यालय में प्रवेश किया था। मामले की जानकारी रखने वाले एक भारतीय अधिकारी ने कहा कि %%बाधाओं के बावजूद, %%विकास सहयोग नहीं बदला है या बंद नहीं हुआ है।%% उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के पास माले के लिए दोहरी भागीदारी की रणनीति है। अधिकारी ने कहा बल्कि, परियोजनाओं की गति तेज़ है। इस वित्तीय वर्ष में भारत के बढ़े हुए आवंटन को तेज़ गति के लिए जिम्मेदार ठहराया। मुइज्जू के कार्यालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

इन प्रयासों में माले के चारों ओर सड़कों और पुलों के लिए 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना और द्वीपसमूह के दूर-दराज के द्वीपों में लगभग 130 मिलियन अमेरिकी डॉलर के दो हवाई अड्डे शामिल हैं, जो भारत से ऋण सहायता के माध्यम से समर्थित हैं।मुइज्जू ने पिछले महीने बीजिंग की राजकीय यात्रा की थी लेकिन अभी तक उन्होंने भारत का दौरा नहीं किया है। दोनों देश इस महीने मई तक सैनिकों को बदलने पर सहमत हुए। भारत का कहना है कि वे उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए विमानों का उपयोग करके मानवीय सहायता और चिकित्सा निकासी में सहायता प्रदान करते हैं।

## टिकटॉक बैन करने वाला आखिरी राष्ट्र नहीं हो सकता अमेरिका, निक्की हेली ने भारत का नाम लेकर क्या कहा?



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** चीनी स्वामित्व वाले ऐप टिकटॉक को खतरनाक बताते हुए रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि जब भारत और नेपाल जैसे देशों ने इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया है, तो अमेरिका ऐसा करने वाला आखिरी देश नहीं हो सकता। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय-अमेरिकी पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली ने फॉक्स न्यूज टाउन हॉल के दौरान कहा, हर किसी को यह जानने की जरूरत है कि चीन उन सभी को नियंत्रित कर रहा है। हेली ने कहा कि यदि आप जानना चाहते हैं कि यह आपको कैसे प्रभावित करता है, तो बस अपने फ़ोन पर उस ऐप के होने की कल्पना करें। चीन अब आपके वित्त को देख सकता है, वे अब देख सकते हैं कि आपके संपर्क कौन हैं। वे देख सकते हैं कि आप किस पर क्लिक करते हैं, आप उस पर क्यों क्लिक करते हैं और इसका आप पर क्या प्रभाव पड़ता है। वे आप जो देखते हैं उसे प्रभावित कर सकते हैं। और वे आप जो सुनते हैं उस पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह टिकटॉक का खतरनाक हिस्सा है। भारत ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया है। आपने नेपाल पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि इससे सामाजिक व्यवधान पैदा हो रहा था। अमेरिका टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला आखिरी देश नहीं हो सकता।

हेली ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आइए इसे अब खत्म करें और रोकें, ताकि यह हमारे बच्चों को और अधिक नुकसान न पहुंचाए। कई अमेरिकी सांसदों ने टिकटॉक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी सामग्री ऑनलाइन फैलाने का आरोप लगाया है जो बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा करने में विफल रही है। यह ऐप युवा लोगों के लिए आवश्यक है, जिनमें अमेरिका में मतदान करने की उम्र वाले लोग भी शामिल हैं। 2023 के अंत में जारी प्यू रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में 18-29 साल के लगभग एक तिहाई लोगों ने कहा कि उन्हें टिकटॉक पर नियमित रूप से समाचार मिलते हैं, जो पहले से कहीं अधिक है।

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2024 की लिस्ट में भारत की रैंकिंग चौंकाने वाली, फ्रांस का पासपोर्ट सबसे ताकतवर




**लंदन (एजेंसी)।** 2024 के लिए हेनले पासपोर्ट इंडेक्स जारी कर दिया गया है, जिसमें फ्रांस ने शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि भारत की पासपोर्ट रैंकिंग पिछले साल से एक स्थान फिसलकर 84वें से 85वें स्थान पर आ गई है। भारत की रैंकिंग में यह गिरावट हैरानी भरी हो सकती है, क्योंकि पिछले साल जहां भारतीय पासपोर्ट धारक 60 देशों की वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते थे, वहीं इस साल यह संख्या बढ़कर 62 हो गई है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स देशों को उनके पासपोर्ट की ताकत के आधार पर रैंक करता है। 2024 में, फ्रांस इस सूची में सबसे आगे है, जिसके पासपोर्ट से 194 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच प्रदान की जाती है।

फ्रांस के साथ जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन भी शीर्ष क्रम वाले देशों में से हैं। इस बीच, पाकिस्तान पिछले साल की तरह 106वें स्थान पर बरकरार है, जबकि बांग्लादेश 101वें से फिसलकर 102वें स्थान पर आ गया है। भारत के पड़ोसी देश मालदीव का पासपोर्ट मजबूत बना हुआ है और वह 58वें स्थान पर कायम है, मालदीव के पासपोर्ट धारक 96 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा का आनंद ले रहे हैं। ईरान, मलेशिया और थाईलैंड द्वारा भारतीय पर्यटकों के लिए वीज़ा-मुक्त प्रवेश की हालिया घोषणा के बाद भी भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स पिछले 19 वर्षों के डेटा से अपनी रैंकिंग प्राप्त करता है, जो इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के विशेष डेटा पर आधारित है, जिसमें दुनिया भर में 199 विभिन्न पासपोर्ट और 227 यात्रा गंतव्यों को शामिल किया गया है।

सूचकांक मासिक रूप से अद्यतन किया जाता है और स्वतंत्र देशों के नागरिकों के लिए वैश्विक मानक के रूप में कार्य करता है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स का डेटा पिछले दो दशकों में वैश्विक गतिशीलता में महत्वपूर्ण बदलावों का संकेत देता है। 2006 में, लोग औसतन 58 देशों में वीज़ा-मुक्त यात्रा कर सकते थे, जबकि इस वर्ष यह संख्या लगभग दोगुनी होकर 111 देशों तक पहुँच गई है।

## महान देशभक्त...कोर्ट ने ट्रंप पर लगाया 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना, अमेरिकी ट्रक ड्राइवरों ने न्यूयॉर्क शहर में शिपमेंट से किया इनकार



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रक ड्राइवरों के एक समूह की प्रशंसा की। ट्रक ड्राइवरों के एक समूह ने ट्रंप के खिलाफ 355 मिलियन डॉलर के धोखाधड़ी के फैसले के बाद न्यूयॉर्क शहर में आने वाले शिपमेंट को ठुकराने की योजना बनाई है। ट्रम्प का समर्थन करने वाले ट्रक ड्राइवरों के एक समूह ने हाल ही में घोषणा की कि वे नागरिक धोखाधड़ी के फैसले पर अपना असंतोष प्रदर्शित करने के लिए न्यूयॉर्क शहर नहीं जाएंगे, जिसमें पिछले सप्ताह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। ट्रक ड्राइवरों को महान देशभक्त कहते हुए ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उनका स्वतंत्रता के पक्ष में होना एक सम्मान है।

जो बाइडेन का कानून प्रवर्तन का अनुचित और खतरनाक हथियारीकरण लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। अमेरिका को फिर से महान बनाएं! एक रूढ़िवादी सोशल मीडिया प्रभावकार और ट्रक चालक, शिकागो रे ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनके कुछ सहयोगियों ने अदालत के फैसले के विरोध में न्यूयॉर्क शहर में गाड़ी चलाने से इनकार कर दिया है। रे ने वीडियो में कहा कि मैं पिछले एक घंटे से रेडियो पर ड्राइवरों से बात कर रहा हूं और मैंने लगभग दस ड्राइवरों से बात की है... और वे सोमवार से न्यूयॉर्क शहर के लिए सामान लेने से मना करना शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि उनके कुछ सहकर्मियों ने पहले ही अपने प्रबंधकों को सूचित कर दिया है कि वे न्यूयॉर्क शहर की यात्रा नहीं करेंगे। मुझे नहीं पता कि यह देश भर में कितनी दूर है या कितने ट्रक चालक न्यूयॉर्क शहर जाने वाले माल से इनकार करना शुरू करने जा रहे हैं, लेकिन मैं आपको बताऊंगा - आप चारों ओर घूमें और पता लगाएं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके मालिकों को ÷कोई परवाह नहीं होगी अगर हम सामान देने से इनकार कर दें हम बस कहीं और चले जाएंगे।

## इस मुस्लिम देश को पंसद आई भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस

जकार्ता। दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो चुने गए हैं। जानकारों के मुताबिक सुबिआंतो के सत्ता में आने के बाद अब भारत के साथ रिश्ते और मजबूत हो सकते हैं। सुबिआंतो ने फिलीपींस की तरह से ही भारत की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को खरीदने की इच्छा जाहिर की है। यही नहीं सुबिआंतो अब इंडोनेशिया के स्कूलों के अंदर भी मिड डे मील योजना को लागू कर सकते हैं। सुबिआंतो की तुलना पीएम मोदी से भी हो रही है, जिन्हें अमेरिका ने लंबे समय तक वीजा नहीं दिया था।

सुबिआंतो ने साल 2014 और साल 2019 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें जीत नहीं मिल सकी थी। इस बार इंडोनेशियाई सेना के स्पेशल फोर्सेस के कमांडर रह चुके सुबिआंतो को इस बार इतने वोट मिल गए हैं कि वह आसानी से राष?ट्रपति बन जाएंगे। सुबिआंतो सेना से रिटायर हैं और पड़ोसी भारत के साथ मजबूत रिश्तों की वकालत करते हैं। भारत और इंडोनेशिया की समुद्री सीमा मिलती हैं। साल 2020 में कोरोना संकट के बाद भी सुबिआंतो भारत के दौरे पर आए थे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। वह भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करना चाहते थे। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल समझौता शामिल है।

फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया ऐसा दूसरा देश होगा जो ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा। इस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को भारत और रूस ने मिलकर बनाया है। भारत और इंडोनेशिया में भारतीय ब्रह्मास्त्र की खरीद को लेकर बातचीत हो चुकी है। विशेषज्ञों के मुताबिक सुबिआंतो भारत की बहुत सफल मिड डे मील और दूध योजना को अपने देश में स्कूलों लागू कर सकते हैं। सुबिआंतो ने चुनाव प्रचार के दौरान इसका कई बार उल्लेख किया था। सुबिआंतो के भाई हाशिम देश के बड़े उद्योगपति हैं और उनके भारत में काफी ज्यादा बिजनस संबंध हैं। निजी बातचीत में सुबिआंतो एशिया में गठबंधन बनाने की वकालत करते हैं जिसमें भारत भी शामिल है।

# मिलेंगे बिलावल-शहबाज, सरकार बनाने को लेकर क्या गतिरोध होगा खत्म?

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की दो प्रमुख पार्टियाँ अनिर्णायक चुनाव के बाद अल्पसंख्यक गठबंधन सरकार बनाने पर मतभेदों को दूर करने के लिए सोमवार को मिलने वाली हैं। पार्टी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, इसकी राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता को रेखांकित करते हुए। विश्लेषकों का कहना है कि 241 मिलियन के परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र, जो धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति के साथ-साथ बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच आर्थिक संकट से जूझ रहा है, को कठोर निर्णय लेने के अधिकार के साथ एक स्थिर सरकार की आवश्यकता है।पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनकी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी द्वारा फिर से देश का नेतृत्व करने के लिए नामित किए जाने के बाद सोमवार की वार्ता इस तरह का पांचवां दौर होगा। बातचीत में नेतृत्व कर रहे शरीफ की पार्टी के सीनेटर इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि दोनों पार्टियां अभी तक अंतिम बिंदुओं पर सहमत नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता-साझाकरण के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर बातचीत चल रही है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने पीएमएल-एन को सशर्त समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा है कि वह सरकार बनाने के लिए शरीफ को वोट देगी, लेकिन कैबिनेट में पद नहीं लेगी। डार ने घरेलू प्रसारक जियो टीवी को बताया कि मैं पुष्टि कर सकता हूं कि सैद्धांतिक रूप से यह निर्णय लिया गया है कि राजनीतिक दल गठबंधन सरकार बनाएंगे।

72 वर्षीय शरीफ अगस्त तक 16 महीने तक दक्षिण एशियाई देश के प्रधान मंत्री थे, को उनके बड़े भाई नवाज शरीफ, जो पीएमएल-एन प्रमुख हैं, ने अगले प्रधान मंत्री बनने के लिए गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। पाकिस्तान ने पिछली गर्मियों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 3 अरब डॉलर की सहायता के साथ एक संप्रभु डिफ़ॉल्ट को बाल-बाल बचा लिया था, लेकिन ऋणदाता का समर्थन मार्च में समाप्त हो रहा है, जिसके बाद एक नए, विस्तारित कार्यक्रम की आवश्यकता होगी। एक नए कार्यक्रम पर और तेजी से बातचीत करना नई सरकार के लिए महत्वपूर्ण होगा।



# भारत दुनिया की किसी भी पिच पर टेस्ट जीत सकता है, राजकोट की टर्निंग पिच पर इंग्लैंड को हराने के बाद रोहित शर्मा

**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यहां सपाट पिच पर इंग्लैंड पर 434 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद कहा कि भारतीय टीम किसी भी पिच पर मैच जीतने की काबिलियत रखती है। भारत ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को जीत के लिए 557 रन का लक्ष्य देकर इंग्लैंड को महज 122 रन पर समेटकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। रोहित ने यहां मीडिया से कहा, ''हमने इस तरह के विकेट पर पहले भी काफी मैच जीते हैं। टर्निंग पिच जहां गेंद टर्न लेती है, हमारी मजबूत बनी हुई हैं। इससे हमें संतुलन मिलता है।''

उन्होंने कहा, ''हमने कई वर्षों तक नतीजे दिये हैं और हम भविष्य में भी नतीजे हासिल करते रहेंगे। लेकिन हम कुछ निश्चित चीजों पर काबू नहीं रख सकते जैसे हम यह चर्चा नहीं करते कि हमें 'रैंक टर्नर' पिच चाहिए या नहीं। हम मैच से दो दिन पहले स्थल पर आते हैं और वैसे भी हम दो दिन में क्या ही कर सकते हैं?'' कप्तान ने कहा, ''क्यूरेटर फैसला करते हैं और पिच तैयार करते हैं। हमारे पास किसी भी विकेट पर खेलने और मैच जीतने की ताकत है। हमने जब दक्षिण अफ्रीका में केपटाउट में मैच जीता था तो हर कोई जानता था कि वो कैसा विकेट था।''

रोहित ने कहा कि भारतीय टीम ने सभी परिस्थितियों से निकलने का तरीका ढूंढ लिया है जो पहले तीन टेस्ट में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''पिछले तीन टेस्ट में, अलग अलग तरह की चुनौतियां थीं। पहले टेस्ट में हैदराबाद में गेंद स्पिन कर रही थी और पिच धीमी थी। विशाखापत्तनम में गेंद नीची रह रही थी। जैसे मैच आगे बढ़ा विकेट धीमा हो गया। यहां पहले दिन यह अच्छी रही। '' रोहित ने कहा, ''आज हमने देखा कि गेंद टर्न ले रही थी और यह धीमी थी। यह पिचों की प्रकृति में होता है, हमें भारत में इस तरह की पिचें मिलती हैं। लेकिन अगर हमें 'रैंक टर्नर' मिलती हैं तो हम उन पर भी खेलेंगे।''


पहली पारी में शतक जड़ने वाले और 41 रन देकर पांच विकेट झटकने वाला स्पैल डालने वाले रविंद्र जडेजा (112 रन) के बारे में रोहित ने कहा, ''हमने देखा है कि वह परिस्थितियों को बखूबी समझता है। यहां यह उसका गृहनगर है तो वह हालात को बेहतर ढंग से समझता था। पिछले कुछ वर्षों में उसने भारत में और विदेश में हमारे लिए कुछ महत्वपूर्ण रन जुटाये हैं। वह वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है और उसके बल्लेबाजी में आत्मविश्वास को देखते हुए हमने उसे पहली पारी में ऊपरी क्रम में भी भेजा था।''

सरफराज खान के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि उसने घरेलू क्रिकेट में काफी




अनुभव हासिल किया है जिससे टीम प्रबंधन को उससे उसके पदार्पण से पहले किसी भी तरह की योजना की चर्चा करने की जरूरत नहीं पड़ी। रोहित ने कहा, ''मैंने सरफराज को बल्लेबाजी करते हुए उतना नहीं देखा है। लेकिन उसने मुंबई के लिए मुश्किल परिस्थितियों में रन जुटाये हैं। वह रनों का भूखा है और पिछले चार-पांच वर्षों में वह घरेलू क्रिकेट में लगातार रन जुटा रहा है इसलिये वह अच्छा ही कर रहा है।

# बजरंग , विनेश और साक्षी को ओलंपिक क्वालीफयर के लिए बुलाया जाएगा : संजय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख संजय सिंह ने कहा है कि महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भी अवसर दिया जाएगा। संजय ने कहा कि इन्हें किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि वह इन तीनों की दिग्गजों को स्वयं आमंत्रण देंगे। इससे पहले विश्व कुश्ती की शीर्ष संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया गया अस्थाई निलंबन हटाते हुए शर्त रखी थी कि किसी भी प्रदर्शनकारी पहलवान के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिये। साथ ही कहा थ कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो निलंबन फिर शुरु हो जाएगा।

इससे पहले बजरंग , विनेश और साक्षी ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोप लगाते हुए आंदोलन किया था। इसके बाद चुनावों में इन पहलवानों ने ब्रजभूषण के करीबी संजय का विरोध किया था। इन पहलवानों का कहना था कि संजय बृजभूषण के करीबी हैं और उनसे महिला पहलवानों के लिए आगे भी खतरा बना रहेगा।

वहीं कुश्ती महासंघ प्रमुख संजय के अनुसार वह कुश्ती को आगे ले जाने की योजनाओं पर काम कर रहे हैं। अब हम शीघ्र ही महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए ट्रायल्स रखेंगे क्योंकि वहां अच्छा बुनियादी ढांचा है। उसमें बजरंग, विनेश और साक्षी को भी उतरने को कहा जाएगा क्योंकि हम पदक विजेता खिलाड़ियों को ओलंपिक में भेजना चाहते हैं।

वहीं इससे पहले इन पहलवानों ने कहा था कि संजय ने गलत तथ्य रखकर निलंबन समाप्त कराय है। साथ ही कहा कि न्याय नहीं मिलने पर वे दोबारा आंदोलन शुरु करेंगे। साथ ही कहा कि संजय की अध्यक्षता वाला महासंघ को स्वीकार नहीं करते हैं। इस मामले में इन पहलवानों न विश्वकुश्ती संध से भी सहायता मांगी थी। वहीं संजय का कहन है कि मैं साक्षी से उनके संन्यास के फैसले पर दोबारा विचार के लिए और ओलंपिक पदक जीतने के लिए एक और प्रयास करने के लिए भी कहूंगा।

# मैंने जितने छक्के टेस्ट करियर में लगाये उससे ज्यादा यशस्वी ने एक पारी में लगा दिये : कुक

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलियेस्टर कुक ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा की है। कुक ने कहा कि मैंने अपने पूरे टेस्ट करियर में उतने छक्के नहीं लगाये जितने यशस्वी ने एक ही पारी में लगा दिये। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गये तीसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था। अपनी 214 रनों की पारी में उन्होंने 12 छक्के लगाये जबकि रुट ने अपने करियर में 12000 से ज्यादा रन बनाने के दौरान केवल 11 छक्के लगाये थे। यशस्वी के दोहरे शतक के कारण ही भारतीय टीम एक बड़ा स्कोर बनाकर टेस्ट जीतने में सफल रही थी। यशस्वी ने 2वां छक्का लगाते ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम के भी एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। अब अकरम और यश्स्वी ही वो बल्लेबाज हैं जिन्होंने टेस्ट की एक पारी में 12 छक्के लगाये हैं।



कुक ने कहा, यशस्वी जायसवाल ने एक दिन में ही इतने छक्के मार दिए। जितने मैंने पूरे करियर में नहीं लगाए। कुक आज तक अपने टेस्ट करियर में 11 छक्के ही लगा सके हैं। कुक इंग्लैंड के सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक थे। इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड भी कुक के नाम है। उन्होंने साल 2006 से 2018 के बीच 161 टेस्ट मुकाबले खेले थे। इस बीच उन्होंने 291 पारियों में 45.35 की औसत से 12472 रन बनाये थे। टेस्ट में उनके नाम कुल 33 शतक और 57 अर्धशतक हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 294 रन हैं। इसके अलावा 92 एकदिवसीय मैचों में कुक के नाम 3204 रन हैं। उनका अधिकतम स्कोर 137 रनों का रहा है।

# डब्ल्यूटीसी रैंकिंग: राजकोट में बेहतरीन जीत के साथ भारत दूसरे नंबर पर काबिज, इंग्लैंड 8वें नंबर पर

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने राजकोट टेस्ट में रिकॉर्ड 434 रन की जीत के साथ डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल बल्ले से स्टार रहे, उन्होंने दोहरा शतक जड़ा जबकि रविंद्र जडेजा की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली।

जडेजा ने शतक के सात पांच बल्लेबाजों के विकेट झटके। 556 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ही आउट हो गई। जीत के साथ, भारत ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं अब भारतीय टीम 59.52 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज हो गई है जबकि इंग्लैंड 21.87 अंकों के साथ आठवें नंबर पर है। फिलहाल 75 अंकों के साथ पहले नंबर पर न्यूजीलैंड टीम है।

इसके अलावा, भारत ने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में ऑस्ट्रेलियाई टीम को पछाड़ा है। जिसके बाद कंगारू टीम 10 मैच में से 6 जीत कर 66 अंक के साथ एक स्थान खिसकर तीसरे नंबर पर चली गई है। भारत ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराया। राजकोट में खेले गए इस मैच में भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए। जिसके जवाब में इंग्लैंड टीम पहली पारी में 319 रन ही बना पाई। पहली पारी के आधार पर भारत को 126 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भारत ने 4 विकेट के नुकसान पर 430 रन पर पारी घोषित कर दी। इस तरह इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य मिला, जिसका पीछा करते हुए इंग्लिश टीम 122 रन पर ढेर हो गई और सीरीज का तीसरा टेस्ट भारत के नाम रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा।




## यशस्वी के हाथों हुई पिटाई को कभी भूल नहीं पायेंगे एंडरसन

राजकोट । भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट की दूसरी पारी में जिस प्रकार आक्रामक बल्लेबाजी की उससे पता चलता है कि वह कितने निडर क्रिकेटर हैं। यशस्वी ने इस मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजी को धवस्त कर दिया था। विशेष रुप से उन्होंने मेहमान टीम के अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जमकर पिटाई की जो वह कभी नहीं भूल पायेंगे। एंडरसन के दो शतक से लंबे करियर में किसी बल्लेबाज ने उनकी गेंदबाजी को इस प्रकार नहीं पीटा था।

# हार से उबरकर सीरीज 3–2 से जीतने का लक्ष्य बनाएंगे : स्टोक्स

राजकोट । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उनकी टीम भारत से तीसरे टेस्ट में मिली बड़ी हार से उबरकर सीरीज में वापसी करने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स के अनुसार अब उनकी टीम बचे हुए दोनो मैच जीतकर 3–2 से सीरीज अपने नाम करने का प्रयास करेगी। इस सीरीज में इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट में जीत दर्ज की थी पर इसके बाद उसे बचे हुए दोनो ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, ' इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो पर व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, 'मैंने तय किया है कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही सीमित रहेगी और मैदान पर नहीं दिखेगीहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं यही सोच रहा हूं कि इस सीरीज को 3–2 से जीतें।

# इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह! रांची में खेला जाएगा मुकाबला




मुम्बई । राजकोट टेस्ट में बेहतरीन जीत के बाद अब भारतीय टीम रांची में सीरीज सील करने उतरेगी। वहीं 23 फरवरी से रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट खेला जाएगा। लेकिन इस मैच से पहले कहा जा रहा है कि, भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट मैच से आराम दिया जा सकता है। क्रिकबज कि रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मंगलवार को राजकोट से रांची के लिए रवाना होगी। लेकिन बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है और वह राजकोट से अहमदाबाद लौट जाएंगे। जसप्रीत बुमराह को आराम देने का फैसला भारतीय टीम के वर्कलोड मैनेजमेंट का हिस्सा है। बुमराह ने मौजूदा टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 17 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 80.5 ओवर की गेदंबाजी की है, ऐसे में टीम मैनेजमेंट उन्हें रेस्ट देना चाहता है। विशाखापट्टनम टेस्ट कि लिए सिराज को भी इसी तरह आराम दिया गया था। जिसके बाद सवाल ये है कि बुमराह की जगह टीम में किसे जगह मिलेगी। जसप्रीत बुमराह धर्मशाला में होने वाली सीरीज के पांचवां और अतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं ये बाद में तय होगा। ये 23 फरवरी से शुरू होने वाले रांची टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा।

# घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं करें, राष्ट्रीय टीम में जगह के लिए ये अनिवार्य : जय शाह

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को भी अब राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए पहले घरेलू क्रिकेट में अपने को साबित करना होगा। शाह ने कहा कि बोर्ड इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सफलता से उत्साहित है और उसे इसपर गर्व है पर खिलाड़ी आईपीएल के नाम पर घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं कर सकते। उन्होंने खिलाड़ियों के आईपीएल को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति को चिंताजनक बताया है।

उन्होंने लिखा, 'कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है पर यह एक गलत प्रवृत्ति है। हमने आईपीएल के कारण इस तरह की चीजों की उम्मीद नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा ही टीम चयन का आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट स्थापित है। हमने कभी भी इस टूर्नामेंट को कम महत्व देने का प्रयास नहीं किया है। उन्होंने कहा, 'इस बात को समझना बहुत ही आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ के समान है। यह लगातार कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा रुख शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में अपने को साबित करना होगा। घरेलू टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के द्वारा किए गए प्रदर्शन को चयन प्रक्रिया में काफी महत्व दिया जाता है। अगर कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेता है तो इसके गंभीर प्रभाव होंगे। माना जा रहा है कि हाल में जिस प्रकार कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट खेलने से इंकार कर दिया था। उसी को देखते हुए जय शाह ने ये बात कही है।



# भारतीय टीम तीसरी बार चार देशों के महिला कप में उतरेगी

नई दिल्ली । 21 से 27 फरवरी तक तुर्की के अलान्या में होने वाले चार देशों के महिला फुटबाल कप 2024 में तीसरी बार खेलेगी। भारतीय महिला फुटबाल 2द्वटीम तीसरी बार इस महिला कप में खेलेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2019 और 2021 में इस टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के लिए 23 सदस्यीय सीनियर भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गयी है। भारतीय टीम का पहला मुकाबला भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में 21 फरवरी को एस्तोनिया से होगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारतीय टीम इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से खेलेगी। अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम विजेता बनेगी।




**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर – श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरांगथेम

डिफेंडर– आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम।

मिडफील्डर – अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन।

फॉरवर्ड – ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी ज़ाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति।

मुख्य कोच – लैंगम चाओबा देवी।

# हेनरी और सीफर्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में नजर नहीं आयेंगे

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 सीरीज में नजर नहीं आयेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने इस सीरीज के लिए हेनरी और सीफर्ट को जगह नहीं देते हुए नये खिलाड़ियों बेन सीयर्स और विल यंग को टीम में शामिल किया है।

हेनरी को फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह नहीं दी गयी है। मिल्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्हें दूसरे टेस्ट के बाद कूल्हे में कुछ दर्द हुआ था। इसके बाद हेनरी ने आराम मांगा था। बोर्ड के अनुसार हेनरी का बाहर होना निराशाजक है पर उन्हें इसलिए इसलिए शामिल नहीं किया गया है ताकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने पर्याप्त समय मिल सके। साथ ही कहा कि सीफर्ट को इस सप्ताह की शुरुआत में ही उनकी घरेलू टीम नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है। वहीं मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि ये दोनों खिलाड़ी इस साल के अंत में होने वाली श्रृंखलाओं के लिए फिट हो जाएंगे। स्टीड ने कहा कि सियर्स और यंग को इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि ये दोनो ही पहले हेनरी और सेफर्ट की जगह पर खेले थे। बेन ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने को सबित किया था। वहीं विल ने पिछले कुछ समय से सभी प्रारूपों में नियमित रुप से बेहतर प्रदर्शन किया है। घरेलू क्रिकेट सुपर स्मैश में सेंट्रल स्टैग्स की ओर से उन्हें काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।




# अश्विन की पत्नी प्रीति ने भावुक पोस्ट साझा की , कहा मुझे आप पर गर्व है

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम की तीसरे टेस्ट में जीत के बाद अनुभवी स्पिनर आर अश्विन की पत्नी प्रीति नारायणन ने भावुक पोस्ट की है। अश्विन मेडिकल इमरजैंसी के कारण तीसरे टेस्ट के बीच में ही स्वदेश भी लौटे थे हालांकि वह चौथे दिन वापस टीम से जुड़ गये थे। वापसी पर उन्होंने टॉम हार्टली को पेवेलियन भेजा। अब भारतीय टीम की जीत के बाद उनकी पत्नी प्रीति ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा की है। प्रीति ने अश्विन के 500वें और 501वें विकेट के बीच के समय को अपने जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे बताया। उन्होंने लिखा, हमने हैदराबाद तक 500 का पीछा किया पर ऐसा नहीं हुआ। फिर विशाखापत्तनम में भी ऐसा नहीं हुआ। तो मैंने बस काफी मिठाइयां खरीदीं और घर पर सभी को 499 होने पर दीं। 500 आया और चुपचाप चला गया। 500 और 501 के बीच बहुत कुछ हुआ। हमारे जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे रहे पर यह 500 के बारे में है। और उससे पहले के 499 के बारे में ही। क्या गजब की उपलब्धि है। शानदार इंसान। अश्विन, मुझे आप पर बेहद गर्व है और हम आपसे प्यार करते हैं। गौरतब है कि अश्विन टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले दुनिया के 9वें गेंदबाज हैं। भारत के लिए उनके पहले सिर्फ अनिल कुंबले ही 500 विकेट तक पहुंच पाए थे।

# हुसैन और वॉन ने इंग्लैंड की हार के लिए आक्रामक रणनीति को जिम्मेदार बताया

## –रुट के शॉट पर भी सवाल उठाये

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दो पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वॉन ने भारतीय टीम के हाथों तीसरे टेस्ट मैच में भी टीम को मिली करारी हार के लिए टीम की अति आक्रामक रणनीति को जिम्मेदार बताया है। इन दोनो का मानना है कि उनकी टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच के हालातों के अनुसार खेलना चाहिये था। भारतीय टीम ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी 434 रनों की जीत दर्ज की थी।

इस मैच में भारत से मिले 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम केवल 122 रन ही बना पायी। इस को लेकर वॉन ने कहा, 'यह बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति की कमी को दिखा दिया है। वे हर अवसर पर आक्रामक रुख नहीं अपना सकते, उन्हें अपने क्षणों को चुनना होगा। हुसैन ने भी इस मामले में वॉन की बात का समर्थन किया।

हुसैन ने कहा, 'आक्रामक रणनीति के साथ ही दबाव का सामना करना भी आना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और सरफराज खान ने राजकोट में अच्छी पारियां खेली हैं। इन सभी ने शुरुआत से ही शॉट लगाने की जगह पर पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा, 'उन्हें यह देखना चाहिये कि तीसरे दिन यशस्वी और शुभमन गिल ने किस प्रकार से खेला। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक रुख कर खेला और फिर उन्होंने तेजी से रन बनाना शुरु कर दिया। बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया।

उन्होंने कहा, 'टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से ही इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। हमारी टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को लाभ मिला। वॉन ने कहा, 'निश्चित रूप से इतनी करारी हार स्टोक्स और टीम के लिए एक चेतावनी है। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड का मानना है कि सब कुछ सकारात्मक है पर उन्हें बेहतर बल्लेबाजी कैसे करें इस पर ध्यान देना होगा।

वहीं खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज जो रूट तीसरे टेस्ट में अपने आउट होने के अजीब तरीके को लेकर आलोचना का केन्द्र बने हैं। रुट ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्कूप लगाने का प्रयास किया था। वॉन ने कहा, 'जिस तरह से इंग्लैंड ने इस खेला उससे ही उन्होंने भारतीय टीम को जीत दे दी। जिस तरह से उन्होंने तीसरे दिन बल्लेबाजी की उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता, रुट के शॉट पर हमें भरेसा नहीं हुआ। वहीं पूर्व कप्तान कप्तान एलिस्टेयर कुक ने रूट के शॉट के समय पर सवाल उठाए क्योंकि तब इंग्लैंड टीम 221 रनों से पीछे थी।




# सचिन ने यशस्वी और सरफराज की प्रशंसा की

नई दिल्ली । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में आक्रामक बल्लेबाजी कर दोहरा शतक लगाने वाले युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर सराहना की है। यशस्वी ने अपनी इस पारी में 12 छक्के लगाकर एक अहम उपलब्धि भी हासिल की है। तेंदुलर ने इसके अलावा मैच की दोनो ही पारियों में अर्धशतक लगाने वाले सरफराज खान की भी तारीफ की है। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, दोहरा शतक और अर्धशतक यशस्वी और सरफराज की ये जोड़ी इंग्लैंड के लिए दोहरी मुसीबत बन गयीं। मैं हालांकि उन्हें बल्लेबाजी करते देख नहीं सका पर उनके बारे में सुनकर मुझे काफी अच्छा लगा। बहुत बढ़िया।



# महिलाओं को सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया: एमी


## -सख्त पुलिस अफसर का किरदार निभा रही एक्ट्रेस

अभिनेत्री एमी जैक्सन ने कहा कि एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्हें सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया है। अपकमिंग फिल्म क्रैक में एमी जैक्सन सख्त पुलिस अफसर का किरदार निभा रही हैं। एमी ने बताया, एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है।

यह देखना प्रेरणादायक है कि अब एक्ट्रेस केवल ग्लैमर तक सीमित रहने के बजाय मजबूत, प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रही हैं। 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि महिलाएं पर्दे पर पुरुष अभिनेताओं के बराबर प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, सभी उम्र की महिलाएं स्क्रीन पर प्रतिनिधित्व महसूस करना चाहती हैं और एक एक्ट्रेस को भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं, क्योंकि सिनेमा में समानता के लिए आकर्षक होना महत्वपूर्ण है।

आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म में एमी अपने को-स्टार्स विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही के साथ स्टंट करती नजर आएंगी। जोखिम को देखते हुए एक एक्टर के लिए किसी भूमिका में कितना निवेश करना बहुत अधिक है? इस पर उन्होंने कहा, किसी भूमिका में स्पोर्ट्स और स्टंट के संतुलन को बनाए रखना जरूरी है। सुरक्षा को प्राथमिकता देना और सीमाओं का ध्यान रखना जरूरी है। एमी के लिए विद्युत के साथ काम करना एक सुरक्षित अनुभव था।

उन्होंने कहा, ऐसे उस्ताद के साथ काम करना न केवल सुरक्षित लगता है बल्कि मुझे एक अभूतपूर्व कोरियोग्राफर के मार्गदर्शन में रोमांच में डुबो देता है। विद्युत जामवाल जैसे अनुभवी एक्टर के साथ सहयोग करना पूरे अनुभव को बेहतर बनाता है। एक्शन कोरियोग्राफी को अंजाम देने में उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता न केवल निर्देशक और कहानी में विश्वास पैदा करती है, बल्कि अभिनेताओं को अपने स्टंट खुद अपनाने के लिए भी सशक्त बनाती है।




# सिंघम अगेन और डॉन-3 में अभिनय करेंगे रणवीर सिंह

बालीवुड एक्टर रणवीर सिंह के हाथ में अभी दो बड़ी फिल्में—सिंघम अगेन और डॉन-3 हैं। सिंघम अगेन की शूटिंग जारी है और डॉन-3 का अभी कोई अता-पता नहीं है। हालांकि फरहान ने इसकी घोषणा एक टीजर के जरिये की थी। अब इसी बीच खबर आ रही है कि रणवीर को एक और दिलचस्प किरदार निभाने का मौका मिला है। इस फिल्म में रणवीर शक्तिमान बनने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म को बेसिल जोसेफ डायरेक्ट कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि शक्तिमान पिछले 3 साल से राइटिंग स्टेज पर थी और अब फाइनली स्क्रिप्ट क्रैक कर ली गई है। इस फिल्म को सोनी पिक्चर्स इंडिया और साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करेंगे। बता दें कि कुछ समय पहले मुकेश ने बताया था कि फिल्म को लेकर कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया है। फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर बनाया जाएगा। यह बहुत बड़े लेवल की फिल्म है। फिल्म 200-300 करोड़ रुपये में बनेगी। लेकिन इसमें देरी हो रही है। ज्ञातव्य है कि शक्तिमान 1997 में दूरदर्शन पर आता था और यह शो मार्च 2005 तक आया था। मुकेश ने ना सिर्फ इसमें शक्तिमान का किरदार निभाया बल्कि इसे प्रोड्यूस भी किया था। शो में मुकेश ने शक्तिमान के अलावा पंडित गंगाधर का किरदार भी निभाया था। यह सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो में से एक था और आज तक दर्शकों के दिल में यह शो बसा हुआ है। बता दें कि अपने एक दशक से ज्यादा के समय में रणवीर सिंह ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक किरदार निभाए हैं।

# मौनी ब्लैक कलर साटन ड्रेस में ढा रही कहर


हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। लुक की बात करें तो मौनी ब्लैक कलर साटन ड्रेस में कहर ढा रही हैं। मौनी कातिलाना अंदाज में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं। एक्ट्रेस की ये अदाएं फैंस को मदहोश कर रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो मौनी जल्द ही इमरान हाशमी के साथ वेब सीरीज शोटाइम में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ नसीरुरुद्दीन शाह भी हैं। इस सीरीज में फिल्मी दुनिया के पर्दे के पीछे छिपे काले रहस्यों का पर्दाफाश होनेवाला है। बता दें कि एक्ट्रेस मौनी रॉय फिल्मों से ज्यादा अपनी ड्रेसिंग सेंस और स्टाइलिश अंदाज की वजह चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस की अदाओं पर फिदा लोग उनकी एक झलक देखने के लिए बेताब रहते हैं। मौनी भी अपने फैंस के साथ जुड़ने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देतीं।



# आयशा टाकिया की प्लास्टिक सर्जरी पर सवाल उठाने वालों को मिला जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस आयशा टाकिया एक वक्त पर इंडस्ट्री की क्रश हुआ करती थीं। फिर धीरे-धीरे वो गायब हो गईं और फैंस का दिल टूट गया। लेकिन 16 फरवरी को जब आयशा लंबे वक्त के बाद दिखीं, तो लोगों ने उन्हें खूब ट्रोल किया। हालांकि, एक्ट्रेस ने इसका करारा जवाब दिया है। आयशा टाकिया एक वत पर बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक थीं और उनके चाहनेवालों की कमी नहीं थी। एक्ट्रेस काफी समय सोशल मीडिया से गायब हैं और वो कम ही देखी जाती हैं लेकिन हाल ही में आयशा की झलक एयरपोर्ट पर मिली, जब वो अपने बेटे मिकाइल के साथ दिखीं। सुर्खियों से काफी दूर रहने के बाद आयशा टाकिया शुक्रवार को दिखाई दीं। उनके साथ उनका बेटा मिकाइल और एक दोस्त भी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां उन्होंने तस्वीरें खिंचवाईं। हालांकि, नेटिज़न्स ने आयशा को बेरहमी से ट्रोल किया, जहां कई लोगों ने बताया कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी के बाद अपना चेहरा बर्बाद कर लिया।





# फिल्म पेट्टा में काम करने पर नवाज को पछतावा है

फिल्म पेट्टा में रजनीकांत के साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आए थे। ये नवाज के करियर की पहली तमिल फिल्म थी। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें फीस लेने का आज तक पछतावा है। दरअसल, शूटिंग के वक्त उन्हें सिर्फ लिप-सिंक करना था। नवाज का मानना है कि उन्होंने ऐसे काम के लिए बेवजह फीस ली है, जिसमें उन्हें पता ही नहीं था कि वो क्या कर रहे हैं।

## पेट्टा में लिप-सिंक के अलावा कुछ नहीं किया

इंटरव्यू में नवाज ने रजनीकांत के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा- जब मैंने रजनी सर के साथ पेट्टा किया, तो फिल्म की शूटिंग खत्म करने के बाद मुझे शर्मिंदगी हुई। मुझे लगा कि मैं एक ऐसी चीज के लिए पैसे ले रहा हूं जिसमें मुझे पता नहीं था कि मैं क्या कर रहा हूं। मैंने सोचा कि मैंने उन्हें बेवकूफ बना दिया है क्योंकि मैं वहां लिप-सिंक के अलावा कुछ नहीं कर रहा था। मुझे वहां बहुत सी चीजें समझ भी नहीं आईं।

## लगा कि मैंने मेकर्स को धोखा दिया है- नवाज

उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत सारे शब्दों को समझ नहीं पा रहा था लेकिन फिर भी शूटिंग कर रहा था। इसके बाद भी अगर तारीफ होती है, तो मुंह छुपाने का मन करता है। फिर जब ऐसे काम के लिए पैसे मिलते है, तो हम सोचने पर मजबूर हो जाते थे कि क्या हम फिल्ममेकर्स के साथ धोखा तो नहीं कर रहे हैं। यहां मुझे उस चीज के लिए पैसे और तारीफ मिल रही थी, जिसमें मैं परफेक्ट नहीं था। मैं शूटिंग के दौरान बहुत कुछ समझ नहीं पा रहा था। इस लिए मुझे बहुत शर्मिंदगी हुई। इस कारण जनवरी में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म सैंधव में मैंने सबकुछ खुद से किया। डायलॉग्स की डबिंग भी खुद से की। हर एक डायलॉग का अर्थ भी समझा। ऐसे करके मैंने पुरानी गलती कुछ हद तक सुधार ली।




# पुष्पा: द रूल के नाम से पेश किया जाएगा फिल्म का अगला भाग

साल 2024 में दक्षिण भारतीय के साथ-साथ कई हिन्दी फिल्मों का दर्शकों को इंतजार है। इनमें वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई पुष्पा का अगला भाग है, जिसे पुष्पा: द रूल के नाम से पेश किया जाएगा। अब साउथ इंडियन स्टार अल्लू अर्जुन ने पुष्पा फ्रेंचाइजी के विस्तार की योजना के बारे में बात की, जो पहली बार 2021 में रिलीज हुई थी। पुष्पा 2: द रूल के बारे में बात करते हुए, अर्जुन ने कहा: आप निश्चित रूप से तीसरे पार्ट का इंतजार कर सकते हैं, हम इसे एक फ्रेंचाइजी बनाना चाहते हैं और हमारे पास लाइनअप के लिए एक्साइटिंग आइडियाज हैं। एक्टर ने कहा, पुष्पा फ्रेंचाइजी की एक रील को इंटरनेशनल ऑडियंस के लिए एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए बर्लिन यूरोपीय फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जा रहा है।

पुष्पा: द राइज- पार्ट 1 की फैन स्क्रीनिंग भी होगी। अर्जुन पहली बार किसी फिल्म महोत्सव में शामिल होंगे। अर्जुन ने कहा, मैं बस यह देखना चाहता हूं कि विदेशों में लोग इस फिल्म को कैसे देखते हैं। यह समझने की कोशिश करना चाहता हूं कि वे भारतीय सिनेमा को कैसे देखते हैं, बस यह समझना चाहता हूं कि फिल्म महोत्सव कैसे होते हैं और किस तरह की फिल्में देखी जाती हैं। वहां आने वाले लोगों की मानसिकता क्या है। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2: द रूल फिल्म में पुष्पा राज (अर्जुन) की कहानी है, जो एक मजदूर है। वह लाल चंदन की तस्करी करने वाले सिंडिकेट में शामिल होता है और एक अहंकारी पुलिस अधिकारी का सामना करता है।

भारत में घरेलू और अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रवासी बाजारों में हिट होने के बाद, पुष्पा: द राइज पार्ट 1 को एक नया जीवन मिला जब इसकी स्ट्रीमिंग प्राइम वीडियो पर शुरू हुई। अर्जुन ने कहा, पुष्पा की थियेट्रिकल पहुंच से ज्यादा ओटीटी (स्ट्रीमिंग) की पहुंच कई गुना है। थिएटर में रिलीज के दौरान बहुत से लोगों ने शायद इसे केवल एक या दो बार ही देखा होगा। लेकिन, अमेजन जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होने के बाद लोग इसे कई बार देख चुके हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म के कारण, यहां अन्य भाषाओं, अन्य क्षेत्रों और पड़ोसी देशों के बहुत सारे क्रॉसओवर ऑडियंस हैं। अर्जुन ने कहा, जिस तरह से शहरी भारतीयों ने फिल्म देखी है और जिस तरह से विदेशी लोगों ने फिल्म देखी है, उसमें मुझे कोई खास अंतर नहीं लगा। मुझे लगता है कि शहरी भारतीय वैश्विक दर्शकों के समान हैं।



# चार फिल्म की सौगात देने वाले हैं अक्षय कुमार

बालीवुड एकटर अक्षय कुमार के पास हमेशा फिल्मों की लाइन लगी रहती है और वे इस साल भी 4 फिल्म की सौगात देने वाले हैं। अक्षय को बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' का टैग मिला हुआ है। इसका कारण है साल 1992 में आई उनकी फिल्म खिलाड़ी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। इसमें अक्षय का अंदाज लोगों को बेहद पसंद आया। इसके बाद अक्षय ने टाइटल में 'खिलाड़ी' के नाम वाली कुछ और फिल्में कीं, जो सभी दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल रहीं। बहरहाल हम उनकी 'खिलाड़ी' फिल्म को इसलिए याद कर रहे हैं क्योंकि वे इस पिक्चर के लिए कभी भी पहली पसंद नहीं थे। दरअसल ये रोल सुपरस्टार सलमान खान के भाई अरबाज खान को ऑफर हुआ था। हाल ही में अरबाज ने 'इंडियन एक्सप्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया। अरबाज के पास उस वक्त कई फिल्में थीं। उन्होंने किसी और डायरेक्टर के साथ पिक्चर साइन कर ली थी। उन्होंने अब्बास-मस्तान की 'खिलाड़ी' साइन करने से मना कर दिया था। खास बात ये है कि 'खिलाड़ी' ने जहां बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया, तो वहीं अरबाज की मूवी बनी ही नहीं। अरबाज ने कहा कि 'खिलाड़ी' को दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला। ये पिक्चर बड़ी हिट साबित हुई। इससे अक्षय बड़े स्टार बन गए। हालांकि बाद में अरबाज ने अब्बास-मस्तान की ही 1996 में आई फिल्म 'दरार' के साथ बॉलीवुड में एंट्री की थी। इस सस्पेंस थ्रिलर में ऋषि कपूर और जूही चावला भी थे। दरार के लिए अरबाज को फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था। अरबाज ने कहा कि मुझे फिल्म के साइनिंग अमाउंट के लिए 1 लाख रुपए मिले थे। यह एक ब्रेक की तरह था और पैसा वास्तव में मायने नहीं रखता था। यह सिर्फ एक टोकन अमाउंट की तरह ही था। उस समय यह कोई मायने नहीं रखता था क्योंकि उस फिल्म से मेरा डेब्यू हो रहा था। पैसों से ज्यादा मुझे इस फिल्म में अपने काम के लिए मिली तारीफ से मतलब था। जूही और ऋषि जैसे पॉपुलर एक्टर्स के साथ स्क्रीन शेयर करना बहुत अच्छा अनुभव था। एक न्यूकमर के तौर पर ऐसे स्टार्स के साथ परफॉर्म करना और अपनी खुद की पकड़ बनाए रखना आसान नहीं था लेकिन सौभाग्य से डायरेक्टर, एक्टर्स की मदद से मैंने फिल्म में अच्छा काम किया था। बता दें कि अक्षय कुमार आज फिल्म इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय और बिजी कलाकारों में से एक हैं। फैंस को अक्षय की फिल्मों के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ता।